विकास खण्डवार निर्मित सड़कों की सूची एवं सम्बन्धित निर्माणकर्ता एजेन्सी/ठेकेदार के विवरण के पृष्ठों की संख्या अत्यधिक होने के कारण उक्त की 05 प्रतियां मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ग्राम्य विकास विभाग के कार्यालय में रख दी गयी हैं।

जी नहीं। निर्माण के उपरान्त सड़कों पर यातायात के आवागमन के फलस्वरूप तथा प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न होने वाली छोटी मोटी कमियों को अनुरक्षण के दौरान ठीक करा दिया जाता है। वर्तमान में उपर्युक्त अवधि में निर्मित समस्त सड़कें पांच वर्षीय अनुरक्षण के अन्तर्गत हैं और आवश्यकतानुसार इन सड़कों का अनुरक्षण कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बरेली में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के अन्तर्गत कार्य शुरू कराये जाने की मांग

05-डा0 अरुण कुमार-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बरेली में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रोजेक्ट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति प्राप्त हो जाने तथा मुकदमे समाप्त हो जाने के बावजूद अभी तक शुरू नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रोजेक्ट को शुरू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

बरेली में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के अन्तर्गत प्लान्ट के संचालन हेतु उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राधिकार-पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मेरठ में सड़कों कि किनारे खुली दुकानों में मुर्गे काट कर गन्दगी फैलाने की रोकथाम की मांग

06-श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम मेरठ के अन्तर्गत सम्पूर्ण शहर में रिक्शा-ठेलों पर गली-गली एवं सड़कों के किनारे खुली दुकानों में खुलेआम मुर्गे काटे जा रहे हैं जिसके कारण शहर में गन्दगी तथा बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है ? यदि हां, तो इसे रोकने के लिए सरकार कोई कदम उठायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

नगर निगम के संज्ञान में ऐसा कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है। यदि इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध नगर निगम द्वारा तत्काल नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। अतः गन्दगी के कारण बीमारी फैलने का कोई प्रश्न नहीं है।

ऐसा कोई प्रकरण नगर निगम के संज्ञान में नहीं आया है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता है।

जनपद बहराइच में ब्लाकवार लाभार्थियों को इन्दिरा आवास की दूसरी किश्त की निर्गत धनराशि

07-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच में ब्लाकवार कुल कितने ऐसे लाभार्थी हैं जिन्हें वर्ष 2010-11 तथा वर्ष 2011-12 में स्वीकृत इन्दिरा आवास की दूसरी किश्त न मिलने के कारण अपूर्ण हैं ? क्या सरकार अपूर्ण इन्दिरा आवासों को पूरा करने के लिए दूसरी किश्त जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द सिंह 'गोप'-

जनपद बहराइच में वर्ष 2010-11 तथा 2011-12 में स्वीकृत इन्दिरा आवासों में से एक भी आवास अपूर्ण नहीं है।

सरकार द्वारा इन्दिरा आवासों को पूर्ण कराने हेतु द्वितीय किश्त की धनराशि निर्गत की जा चुकी है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में पेयजल समस्या के निराकरण के उपाय

08-श्री संगीत सिंह सोम-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पेयजल समस्या के निदान हेतु लगाये जा रहे हैण्डपम्प मानक से कम गहराई पर लगाकर प्रति वर्ष रि-बोर के नाम पर कार्यदायी संस्था द्वारा लाखों की क्षति की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद मेरठ में रि-बोर हो रहे हैण्डपम्पों की गहराई एवं मानक की जांच कराकर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

जनपद मेरठ में सभी हैण्डपम्प मानक के अनुसार द्वितीय स्ट्रेटा पर अधिष्ठापित किये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में द्वितीय स्ट्रेटा 30 से 40 मीटर के मध्य है, इसलिए उक्त जनपद हेतु 35 मीटर गहराई का यूनिट स्टीमेट स्वीकृत है। जनपद मेरठ में विगत 06 वर्षों में कुल अधिष्ठापित हैण्डपम्पों के सापेक्ष मात्र 03 प्रतिशत हैण्डपम्प ही रि-बोर कराये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मेरठ में खराब पड़े हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने की मांग

09-श्री संगीत सिंह सोम-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मेरठ में वर्ष 2007 से अगस्त, 2012 तक कितने हैण्डपम्प अधिष्ठापित किये गये हैं और उनमें से कितने कार्य कर रहे हैं एवं कितने बन्द पड़े हैं ? क्या यह सही है कि बन्द पड़े सभी हैण्डपम्प मानक के अनुसार न लगाये जाने के कारण बन्द हो गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार वित्तीय अनियमितता की जांच कराकर कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद मेरठ में वर्ष 2007 से अगस्त, 2012 तक कुल 9498 नग इण्डिया मार्का-II हैण्डपम्प अधिष्ठापित किये गये हैं एवं उक्त अवधि में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिष्ठापित हैण्डपम्पों में स्थायी रूप से खराब होने की कोई सूचना नहीं है। माह अक्टूबर, 2012 तक अस्थायी रूप से 12 नग इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प खराब होने की सूचना प्राप्त हुई है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा के थाना खंदौली में तीन मासूम बच्चियों से दुराचार कर हत्या करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

10-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2011 में जनपद आगरा के थाना खंदौली में तीन मासूम बच्चियों मुस्कान, तराना एवं माना के साथ दुराचार करने के बाद हत्या कर दी गयी थी ? यदि हां, तो क्या एक वर्ष का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् अब तक अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

वर्ष 2011 में जनपद आगरा के थाना खंदौली जनपद आगरा में तीन बच्चियों मुस्कान, तराना एवं माना के अपहरण एवं हत्या की घटना घटित हुई है।

दिनांक 21-4-2011 को थाना खंदौली पर 9 वर्षीय कु0 मुस्कान के अज्ञात मोटर साइकिल सवारों द्वारा अपहरण कर ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-180/11 पंजीकृत कराया गया। इस अभियोग की विवेचना में अभियुक्त तन्नू पुत्र बन्ने निवासी सैमरा का नाम प्रकाश में आया जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया एवं उसके विरुद्ध दिनांक 30-6-2011 को आरोप-पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित कर दिया गया है। इसी प्रकार दिनांक 28-5-2011 को 5 वर्षीय कु0 तराना की अज्ञात मोटर साइकिल सवारों द्वारा अपहरण करने एवं गढ़ी नैनसुख गांव के जंगल में उसका शव मिलने पर मु0अ0सं0-216/11 पंजीकृत हुआ। विवेचना में अभियुक्तों का पता न लगने से अन्तिम रिपोर्ट को रोककर पुनः घटना के अनावरण हेतु वर्तमान विवेचक को निर्देश दिये गये हैं। दिनांक 6-10-2011 को कु0 माना 6 वर्षीय की हत्या के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-370/11 पंजीकृत किया गया। विवेचना में अभियुक्तों का पता न लगने से अन्तिम रिपोर्ट को रोककर पुनः घटना के अनावरण हेतु वर्तमान विवेचक को निर्देश दिये गये हैं। विवेचना सम्प्रति प्रचलित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर की कतिपय नगर पंचायतों में पेयजल की समस्या के निराकरण के उपाय

11-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर की नगर पंचायत अल्हागंज एवं जलालाबाद में पेयजल की समस्या के निदान हेतु खराब हैण्डपम्पों को रि-बोर कराने तथा नये हैण्डपम्पों (इन्डिया मार्का-II) को लगवाने की सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां। जिला योजना (नगरीय पेयजल) 2012-13 में जनपद के समस्त नगरीय क्षेत्रों में 175 रि-बोर तथा 100 नये हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन का प्रावधान किया गया है। इसके सापेक्ष नगर पंचायत, अल्हागंज में 18 रि-बोर एवं 05 नये तथा नगर पंचायत, जलालाबाद में 22 रि-बोर एवं 10 नये हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन का कार्य प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद के ग्राम पंचायतों में इण्डिया मार्का-II हैण्डपम्प स्थापित कराये जाने की मांग

12-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र 132, जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर में ब्लाकवार ग्राम पंचायतों में इण्डिया मार्का-II नल लगवाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 14-7-2012 जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता जल निगम, शाहजहांपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

प्राप्त सूची में उल्लिखित हैण्डपम्पों का स्थलीय निरीक्षण कराकर मानक के अनुरूप अधिष्ठापन योग्य पाये गये हैण्डपम्पों को चिन्हित कर लिया गया है तथा जिला प्रशासन से उक्त हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन हेतु अनुमोदन प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में आर्सेनिक रिमूवल प्लान्ट के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की कार्य योजना

13-श्री जय प्रकाश अंचल-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में आर्सेनिक पानी होने के कारण तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प एवं पानी की टंकी लगवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में विकास खण्ड बैरिया, मुरलीछपरा, बेलहरी (आंशिक) एवं रेवती (आंशिक) आते हैं। इस विधान सभा क्षेत्र की 143 बस्तियों के इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्पों में आर्सेनिक की मात्रा अनुमन्य सीमा (50 पी0पी0बी0) से अधिक पायी गयी है।

इन आर्सेनिक प्रभावित बस्तियों में पाइप पेयजल योजनाओं, अतिरिक्त गहरे हैण्डपम्पों एवं आर्सेनिक रिमूवल प्लाण्ट के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की कार्य योजना है।

विधान सभा क्षेत्र बैरिया के अन्तर्गत आर्सेनिक प्रभावित समस्त बस्तियों में दिनांक 31-3-2013 तक आर्सेनिक मुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों का पुनर्निर्माण कराये जाने की मांग

14-श्री संजय कपूर-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित मार्गों जिनकी मरम्मत के पांच वर्षों की गारण्टी की समयावधि समाप्त हो गयी है, अब

जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्गों का पुनर्निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के सम्बन्ध में भारत सरकार की गाइड लाइन्स के अनुसार योजनान्तर्गत निर्मित सड़कों के निर्माणोपरान्त 05 वर्ष तक उनके अनुरक्षण का दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का है तथा उसके लिये राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से धनराशि की व्यवस्था की जाती है। उक्त अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् योजनान्तर्गत निर्मित मार्गों को उनके रख-रखाव हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर दिया जाता है।

अगस्त, 2012 तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित किये गये तथा 05 वर्ष की अनुरक्षण अवधि पूर्ण हो चुके कुल 8001 मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित किये जा चुके हैं। 05 वर्ष से अधिक अवधि के क्षतिग्रस्त मार्गों का रख-रखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी विभागीय निधियों से कराये जाने की व्यवस्था है।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मार्गों के पुनर्निर्माण की व्यवस्था नहीं है। यदि 05 वर्ष की अवधि के पश्चात् कोई मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त है तो पेवमेन्ट कण्डीशन इन्डैक्स के आधार पर उसको उच्चीकरण हेतु योजनान्तर्गत प्रस्तावित किया जा सकता है, अन्यथा मार्गों का सामान्य रख-रखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी विभागीय निधियों से विहित प्रक्रियानुसार किया जाता है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के सम्बन्ध में भारत सरकार की गाइड लाइन्स के अनुसार मार्गों का पुनर्निर्माण कराया जाना संभव नहीं है।

जनपद अलीगढ़ के नगर निगम द्वारा कतिपय कार्यों की मरम्मत का कार्य पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा कराया जाना

15-श्री संगीत सिंह सोम-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2011-12 के लिए नगर निगम अलीगढ़ में फुटकर, रिपेयर/मरम्मत के कार्यों जैसे गढ्ढ़ा भरना, पुलिया की मरम्मत, मेनहोल ठीक करना तथा टूटी नाली ठीक कराने के टेण्डर स्वीकृत हो जाने के उपरान्त भी उस कार्य को न कराकर उसकी आड़ में नये कार्य कराये जा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं। नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा वर्ष 2011-12 में पुलियों की मरम्मत, टूटी नाली, सड़क आदि आवश्यक कार्यों को कराने हेतु समाचार-पत्रों के माध्यम से सूचना प्रकाशित कराकर पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर निर्माण कार्यों के आइटमों की दरें आमंत्रित की गयी थी। न्यूनतम दर पर नगर निगम द्वारा अतिआवश्यक नाली सड़क, पुलियों की मरम्मत के कार्य कराये गये हैं। अति आवश्यक प्रकृति के निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा-117(6)(बी0) के अन्तर्गत कराये जाते हैं। अन्य समस्त कार्य निविदा आमंत्रित करने के उपरान्त ही कराये जाते हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

नेशनल मिशन क्लीन गंगा कार्यक्रम अन्तर्गत रामगंगा नदी को प्रदूषण से बचाने की योजना

16-डा0 अरुण कुमार-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बरेली से गुजर रही रामगंगा नदी को प्रदूषण से बचाने हेतु इसमें गिर रहे सीवर के पानी एवं फैक्ट्रियों के नालों पर प्रतिबन्ध लगाकर प्रदूषण रहित बनाने हेतु सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लगाने पर सरकार विचार करेगी ? क्या सरकार नेशनल रिवर गंगा बेसिन एथॉरिटी अथवा यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 के सहयोग से इसे प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद लेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

जी हां, नेशनल गंगा रिवर बेसिन एथारिटी कार्यक्रम (नेशनल मिशन क्लीन गंगा 2020) के अन्तर्गत रामगंगा नदी को प्रदूषण से बचाने की योजना है।

नेशनल मिशन क्लीन गंगा के अन्तर्गत वर्ष 2020 तक गंगा नदी में बिना शोधित अवजल प्रवाहित नहीं किये जाने का लक्ष्य है।

प्रश्न नहीं उठता।

उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद से पी0सी0एस0 की परीक्षा उत्तीर्ण पर्वतीय संवर्ग के अभ्यर्थियों को समायोजित कराये जाने की मांग

17-श्री पंकज कुमार मलिक-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1999 में उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद से पी0सी0एस0 की परीक्षा उत्तीर्ण पर्वतीय संवर्ग के 83 अभ्यर्थियों में से उत्तरांचल राज्य का गठन होने के पश्चात् कितने अभ्यर्थियों को सेवायोजित कर लिया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि शेष अभ्यर्थियों को समायोजित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

सम्मिलित राज्य/अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 1999 के आधार पर पर्वतीय संवर्ग हेतु संस्तुत 11 अभ्यर्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा नियुक्ति प्रदान कर दी गयी है।

विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-3032-3040/2002 उत्तरांचल राज्य प्रति सिद्धार्थ श्रीवास्तव तथा अन्य तथा सम्बद्ध अन्य विशेष अनुज्ञा याचिकाओं में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 5-6-2003 को पारित निर्णय के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय उपसंवर्ग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य में नियुक्ति प्रदान न करने का निर्णय लेते हुए दिनांक 20-2-2004 को शासनादेश निर्गत किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपर्युक्तानुसार।

जनपद मेरठ के थाना सरूरपुर के ग्राम हर्रा में राहुल पुत्र जयपाल का धर्म परिवर्तन कराये जाने का कथित प्रकरण

18-सत्य प्रकाश अग्रवाल-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मेरठ जनपद के ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर में नाबालिक राहुल पुत्र जयपाल को एक विशेष समुदाय के व्यक्तियों ने बहला-फुसलाकर माह अप्रैल, 2012 में धर्म परिवर्तन करा दिया है ? क्या यह सही है कि प्रदेश में बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है ? यदि हां, तो इस प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा में उ0 प्र0 जल निगम द्वारा सीवर डालने हेतु खोदी गयी सड़कों का पुनः निर्माण कराये जाने की मांग

19-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा में उ0 प्र0 जल निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाये जाने के लिए जो सड़कें खोदी गई हैं, को सरकार पुनः बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

आगरा नगर में यमुना कार्य योजना-द्वितीय चरण, जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत आगरा ब्रांच एवं लेटरल परियोजना, राज्य सेक्टर के अन्तर्गत सदर्न जोन-II सीवरेज योजना तथा रेलवे ट्रैक के किनारे बसी मलिन बस्तियों में सीवर योजना के कार्य कराये गये। इनके अन्तर्गत सीवर लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य शत्-प्रतिशत कराया जा चुका है।

जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत आगरा सीवरेज योजना फेज-1, पार्ट-1, (सेन्ट्रल व ताजगंज जोन) के अन्तर्गत सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। सीवर लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों की पुनर्स्थापना के कार्य को मार्च, 2013 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा में बारिश से जल भराव से निपटने हेतु प्रभावी कार्य योजना

20-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा में बारिश के दिनों में होने वाले जल भराव से निपटने के लिए सरकार कोई प्रभावी कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

नगर निगम द्वारा धन की उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार कार्य योजना बनायी जाती है। वर्तमान में निम्न विवरण के अनुसार जल निकासी हेतु नाले बनाये जाने की योजना स्वीकृत की गयी है :-

कार्य का नाम

1-ताजगंज जोन में ग्वालियर रोड पर गोपालपुरा मोड़ से ग्रीन पेट्रोल पम्प तक नाला निर्माण कार्य।

2-ताजगंज जोन में ताल फिरोज से मधु नगर चौराहे तक भूमिगत नाले के निर्माण का कार्य।

उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित नालों का निर्माण/मरम्मत का कार्य प्रगति पर है :-

कार्य का नाम

1-रामनगर से केदार नगर होते हुए अलबतिया रोड तक कवर्ड नाले का निर्माण कार्य।

2-हरीपर्वत जोन-1 के अन्तर्गत मास्टर प्लान रोड पर मल्होत्रा नर्सिंग होम से आर0बी0एस0 चौराहे से होकर नागरथ नर्सिंग होम तक नाले का निर्माण कार्य।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद सीतापुर के मोहल्ला क्रिकेट तालाब में मान्यवर काशीराम जी दलित बाहुल्य बस्ती में समग्र विकास योजना के माध्यम से विकास कार्य कराये जाने की मांग

21-श्री रामहेत भारती-

क्या नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सीतापुर शहर के मोहल्ला क्रिकेट तालाब (अम्बेडकर नगर) में मान्यवर कांशीराम दलित बाहुल्य समग्र विकास योजना के माध्यम से कराये जा रहे विकास कार्य अवशेष एवं अधूरे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्यों को पूर्ण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

मान्यवर श्री काशीराम जी शहरी दलित बाहुल्य बस्ती समग्र विकास योजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्र में दलित बस्तियों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराया जाना था जिसमें कुल 21 कार्य प्रस्तावित किये गये थे। प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा किये जाने पर यह पाया गया कि अनुसूचित जाति हेतु एस0सी0एस0पी0 योजनान्तर्गत उक्त कार्यों को कराये जाने की व्यवस्था पूर्व में ही विद्यमान है। अतः इस योजना को समाप्त किये जाने से योजना में परिकल्पित कार्य प्रभावित नहीं होंगे, क्योंकि पूर्व से संचालित योजनाओं से उनकी पूर्ति हो जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उप निरीक्षक, थानाध्यक्षों के पदों की नियुक्ति पर आरक्षण व्यवस्था के अनुसार प्राविधान

22-श्री रामहेत भारती-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों के उप निरीक्षकों को थानाध्यक्ष (एस0ओ0) के पदों पर आरक्षण व्यवस्था के अनुसार नियुक्त किये जाने का प्राविधान है ? यदि हां, तो क्या जनपद सीतापुर में अनुसूचित जाति/जनजाति का आरक्षण कोटा पूर्ण है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

जी नहीं।

जनपद सीतापुर में आरक्षण व्यवस्था के अनुसार निर्धारित 06 थानाध्यक्षों के सापेक्ष 01 थानाध्यक्ष एवं 02 उप निरीक्षक थानाध्यक्ष समतुल्य एस0एस0आई0 के पद पर नियुक्त हैं। अन्य 03 उप निरीक्षकों को थानाध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

23-श्री अनुग्रह नारायण सिंह-

[गोपनीयता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर निरस्त]

प्रदेश में प्रोटोकाल के अनुसार गाड़ियों में लाल/नीली बत्ती तथा हूटर लगाने के प्राविधान के अन्तर्गत कार्यवाही का विवरण

24-श्री अनुग्रह नारायण सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रोटोकाल के अनुसार कौन-कौन से लोग गाड़ियों में लाल/नीली बत्ती तथा हूटर लगाने के लिए प्राधिकृत हैं ? क्या इसकी नियमित जांच का कोई प्राविधान है ? यदि हां, तो वह क्या है और विगत तीन वर्षों में कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

लाल/नीली बत्ती तथा हूटर लगाने के सम्बन्ध में शासकीय अधिसूचना संख्या-1772/30-4-2007-25पी/77, दिनांक 23-8-2007, अधिसूचना संख्या-1397/30-4-2008-25पी/77, दिनांक 04-07-2008 व अधिसूचना संख्या-1462/30-4-10-25पी/77, दिनांक 22-07-2010 के द्वारा व्यवस्था निर्धारित है।

प्रदेश के जनपदों में समय-समय पर अभियान चलाकर वाहनों पर अनाधिकृत रूप से लगायी गयी लाल, नीली बत्ती व हूटर/साइरन/प्रेशर हार्न का प्रयोग करने वालों पर कार्यवाही की जाती है। विगत तीन वर्षों में लाल फ्लैशर बत्ती के चालान 720, सीज 31, नीली फ्लैशर बत्ती के चालान 799, सीज 237 तथा हूटर/साइरन/प्रेशर हार्न के चालान 69065 तथा सीज 3756 वाहन किये गये।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच में इन्दिरा आवास योजनान्तर्गत लाभार्थियों को धनराशि जारी करने सम्बन्धी जानकारी

25-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच में वित्तीय वर्ष 2012-13 में 12551 इन्दिरा आवास के निर्माण का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो इस हेतु सरकार द्वारा कब तक धनराशि जारी की जायेगी एवं लाभार्थियों को कब तक इन्दिरा आवास प्रदान करने के लिए कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

इन्दिरा आवास योजना के मार्ग निर्देशों के अनुसार कुल लक्ष्य का 60 प्रतिशत अनु0 जाति/जनजाति तथा 40 प्रतिशत गैर अनु0 जाति/जनजाति के व्यक्तियों को बी0पी0एल0 सर्वे 2002 के आधार पर तैयार की गयी स्थायी प्रतीक्षा सूची से वरीयता क्रम में दिये जाने का प्राविधान है।

12551 का 60 प्रतिशत=7531

12551 का 40 प्रतिशत=5020

जनपद-बहराइच में बी0पी0एल0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची में अनु0 जाति/जनजाति के पात्र लाभार्थी अवशेष न होने के कारण कुल लक्ष्य 12551 में से 60 प्रतिशत अनु0 जाति/जनजाति के 7531 आवास जनपद हरदोई को स्थानान्तरित किये जाने और उनके लिए निर्धारित धनराशि व्यय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध पत्र दिनांक 12-7-2012 द्वारा भारत सरकार से किया गया है।

कुल लक्ष्य में से गैर अनु0 जाति/जनजाति के 40 प्रतिशत अर्थात् 5020 आवासों में से अब तक 3761 इन्दिरा आवास स्वीकृत करते हुए लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। शेष 1259 इन्दिरा आवास, वर्ष 2012-13 हेतु चयनित डा0 लोहिया समग्र ग्रामों के लाभार्थियों को दिये जायेंगे।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर स्थित बनकटवा में सुलभ शौचालय निर्मित कराये जाने विषयक प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

26-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर स्थित बनकटवा एवं वार्ड नं0-19 नकहा नं0-1 में सुलभ शौचालय निर्मित कराये जाने के सन्दर्भ में जिलाधिकारी, गोरखपुर को प्रश्नकर्ता का पत्र क्रमशः ख-5 नं0-308022, दिनांक 8-8-12 एवं पत्रांक ख-5 नं0-308020, दिनांक 8-8-12 प्राप्त हुए हैं ? यदि हां, तो उक्त पत्रों पर क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कर आगणन धनांक रु0 30.00 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के रामनगर कालोनी के निवासियों की समस्याओं के ज्ञापन सहित प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

27-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के रामनगर कालोनी के निवासियों की समस्याओं के ज्ञापन सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त के सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 24.00 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती के नगरपालिका क्षेत्र में सीवर लाइन डालने की योजना सम्बन्धी जानकारी

28-श्री संजय प्रताप जायसवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के नगरपालिका क्षेत्र में सीवर लाइन डालने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

नगर पालिका परिषद्, बस्ती जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के यू0आई0डी0 एस0एस0एम0टी0 कार्यान्श में सम्मिलित है। उ0 प्र0 के लिए आवंटित परिव्यय समाप्त हो जाने के कारण भारत सरकार से नई परियोजनाएं स्वीकृत नहीं करायी जा सकती हैं। कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रारम्भ होने तथा नई परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा स्वीकार किये जाने की स्थिति में बस्ती की सीवरेज परियोजना को यथाप्रक्रिया भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित करने पर विचार किया जायेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

29-श्री मनीष असीजा-

[3सरे सोमवार के लिये स्थगित।]

जनपद शाहजहांपुर के कतिपय ब्लाकों के ग्रामों में बन्द पड़े हैण्डपम्पों को रि-बोर कराकर चालू कराये जाने की मांग

30-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार पेयजल की समस्या के निदान हेतु 135-शाहजहांपुर विधान सभा क्षेत्र के ब्लाक भावलखेड़ा व ब्लाक ददरौल के 40 ग्रामों में बन्द पड़े हैण्डपम्पों को रि-बोर कराकर चालू करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

वित्तीय वर्ष 2012-13 में जनपद शाहजहांपुर के कुल 15 विकास खण्डों हेतु 750 नग हैण्डपम्पों के रि-बोर का लक्ष्य निर्धारित है। उक्त के क्रम में प्रति विकास खण्ड निर्धारित लक्ष्य 50 रि-बोर हैण्डपम्प की सीमा के भीतर हैण्डपम्पों का रि-बोर वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराये जा रहे हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के सीवेज सिस्टम जल निकासी की योजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

31-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के सीवरेज सिस्टम जल निकासी की योजनाओं को भारत सरकार के जवाहर लाल नेहरू नेशनल अरबन रिन्यूवल मिशन में शामिल कराने हेतु प्रश्नकर्ता का मा0 मुख्य मंत्री को सम्बोधित पत्रांक क-5 नं0-111457, दिनांक 30-7-12 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

गोरखपुर जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 कार्यान्श में सम्मिलित हैं। कार्यक्रम की अवधि मार्च, 2012 में समाप्त हो जाने के कारण योजना को स्वीकृत कराया नहीं जा सका। कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रारम्भ होने तथा भारत सरकार द्वारा नई परियोजनाओं को स्वीकार किये जाने की स्थिति में प्रश्नगत परियोजनाओं को भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा जा सकेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

32-डा0 धर्मपाल सिंह-

[1ले बुधवार के अतारांकित प्रश्न सं0-195 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद आगरा में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग

33-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के लिए जसवन्त सिंह आयोग की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार से आगरा में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के लिए प्रदेश सरकार सिफारिश करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-1 की प्रविष्टि संख्या-78 की व्यवस्था के अनुसार उच्च न्यायालय, उसकी खण्डपीठ की स्थापना तथा क्षेत्राधिकार का प्रकरण केन्द्र सरकार के विचार का बिन्दु है। अतः इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय लेने हेतु भारत सरकार ही सक्षम है।

इस सम्बन्ध में तत्कालीन मुख्य मंत्री, उ0 प्र0 द्वारा भारत के प्रधान मंत्री जी से दिनांक 7-11-1994 एवं दिनांक 5-9-1995 को यह अनुरोध किया गया है कि वह जिस स्थान पर उपयुक्त समझे मा0 उच्च न्यायालय की खण्डपीठ की स्थापना के विषय में निर्णय लेकर राज्य सरकार को अवगत कराने का कष्ट करें।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद में पेयजल हेतु इण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगाये जाने की मांग

34-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र 132, जलालाबाद, शाहजहांपुर के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रश्नकर्ता की संस्तुति पर शुद्ध पेयजल हेतु इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प लगाने की योजना है ? यदि हां, तो इस प्रकार कितने हैण्डपम्प लगाये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार मा0 विधान सभा सदस्यों की संस्तुति पर हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन का प्राविधान नहीं है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना परौर के कतिपय गांवों को हटा कर थाना कलान में शामिल करने की मांग

35-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के थाना परौर के अन्तर्गत आने वाले गांव रजुवापुर व चितानगला जो कलान थाने के निकट हैं जबकि परौर थाने से उक्त ग्रामों की दूरी 25-30 कि0मी0 है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों को थाना परौर से हटाकर थाना कलान में शामिल करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

प्रश्नगत ग्रामों को थाना परौर से हटाकर थाना कलान में सम्मिलित करने के सम्बन्ध में पत्र संख्या-1978पी/छः-पु-6-12-1ए0क्यू0/2012, दिनांक 20-11-2012 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, उ0 प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को आख्या/प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर यथास्थिति नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद फिरोजाबाद नगर में पीने के पानी की व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध कराये जाने की मांग

36-श्री मनीष असीजा-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि फिरोजाबाद नगर में पीने के पानी की समस्या होने के कारण आये दिन जाम/धरना/प्रदर्शन एवं कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति बनी रहती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नगर की जनता को सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 कार्यक्रम के तहत योजना वर्ष 2005-06 में बनाई गई थी, किन्तु प्रदेश के लिए आवंटित परिव्यय समाप्त हो जाने के कारण परियोजना भारत सरकार को संदर्भित नहीं की जा सकी। इस नगर निकाय में वर्ष अक्टूबर, 2008 में 13 ग्राम सभायें सम्मिलित होने के कारण उक्त ग्राम सभाओं की पेयजल आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए रि-आर्गनाइजेशन सर्वे कराकर पुनरीक्षित परियोजना को यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रारम्भ होने तथा नई परियोजनाओं को विचारार्थ लिए जाने पर भारत सरकार की स्वीकृति हेतु यथा प्रक्रिया प्रेषित किया जायेगा।

जनपद गोरखपुर नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा सम्बन्धी जिलाधिकारी को प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

37-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर स्थित वार्ड नं0-04 में नगर निगम के गाटा संख्या-163 की 2 एकड़ 12 डिसमिल जमीन पर कब्जा किये जाने के सन्दर्भ में जिलाधिकारी, गोरखपुर को प्रश्नकर्ता का पत्र ख-5 नं0 308028, दिनांक 08-08-2012 प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

प्रश्नगत क्षेत्र पर दिनांक 9-10-2012 को नगर निगम द्वारा नगर निगम सम्पत्ति का बोर्ड लगवा दिया गया है। उक्त भूमि नगर निगम के कब्जे में है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद के ग्राम पंचायतों में पात्रता सूची के आधार पर इन्दिरा आवास दिये जाने की मांग

38-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र 132, जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर में ब्लाकवार ग्राम पंचायतों में स्थाई पात्रता सूची के आधार पर ऐसे कितने नाम हैं जिन्हें अभी तक इन्दिरा आवास योजना का लाभ नहीं मिला है ? क्या सरकार बचे हुए पात्र व्यक्तियों को इन्दिरा आवास देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां। विधान सभा क्षेत्र 132, जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर में अभी तक स्थायी पात्रता सूची के अनुसार इन्दिरा आवास योजना का लाभ न पाये लाभार्थियों का विवरण निम्नवत् है :-

विकास खण्ड का नाम	लाभार्थियों की संख्या
1-जलालाबाद	3242
2-मिर्जापुर	2783
3-कलान	1888
	योग :-7913

जी हां।

इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत स्थायी पात्रता सूची में अवशेष पात्र लाभार्थियों को आगामी वर्षों में बजट की उपलब्धता व यथा समय लागू शासनादेशों/दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमानुसार आवास आवंटन की कार्यवाही की जायेगी।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद के प्रत्येक राजस्व ग्राम में खराब पड़े हैण्डपम्पों को संचालित कराये जाने की मांग

39-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र 132, जलालाबाद के प्रत्येक राजस्व ग्राम में अधिष्ठापित इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों का विवरण क्या है तथा उनमें से कितने हैण्डपम्प चालू एवं कितने खराब हैं ? क्या खराब हैण्डपम्पों को सुचारु रूप से संचालित कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

132, विधान सभा क्षेत्र-जलालाबाद के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों में कुल 332 राजस्व ग्रामों में 6828 इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प अधिष्ठापित है। इनमें से 242 नग इण्डिया मार्क- II हैण्डपम्प स्थायी रूप से खराब हैं।

जी हां।

वित्तीय वर्ष 2012-13 में जनपद शाहजहांपुर हेतु निर्धारित 750 नग रिबोर हैण्डपम्पों के लक्ष्य के सापेक्ष विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों में हैण्डपम्पों को रिबोर कराया जाना प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र जलालाबाद व कटरा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की मांग

40-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र, जलालाबाद व कटरा जनपद शाहजहांपुर के अन्तर्गत 60 एवं 25 प्रतिशत इलाका गंगा, रामगंगा एवं बहगुल नदी की बाढ़ से प्रभावित होने के कारण प्रदूषित पानी पीने से स्थानीय लोग गम्भीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

जनपद-शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र-जलालाबाद व कटरा का अधिकांश क्षेत्र गंगा, रामगंगा एवं बहगुल नदी के बाढ़ से प्रभावित रहता है। बाढ़ से प्रभावित बस्तियों में निर्धारित मानक के अनुसार इण्डिया मार्क-मार्क-II हैण्डपम्प अधिष्ठापित है, जिनके द्वारा जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उक्त हैण्डपम्पों के पानी पीने से स्थानीय लोगों के किसी गम्भीर बीमारी के शिकार होने का कोई मामला। संज्ञान में नहीं आया है। उक्त के अतिरिक्त विधान सभा क्षेत्र-जलालाबाद के बाढ़

प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु रफियाबाद कलान ग्राम पेयजल योजना, जेरारहीमपुर ग्राम पेयजल योजना तथा भरटौली ग्राम पेयजल योजना निर्माणाधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के ब्लाक मिर्जापुर की ग्राम सभा जरौली कोठी के मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग

41-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्रामीण अभियंत्रण सेवा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के ब्लाक मिर्जापुर की ग्राम सभा जरौली कोठी में रास्ता अत्यन्त खराब होने के कारण आवागमन बाधित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में सी0सी0 रोड का निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ग्रामीण अभियंत्रण सेवा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राजेन्द्र सिंह राणा-

जी हां।

ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को आय-व्ययक के आयोजनागत मद में राज्य सरकार द्वारा कोई भी धनराशि उपलब्ध नहीं करायी जाती है, अपितु यह विभाग एक राजकीय कार्यदायी संस्था के रूप में अन्य विभागों/संस्थाओं की योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को, उनसे 'डिपाजिट' के रूप में प्राप्त धनराशि से, सम्पादित कराता है। चूंकि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को ग्राम सभा जरौली कोठी, जनपद-शाहजहांपुर के रास्तों पर सी0सी0 रोड के निर्माण हेतु वर्तमान में कोई स्वीकृति/धनराशि प्राप्त नहीं है, इसलिये उक्त निर्माण कार्य को इस विभाग के द्वारा कराया जाना सम्भव नहीं है।

जनपद शाहजहांपुर की तारीख उतरौला के ग्राम मुबारकपुर में नरेगा/मनरेगा द्वारा कराये गये कार्यों का विवरण

42-श्री जगन प्रसाद गर्ग-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलरामपुर की तहसील उतरौला के ग्राम मुबारकपुर में नरेगा/मनरेगा के अन्तर्गत विगत 2 वर्षों में कराये गये कार्यों एवं उस पर भुगतानित धनराशि का विवरण क्या है ? क्या यह सही है कि उक्त ग्राम के प्रधान द्वारा फर्जी भुगतान लेने एवं कराये गये कार्यों में घोर अनियमितता की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

42-जनपद बलरामपुर के तहसील उतरौला के ग्राम मुबारकपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 में कराये गये कार्यों एवं भुगतान की गयी धनराशि का विवरण निम्नवत् है :-

<u>वित्तीय वर्ष 2010-11</u>

क्र0-सं0	कराये गये कार्य	व्यय की गयी धनराशि
1	झिनकूडीह से सम्पर्क मार्ग की योजना तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 12,300.00
2	मुल्ला के खेत से पी0डब्ल्यू0डी0 तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 43,440.00
3	पप्पू की दुकान से सेक्टर रोड तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 15,600.00

4	नोखई के दुकान से कहरपुरवां ग्राम तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 94,340.00
5	रामरूचिपुरवां से नथईपुर सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 31,600.00
6	बरगदही से रामरूपपुरवां दिलीप के चक तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 12,100.00
7	गोकुलाबुजुर्ग सरहद से भैसाही तालाब तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 60,480.00
8	पिच रोड से पिपरा सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 35,000.00
9	रंजीत के घर से पिपराग्रन्ट सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 39,360.00
10	जगराम के घर से पिपराग्रन्ट सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 26,040.00
	कुल योग :-	रु0 3,89,460.00

वित्तीय वर्ष 2011-12

क्र0-सं0	कराये गये कार्य	व्यय की गयी धनराशि
1	खलील के घर से गोकुलाबुजुर्ग तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 21,600.00
2	प्राथमिक पाठशाला से पिपरा सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 1,20,360.00
3	धनीराम के घर से तालाब तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 9,000.00
4	मग्गू के घर से घिसयावन के घर तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 11,160.00
5	खेलावन के चक से गोकुला सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 15,840.00
6	शिवकुमार के चक से गोकुलाबुजुर्ग सरहद तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 18,000.00
7	मन्नू के घर से ननकन के घर तक खड़न्जा कार्य।	रु0 99,980.00
8	पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से सेक्टर रोड तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 16,560.00
9	बैतुल्ला के घर से नथईपुर सरहद तक खड़न्जा कार्य।	रु0 22,6005.00
10	तोताराम की दुकान से मोहर्रम अली के घर तक खड़न्जा कार्य।	रु0 93,813.00
11	सेक्टर रोड से तुलाराम के घर तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 64,080.00
12	बुधराम के चक से तुलराम के घर तक आंशिक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 28,800.00
13	पिपराग्रन्ट सरहद से चिन्नू के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 48,960.00
14	जगतराम के खेत से बरईडीह ग्राम तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 20,160.00
15	ननकन के मशीन से जाफर के घर तक मिट्टी पटाई कार्य।	रु0 22,320.00
	कुल योग	रु0 8,16,638.00

जी नहीं

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के विभिन्न थानों में पंजीकृत अपराध का विवरण

43-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिनांक 06-03-2012 से 14-8-2012 तक प्रदेश में कुल कितने आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में पंजीकृत हुये ? इनमें से हत्या, लूट बलात्कार, वाहन चोरी के कितन-कितने प्रकरण पंजीकृत हुये तथा चोरी गये कितने वाहन रिकवर हुये ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

दिनांक 06-03-2012 से प्रदेश के विभिन्न थानों में कुल 120682 आपराधिक अभियोग पंजीकृत हुये हैं।

इनमें से हत्या, लूट, बलात्कार व वाहन चोरी के पंजीकृत प्रकरण क्रमशः 3139, 1766, 1221 व 13704 हैं तथा बरामद किये गये वाहनों की संख्या 3956 है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के अनेकों कब्रिस्तानों की बाउण्ड्रीवाल बनवाये जाने की मांग

44-श्री कृष्णपाल सिंह राजपूत-

क्या अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के बबीना विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बाउण्ड्रीवाल विहीन खैलार, बबीना रूरल, बबीना कैण्ट, सिमराबारी, रक्सा, अम्बावाय पारीक्षा, चिरगांव, बड़ागांव, बरुआसागर, झांसी कैण्ट, लाल कुर्ती आदि कब्रिस्तानों की बाउण्ड्रीवाल बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

प्रदेश सरकार द्वारा ''अल्पसंख्यक समुदायों के कब्रिस्तानों/अन्त्येष्टि स्थलों की भूमि की सुरक्षा योजना'' नाम से योजना संचालित की गयी है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश में विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों यथा-मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी समुदायों के कब्रिस्तानों/अन्त्येष्टि स्थलों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी।

इस सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश दिनांक 10 सितम्बर, 2012 के द्वारा समस्त जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक ''कार्यान्वयन समिति'' का गठन किया गया है एवं उक्त समिति को जनपद में स्थित कब्रिस्तानों/अन्त्येष्टि स्थलों का चयन करने एवं बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कराये जाने की कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया है। शासन स्तर से जनपद झांसी के लिये इस मद में रु0 94.36 लाख का बजट आवंटन किया जा चुका है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के कतिपय इलाकों में नगर पंचायत बनवाने की मांग

45-श्री कृष्णपाल सिंह राजपूत-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के बबीना विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत (खैलार बी0एच0ई0एल0 सिमरावारी) की वोटर जनसंख्या लगभग 15 हजार है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसे नगर पंचायत बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

मानकों के आधार पर परीक्षण करके नगर पंचायत सृजन किये जाने पर विचार किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के अनेकों गांवों में पेयजल समस्या के निराकरण की मांग

46-श्री कृष्णपाल सिंह राजपूत-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के बबीना विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत खाड़ी, भण्डरा, कोटी, पुनावली कला, वि0खं0 बड़ागांव में रमगुणवां भूपनगर, वि0खं0 चिरगांव में सिकरी धमना, बरल, छवानी, आदि गांवों में पेयजल की गम्भीर समस्या को देखते हुये सरकार पानी की टंकी की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद-झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के अन्तर्गत ग्राम-कोटी को बबीना ग्रामीण पेयजल योजना तथा ग्राम-बरल को बरल ग्राम पेयजल योजना द्वारा पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके अतिरिक्त ग्राम-खाड़ी, भण्डरी, पुनावली कला, रमगुणां भूपनगर, सिकरी धमना, हवानी आदि सभी ग्रामों में निर्धारित मानक के अनुसार हैण्डपम्प अधिष्ठापित हैं, जिसके माध्यम से जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के अनेकों विकास खण्डों में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना किये जाने की मांग

47-श्री कृष्णपाल सिंह राजपूत-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विकास खण्ड बड़ागांव, चिरगांव व बबीना में फायर ब्रिगेड के स्टेशन न होने के कारण कई बार लोगों के मकान एवं किसानों के खलिहान जलकर नष्ट हो चुके हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विकास खण्डों में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद झांसी के विकास खण्ड बड़ागांव, चिरगांव व बबीना में अग्निशमन सुरक्षा, अग्निशमन केन्द्र, झांसी द्वारा प्रदान की जाती है।

प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों में हो रही लूटपाट एवं हत्या की घटनाओं को रोकने के उपाए

48-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों में लगातार हो रही लूट एवं हत्या की घटनाओं को रोकने के लिये सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों में हो रही घटनाओं को रोकने हेतु समय-समय पर जनपदीय पुलिस अधिकारियों को परिपत्र निर्गत किये गये हैं।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश एवं जनपद आगरा में गुमशुदा एवं बरामद बच्चों की संख्या तथा घटनाओं को रोकने के उपाय

49-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2012 में अब तक प्रदेश में तथा जनपद आगरा में कितने बच्चे गुमशुदा हैं तथा अब तक कितने गुमशुदा बच्चों की बरामदगी हुई है ? क्या सरकार इन घटनाओं को रोकने के लिये कोई कार्य योजना बनाने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

वर्ष 2012 में अब तक प्रदेश में 2644 बच्चे गुम हुये, जिसमें से 1222 बच्चों की बरामदगी की जा चुकी है तथा जनपद आगरा में 183 बच्चे गुम हुये, जिसमें से 119 बच्चों की बरामदगी की जा चुकी है।

जी नहीं।

इन घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर जनपदीय पुलिस अधिकारियों को परिपत्र निर्गत किये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के कतिपय मोहल्लों में सड़क एवं नाली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

50-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के रामनगर मोहल्ले में रामनगर चौराहे से आर0के0 सिंह और भोलानाथ मिश्र के मकान तक सड़क एवं नाली के निर्माण सम्बन्धी स्थानीय निवासियों के ज्ञापन सहित प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कर आगणन धनांक रु0 24.00 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के अनेकों स्थानों पर सड़क एवं गली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

51-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के मोहल्ला नकहा नं0 2 (पंडित टोला) निकट नकहा जंगल रेलवे स्टेशन, गोरखपुर में सड़क एवं नाली के निर्माण सम्बन्धी संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 9.90 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के घोसी पुरवा रेलवे क्रासिंग से भगौती चौराहे तक जल भराव की समस्या सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

52-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 के साथ गोरखपुर महानगर के शास्त्रीनगर के नागरिकों का ज्ञापन जो शास्त्री नगर मोहल्ले में घोसी पुरवा रेलवे क्रासिंग से भगौली चौराहे तक जमाव के सम्बन्ध में है, नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर को प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

प्रश्नगत क्षेत्र में सम्बन्धित नाले तथा मुहल्ले की नालियों की सफाई करा दी गई।

प्रश्न नहीं उठता।

53-डा0 धर्मपाल सिंह-

[1ले बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-196 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

लखनऊ के भेड़ी मण्डी कुन्दनलाल का हाता में खराब पड़े इण्डिया मार्का हैण्डपम्प को ठीक कराये जाने की मांग

54-श्री आरिफ अनवर हाशमी

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि 69/35, कुन्दन लाल का हाता लालकुआं, भेड़ी मण्डी, लखनऊ में लगा इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प खराब पड़ा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त हैण्डपम्प को ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा उ0प्र0 जल निगम को प्रेषित रि-बोर योग्य हैण्डपम्पों की सूची में संदर्भित हैण्डपम्प सम्मिलित हैं। धन की उपलब्धता के आधार पर रि-बोर का कार्य कराया जा सकता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद कानपुर के जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना अन्तर्गत डाली गयी सीवर लाइनों से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराये जाने की मांग

55-श्री सलिल विश्नोई-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर में जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत डाली गई सीवर लाइनें सुचारु रूप से कार्य करने लगी हैं ? यदि हां, तो क्या सीवर लाइन डालने से क्षतिग्रस्त मार्गों एवं गलियों की मरम्मत कर दी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां। जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित 199 कि0मी0 सीवर लाइन के सापेक्ष 157 कि0मी0 सीवर लाइन बिछा दी गयी है, जिसमें से 16.10 कि0मी0 सीवर लाइन क्रियाशील कर दी गयी है।

बिछायी गयी 157 कि0मी0 सीवर लाइन में से लगभग 98 कि0मी0 कच्चे मार्गों पर ट्रेन्चलेरा विधि से सीवर लाइन बिछायी गयी है, जिसमें सड़क पुनर्स्थापना नहीं करनी है। अवशेष 59 कि0मी0 में से 49 कि0मी0 मार्गों का पुनर्निर्माण विभिन्न विभागों द्वारा करा दिया गया है। शेष 10 कि0मी0 मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

प्रश्न नहीं उठता ।

कानपुर नगर में फूलबाग सहित नगर के ओवरहेड टैंकों का कनेक्शन गंगा बैराज से करने सम्बन्धी जानकारी

56-श्री सलिल विश्नोई-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या कानपुर नगर में फूलबाग सहित नगर के ओवरहेड टैंकों (पानी की टंकी) का कनेक्शन गंगा बैराज से कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

कानपुर नगर में फूलबाग सहित नगर के ओवर हेड टैंकों (पानी की टंकी) को गंगा बैराज के पानी से, फीडरमेन के माध्यम से भरकर, चालू करने का लक्ष्य सितम्बर, 2013 निर्धारित है। इस हेतु गंगा बैराज स्थित 200-200 एम0एल0डी0 जल शोधन संयंत्र, गंगा बैराज से फूलबाग तक डाली जाने वाली क्लीयर वाटर फीडरमेन, उच्च जलाशय एवं भूमिगत जलाशय एवं सम्पूर्ण योजना की टेस्टिंग तथा

कमीशनिंग का कार्य पूर्ण कर प्रश्नगत उच्च जलाशयों व भूमिगत जलाशयों को चालू कर जनता को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद वाराणसी के कतिपय गांवों के ट्यूबवेलों एवं हैण्डपम्पों से काला पानी आने का कथित प्रकरण

57-श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वाराणसी जनपद में गंगा के किनारे स्थित रामनगर के डोमरी व सूजाबाद गांव में ट्यूबबेलों एवं हैण्डपम्पों से काला पानी आ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके कारणों की जांच कराकर शुद्ध पेयजल हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं। डोमरी एवं सुजाबाद ग्रामों के किसी भी ट्यूबवेल अथवा हैण्डपम्प में काला पानी नहीं आ रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड कलान के गांव बाराखुर्द में सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण युक्त कराये जाने की मांग

58-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड कलान के गांव बाराखुर्द के राम लड़ैते के मकान से सत्यपाल नाई के मकान तक के एक सार्वजनिक रास्ते को गांव के दबंगों द्वारा बन्द कर अतिक्रमण कर लिया गया ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रास्ते को खुलवाने की व्यवस्था करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

ग्राम बाराखुर्द में सत्यपाल नाई के दक्षिण दिशा में एक आम रास्ता पूरब से पश्चिम की तरफ की जाता है जो सत्यपाल नाई के मकान से उत्तर दिशा की तरफ रामोऔतार पुत्र राम भरोसे के मकान के पास से पूरब दिशा को मुड़ कर बाराकलां से तिलौआ को जाने वाली सड़क से उत्तर की तरफ से एक खड़न्जा पश्चिम दिशा की तरफ को जाता है जो आगे चलकर उत्तर की दिशा में मुड़कर राम लड़ैते पुत्र रामचन्द्र के मकान को होता हुआ आगे चला जाता है। इस प्रकार से मौजूदा समय में सत्यपाल नाई के मकान से राम लड़ैते के मकान तक जाने वाले रास्ते पर कोई अवरोध नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गाजियाबाद में कतिपय अपराधों की घटनाओं की संख्या एवं थानेवार कार्यवाही का विवरण

59-श्री जाकिर अली-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद में मार्च, 2012 से दिनांक 21-08-12 तक हत्या, डकैती, चोरी, बलात्कार, दहेज हत्या, अपहरण, लूट व महिलाओं के साथ छेड़खानी की कितनी-कितनी घटनायें घटी हैं ? क्या सरकार थानेवार कृत कार्यवाही का विवरण उपलब्ध कराते हुए अपराधों को रोकने हेतु कोई प्रभावी उपाय करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जनपद गाजियाबाद में मार्च, 2012 से दिनांक 21-08-12 तक हत्या, डकैती, चोरी बलात्कार दहेज हत्या, अपहरण, लूट व महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटित घटनाओं का विवरण निम्नवत् है :-

हत्या	डकैती	चोरी	बलात्कार	दहेज हत्या	अपहरण	लूट	छेड़खानी
58	03	1276	19	21	118	36	19

थानेवार कृत कार्यवाही का विवरण एवं अपराधों को रोकने हेतु प्रभावी उपाय संलग्न है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के जाती टोला विकास नगर में सड़क निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

60-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के जाप्ती टोला, विकास नगर में सड़क निर्माण सम्बन्धी प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111274 दिनांक 08-08-12 संलग्नक सहित नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण का आगणन धनांक रु0 23.68 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

लखनऊ के महानगर क्षेत्र के माउन्ट फोर्ट इण्टर कालेज के कूड़ाघर हटवाये जाने की मांग

61-श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैया-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के महानगर क्षेत्र में माउण्ट फोर्ट इण्टर कालेज के समीप में कूड़ाघर में आवारा जानवर एकत्र होकर कूड़े/गन्दगी को सड़क में फैला देते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कूड़ेघर को स्कूल के समीप से हटवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

नियमित रूप से कूड़े का उठान होता है एवं सफाई कराई जाती है। कभी-कभी आवारा पशु आ जाते हैं जिन्हें समय-समय पर पकड़ा जाता है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

कूड़ाघर के आसपास अन्य कोई स्थल उपलब्ध न होने के कारण।

(देखिये नत्थी 'क' आगे पृष्ठ 125-134 पर)

लखनऊ निरालानगर पोस्ट आफिस के पास तिकोना बायोटेक पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जाने की मांग

62-श्री सलिल विश्नोई-

विधान सभा के प्रथम सत्र, 2012 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित अता0प्र0सं0-64 के उत्तर के संदर्भ में क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में निरालानगर पोस्ट आफिस के सामने तिकोना बायोटेक पार्क में सौन्दर्यीकरण हेतु गार्डेन लाइटें एवं सेमी हाई मास्ट लाइट ठीक कराने तथा जलापूर्ति हेतु सबमर्सिबल पम्प लगाये जाने के सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

निराला नगर पोस्ट आफिस के सामने तिकोना बायोटेक पार्क में गार्डेन लाइट क्षतिग्रस्त है जिन्हें ठीक कराने की कार्यवाही प्रगति पर है। सेमीहाईमास्ट लाइट ठीक करा दी गई है तथा जलापूर्ति हेतु सबमर्सिबल पम्प वर्तमान में लगा दिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

नगरपालिका परिषद् फिरोजाबाद को नगर निगम का दर्ज दिलाये जाने की मांग

63-श्री मनीष असीजा-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगरपालिका परिषद् फिरोजाबाद की आबादी वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 480056 (चार लाख अस्सी हजार छप्पन) है तथा वर्तमान में नगर पालिका परिषद् फिरोजाबाद में नागरिकों की वोटर संख्या 4.51 लाख तथा पूरी आबादी लगभग 7.8 लाख है ? यदि हां, तो क्या सरकार नगर पालिका परिषद् फिरोजाबाद को नगर निगम का दर्जा प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

नगर पालिका परिषद्, फिरोजाबाद की वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार आबादी 2,79,102 है तथा सीमा विस्तार के अन्तर्गत 13 ग्राम सभाओं के शामिल हो जाने के उपरान्त 2001 की जनगणना के अनुसार आबादी 4,82,652 है। वर्तमान में नगर पालिका परिषद, फिरोजाबाद के वोटरों की संख्या 4,51,573 है। वर्ष 2011 की जनगणना के सम्बन्ध में रिवीजन का कार्य प्रक्रियाधीन है।

नगर पालिका परिषद्, फिरोजाबाद को नगर निगम का दर्जा दिलाये जाने के प्रस्ताव पर निर्धारित मापदण्डों के अनुसार परीक्षण किया जा रहा है। तदोपरान्त ही नगर निगम बनाने का निर्णय लिया जा सकता है।

प्रदेश में रिक्शा ठेला चालकों से लाइसेन्स शुल्क के नाम पर अवैध वसूली के रोके जाने की मांग

64-श्री मनीष असीजा-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अधिकांश नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में गरीब एवं मेहनतकश रिक्शा चालकों, हाथ ठेला चालकों एवं फेरीवालों से लाइसेंस शुल्क वसूलने के नाम पर दबंगों द्वारा अवैध वसूली की जाती है ? यदि हां, तो

क्या सरकार वसूली के नाम पर हो रहे इस अवैध कारोबार को बन्द करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश में नगरीय निकायों द्वारा नगर निगम अधिनियम, 1959 एवं नगर पालिका अधिनियम, 1916 में प्रदत्त अधिकारों के अधीन प्रत्येक निकाय की उपविधियों के अनुसार लाइसेन्स शुल्क आरोपित किया जाता है। लाइसेन्स शुल्क की वसूली सम्बन्धित निकायों द्वारा ही की जाती है।

गोरखपुर महानगर के सावरकर नगर में सड़क निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

65-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के सावरकर नगर में छोटू अहमद के मकान से मक्खन सिंह के मकान तक सड़क निर्माण से सम्बन्धित संलग्नक प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111474 दिनांक 08-08-12 संलग्नक सहित नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 5.50 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद वाराणसी के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाये जाने की मांग

66-श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद वाराणसी के कैंट विधान सभा क्षेत्र में सीवर लाइन के अभाव में घरों की गन्दगी नाले के द्वारा गंगा जी में गिर रही है? यदि हां, तो इस प्रदूषण को रोकने हेतु पूरे शहर में सीवर लाइन बिछाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

वाराणसी शहर की सीवरेज व्यवस्था लगभग 95 वर्ष पुरानी है एवं शहर का मात्र 25-30 प्रतिशत क्षेत्र ही सीवरेज व्यवस्था से आच्छादित है। वर्तमान में वाराणसी के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अतिरिक्त अवजल की निकासी नालों के माध्यम से होती है।

प्रदूषण को रोकने हेतु राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण के अन्तर्गत जायका (जापान इण्टरनेशनल कोआपरेशन एजेन्सी) सहायतित योजना में रु0 496.90 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें सिस वरूणा क्षेत्र में ट्रंक सीवर लगभग 30 कि0मी0 एवं एक सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लान्ट 140 एम0एल0डी0 क्षमता का एवं 03 नग सीवेज पम्पिंग स्टेशन का कार्य प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त 13वें वित्त आयोग द्वारा रु0 51.87 करोड़ की रिहैविलटेशन आफ सीवरेज की योजना स्वीकृत की गयी है, जिस पर रु0 15.00 करोड़ वर्ष 2012-13 के लिये अवमुक्त हुआ है और कार्य प्रारम्भ करने हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। वाराणसी शहर के ट्रांस वरूणा क्षेत्र में जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रांस वरूणा सीवरेज योजना लागत रु0 309.12 करोड़ का कार्य प्रगति पर है। इसके अन्तर्गत 142.58 कि0मी0 सीवर लाइन, 2 पम्पिंग स्टेशन एवं 120 एम0एल0डी0 क्षमता का सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निर्माण प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद वाराणसी के विधान सभा क्षेत्र कैण्ट में सीवर लाइन बिछाये जाने की कार्य-योजना

67-श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद वाराणसी के कैंट विधान सभा क्षेत्र में विकास प्राधिकरण की बड़ी गैबी कालोनी में भूमिगत सीवर लाइन हमेशा ओवरफ्लो रहने के कारण अत्यन्त समस्या रहती है ? यदि हां, तो क्या सरकार वहां पर नई सीवर लाइन बिछाने की कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ

जनपद वाराणसी के कैण्ट विधान सभा क्षेत्र, जो सिस वरूणा क्षेत्र में आता है, की वर्तमान सीवर लाइन अण्डर साइज है, जिसके कारण कभी-कभी ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न होती है। इसके निराकरण हेतु नियमित रूप से सीवर सफाई करायी जाती है।

प्रश्नगत कालोनी में सीवर की समस्या के निदान हेतु 13वें वित्त आयोग के अन्तर्गत सीवर लाइन के पुनरोद्धार का कार्य स्वीकृत हुआ है, जिसके सापेक्ष वर्ष 2012-13 हेतु रु0 15.00 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है।

प्रश्न नहीं उठता।

वाराणसी महानगर के रानीपुर वार्ड में ट्यूबवेल को चालू कराये जाने की मांग

68-श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वाराणसी महानगर के रानीपुर वार्ड में वर्ष 2011-2012 में स्थापित मिनी ट्यूबेल से अभी तक जलाआपूर्ति चालू नहीं की गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ट्यूबेल को चालू करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं, जलापूर्ति चालू कर दी गई है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद वाराणसी के विधान सभा क्षेत्र कैण्ट में सीवर लाइनों पर हो रही ओवरलोडिंग के निराकरण के उपाय

69-श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद वाराणसी के कैंट विधान सभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निर्मित हो रही बहुमंजिली इमारतों से लोड बढ़ने के कारण सीवर लाइनें ओवरफ्लो कर रही हैं ? यदि हां, तो इसके निराकरण हेतु क्या सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

जनपद वाराणसी के कैन्ट विधान सभा क्षेत्र, जो सिस वरूणा क्षेत्र में आता है, की वर्तमान सीवर लाइन अण्डर साइज है, जिसके कारण कभी-कभी ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न होती है। इसके निराकरण हेतु नियमित रूप से सीवर सफाई करायी जाती है।

वाराणसी नगर निगम में वाराणसी सीवरेज के पुनरोद्धार हेतु 13वें वित्त आयोग के अन्तर्गत एक योजना रु0 51.84 करोड़ की स्वीकृत है, जिसके विरुद्ध वर्ष 2012-13 हेतु रु0 15.00 करोड़ अवमुक्त हो चुका है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गनर व थानों में तैनात पुलिस आरक्षियों के दैनिक भत्ते की असमानता को दूर करने की मांग

70-श्री संगीत सिंह सोम-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गनर को 100/-रु0 दैनिक भत्ता दिया जाता है जबकि पुलिस लाइन एवं थानों में तैनात पुलिस आरक्षियों को 300/- रु0 दैनिक भत्ता मिलता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस असमानता को दूर करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

मा0 जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा नगर/शैडो को पुलिस लाइन एवं थानों पर तैनात आरक्षियों के समान ही दैनिक भत्ते का भुगतान किया जा रहा है।

कोई असमानता नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र लोनी के ग्राम कटैया से खानपुर तथा जर्जर सड़कों की मरम्मत सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

71-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र लोनी के ग्राम कटैया से खानपुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित जर्जर सड़क की

मरम्मत सम्बन्धी प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 22-07-12 अध्यक्ष, जिला पंचायत गाजियाबाद को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को नगर पंचायत गठित करने की मांग

72-डा0 धर्मपाल सिंह-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ऐतिहासिक स्मारक ताजमहल के आसपास के क्षेत्र के विकास को दृष्टिगत रखते हुए पृथक से ताजगंज नगर पंचायत गठित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मानकों के अनुसार उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

उपरोक्तानुसार।

जनपद गाजियाबाद की नगरपालिका परिषद् लोनी के मुहल्लों में जल निकासी सफाई की व्यवस्था कराये जाने की मांग

73-श्री जाकिर अली-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद की नगर पालिका परिषद् लोनी में आने वाले मुहल्लों/कालोनियों में जल निकासी तथा सफाई की समुचित व्यवस्था तथा दवाओं का नियमित छिड़काव न होने के कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड एवं तीव्र ज्वर आदि बीमारियों के प्रकोप से जनसामान्य को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जल निकासी, सफाई एवं नियमित दवाइयों का छिड़काव कराया जाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

नगर पालिका परिषद् लोनी, गाजियाबाद के समस्त वार्डों में जल निकासी एवं सफाई की समुचित व्यवस्था है। फागिंग/कीटनाशक दवाइयों का नियमित छिड़काव किया जा रहा है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

74-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[1ले गुरुवार के अता0 प्रश्न संख्या-55 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद सोनभद्र के कतिपय विकास खण्डों में स्वर्ण जयन्ती रोजगार योजनान्तर्गत लाभार्थियों का चयन एवं योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की जानकारी

75-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योरपुर, राबर्ट्सगंज तथा चोपन की क्षेत्र पंचायतों में वर्ष 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 तक स्वर्ण जयन्ती रोजगार योजना के अन्तर्गत कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि कितने लाभार्थियों का चयन कर उन्हें किन-किन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद-सोनभद्र के विकास खण्ड-म्योरपुर, राबर्ट्सगंज एवं चोपन में वर्ष 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 में स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्य एवं उसके सापेक्ष चयनित कर लाभान्वित कराये गये लाभार्थियों तथा उनसे सम्बन्धित योजनाओं का विवरण-

विकास खण्ड	वर्ष 2009-10		वर्ष 2010-11		वर्ष 2011-12		परियोजनाओं का नाम
	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	
म्योरपुर	1104	1128	846	996	1321	1349	सिंचाई कूप, सिलाई, कढ़ाई, गल्ला व्यवसाय, टेन्ट हाउस, मसाला उद्योग, फल व्यवसाय एवं जनरल स्टोर इत्यादि।
राबर्ट्सगंज	1185	778	915	810	1455	618	सब्जी की खेती, जनरल स्टोर, कालीन निर्माण, डेयरी/पशु-पालन, खिलौने/फोटो फ्रेमिंग इत्यादि।
चोपन	1679	1303	1336	987	808	806	बकरी पालन, भैंस पालन, मत्स्य पालन नलकूप सिंचाई, टेन्ट हाउस के अन्य लघु उद्योग।

प्रश्न नहीं उठता।

76-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

[मा0 उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन होने के कारण निरस्त]

जनपद सोनभद्र के कतिपय विकास खण्डों में अलग-अलग क्षेत्रिय के स्वीकृत आवासों का विवरण

77-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योरपुर, राबर्ट्सगंज तथा चोपन की क्षेत्र पंचायतों में वर्ष 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 में किन-किन

ग्राम पंचायतों में कितने-कितने अलग-अलग श्रेणी के आवास स्वीकृत किये गये ? क्या खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उनकी पात्रता को प्रमाणित किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उनकी सूची उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड-म्योरपुर, राबर्ट्सगंज तथा चोपन में वर्ष 2009-10, 2010-11 एवं 2011-12 में अलग-अलग श्रेणी में स्वीकृत आवासों का विवरण निम्नवत् है :-

वर्ष	विकास खण्ड	आवास का प्रकार			
		इन्दिरा आवास	इन्दिरा आवास (स्टी0, पैकेज)	महामाया आवास	महामाया सर्वजन आवास
2009-10	म्योरपुर	240	46	253	88
2009-10	राबर्ट्सगंज	126	532	72	107
2009-10	चोपन	1328	969	17	430
	योग-	1694	1547	342	625
2010-11	म्योरपुर	132	71	156	13
2010-11	राबर्ट्सगंज	185	31	372	149
2010-11	चोपन	228	478	2197	113
	योग-	545	580	2725	275
2011-12	म्योरपुर	450	0	442	133
2011-12	राबर्ट्सगंज	127	0	12	6
2011-12	चोपन	474	0	953	325
	योग-	1051	0	1407	464
	महायोग-	3290	2127	4474	1364

जी हां।

जी हां।

(सूची मा0 मंत्री जी के कक्ष में अवलोकनार्थ उपलब्ध है)

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद सोनभद्र के विधान सभा क्षेत्र ओवरा के खराब पड़े इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने की मांग

78-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सोनभद्र के ओबरा विधान सभा क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सरकार की खराब पड़े इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों को बोरिंग

कराकर ठीक कराने की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

वर्ष 2012-13 में प्रति विकास खण्ड 50-50 इण्डिया मार्का-II हैण्डपम्पों को रिबोर कराये जाने की कार्य योजना है। जनपद-सोनभद्र के अन्तर्गत राबर्ट्सगंज, चोपन एवं म्योरपुर विकास खण्ड के आंशिक भाग सम्मिलित हैं, जिसमें निर्धारित कार्य योजना के अनुसार हैण्डपम्पों को रिबोर कराया जाना प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

उ0प्र0 संगीत नाटक एकेडमी गोमतीनगर के कर्मचारियों के रिटायरमेन्ट की आयु 60 वर्ष किये जाने की मांग

79-श्री पंकज कुमार मलिक-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उ0प्र0 संगीत नाटक एकेडमी, गोमतीनगर जो कि एक सरकारी संस्था है, में कर्मचारियों के रिटायरमेंट की आयु 58 वर्ष ही है जबकि सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र 60 वर्ष है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कर्मचारियों के रिटायरमेंट की आयु 60 वर्ष करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

महिला कल्याण, संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती अरूण कुमार कोरी-

उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी संस्कृति विभाग की एक स्वायत्तशासी संस्था है। इसमें कर्मचारियों/अधिकारियों की अधिवर्षता आयु 58 वर्ष है।

संस्कृति विभाग के नियंत्रणाधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों की अधिवर्षता आयु 58 वर्ष निर्धारित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मऊ के ब्लाक दोहरी घाट के मार्ग को सी0सी0 सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग

80-श्री उमेश पाण्डेय-

क्या ग्रामीण अभियंत्रण सेवा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के ब्लाक दोहरी घाट के अन्तर्गत मधुबन दोहरी घाट मार्ग पर जजौली कब्रिस्तान से जयन्त पाण्डेय के ट्यूबवेल तक आवागमन के लिये सी0सी0 सड़क का निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री राजेन्द्र सिंह राणा-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को आय-व्ययक के आयोजनागत मद में राज्य सरकार द्वारा कोई भी धनराशि उपलब्ध नहीं करायी जाती है, अपितु यह विभाग एक राजकीय कार्यदायी संस्था के रूप में

अन्य विभागों/संस्थाओं की योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को, उनसे 'डिपाजिट' के रूप में प्राप्त धनराशि से, सम्पादित कराता है। चूंकि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को जनपद-मऊ के ब्लाक दोहरी घाट के अन्तर्गत मधुबन दोहरी घाट मार्ग पर जजौली कब्रिस्तान से जयन्त पाण्डेय के ट्यूवबेल तक के रास्तों पर सी0सी0 रोड के निर्माण हेतु वर्तमान में कोई स्वीकृति धनराशि प्राप्त नहीं है, इसलिये उक्त निर्माण कार्य को इस विभाग के द्वारा कराया जाना सम्भव नहीं हैं।

प्रदेश के नगरों एवं महानगरों में लगाये गये हैण्ड पम्पों का विवरण

81-श्री सुरेश राणा-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के महानगरों एवं नगरों में मई, 2012 से जुलाई, 2012 तक भीषण गर्मी में कितने नये हैण्डपम्प लगाये गये हैं और कितने रिबोर हुए हैं ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

प्रदेश के महानगरों एवं नगरों में मई, 2012 से जुलाई, 2012 तक 189 नये हैण्डपम्प तथा 265 रिबोर हैण्डपम्प स्थापित किये गये हैं।

गोरखपुर महानगर के शास्त्रीनगर के टैम्पों स्टैण्ड में सुशील श्रीवास्तव के घर तक खड़न्जा एवं गली के निर्माण हेतु आगणन धनराशि तैयार

82-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के शास्त्रीनगर में टैम्पो स्टैण्ड से श्री सुभाष गुप्ता के घर तक तथा राजेन्द्र नगर पश्चिमी में स्थित चित्रगुप्त नगर में रामवृक्ष के दुकान से परमात्मा श्रीवास्तव तथा कौशल किशोर के घर से सुशील श्रीवास्तव के घर तक सड़क एवं नाली निर्माण से सम्बन्धित संलग्नकों सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 आपको प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 3,75,400/- तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद महराजगंज के विकास खण्ड बृजमनगंज में मनरेगा योजना के कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच

83-श्री बजरंग बहादुर सिंह-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महराजगंज विकास खण्ड बृजमनगंज में विगत 3 वर्षों से मनरेगा योजना में हुए कार्यों में सरकार भ्रष्टाचार की जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

वित्तीय वर्ष 2009-2010 में मनरेगा कार्यों में अनियमितता सम्बन्धी कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त न होने के कारण विकास खण्ड बृजमनगंज की जांच नहीं हुई है। यदि साक्ष्य से समर्थित कोई

शिकायत प्राप्त होती है तो जांच करायी जा सकती है। वित्तीय वर्ष 2010-2011 तथा 2011-2012 के उक्त विकास खण्ड में मनरेगा कार्यों की जांच करायी गयी है और जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाये गये तत्कालीन कार्यक्रम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी बृजमनगंज के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलित है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के शास्त्रीनगर रास्तों पर सड़क एवं नाली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

84-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के शास्त्रीनगर, शिव पार्क के उत्तर में केवटहिया गांव के रास्ते पर सड़क एवं नाली निर्माण से सम्बन्धित संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क-5 नं0 111474 दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 2,53,000/- तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद सोनभद्र के थानों का कम्प्यूटरीकरण किये जाने की कार्यवाही

85-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सोनभद्र में कितने थाने अभी तक कम्प्यूटरीकृत नहीं हुए हैं ? क्या इन थानों को भी कम्प्यूटरीकृत कराने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ?

श्री अखिलेश यादव-

नवसृजित 05 थाना, म्योरपुर, शाहगंज, हाथीनाला, जुगैल एवं रामपुर बरकोनिया कम्प्यूटरीकृत नहीं हुये है।

सी0सी0टी0एन0एस0 (क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रेनिंग नेटवर्क सिस्टम) योजनान्तर्गत इन थानों को आच्छादित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

समय सीमा निर्धारित किया जाना सम्भव नहीं है।

प्रदेश में मा0 सांसदों/विधायकों को सुरक्षा की दृष्टि से गनर उपलब्ध कराया जाना

86-श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जनप्रतिनिधि/विधायकों को सुरक्षा की दृष्टि से एक गनर उपलबध कराया गया है ? यदि हां, तो क्या कभी-कभी गनर के छुट्टी पर चले जाने से जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा में कमी होने से असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनप्रतिनिधि/विधायकों की सुरक्षा को नियमित बरकरार रखने के लिये गनर की अवकाश की अवधि हेतु कोई उपाय करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

मा0 जनप्रतिनिधि (मा0 सांसदों/विधायकों) को सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-1773/6-पु-2-2001-700(1)/2001 दिनांक 25-04-2001 सहपठित शासनादेश संख्या-1174/6-पु-2-2007-700(1)/2001 दिनांक 30-07-2007 एवं शासनादेश संख्या-786/6-पु-2-2008-700(1)/2001 दिनांक 05-05-2008 में निहित प्राविधान के अन्तर्गत एक गनर/शैडों पदेन निःशुल्क अनुमन्य है और औचित्य पाये जाने पर 10 प्रतिशत निजी व्यय पर एक अतिरिक्त गनर/शैडों भी देय है। इसके अतिरिक्त विशेष जीवनभय होने पर जनपदीय सुरक्षा समिति से आख्या प्राप्त कर उच्च स्तरीय समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अतिरिक्त गनर/शैडों भी उपलब्ध कराये जाते हैं।

मा0 जनप्रतिनिधि (मा0 सांसदों/विधायकों) की सुरक्षा में नियुक्त गनर/शैडों के अवकाश पर जाने पर उसके स्थान पर महानुभाव के संबंधित जनपद से उपलब्धता के आधार प्रतिस्थानी उपलब्ध कराया जाता है।

उपर्युक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

उपर्युक्त के आलोक में प्रश्न नहीं उठता।

कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र छावनी में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराये जाने की मांग

87-श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर नगर के छावनी विधान सभा के अन्तर्गत वार्ड-77 श्याम नगर के क्षेत्र गिरजानगर में रेलवे लाईन के किनारे की सड़क एवं नाली क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस क्षेत्र में सड़क, जल भराव एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने हेतु कोई कारगर योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हाँ ।

प्रश्नगत क्षेत्र प्राईवेट सोसाइटी के अन्तर्गत आता है जोकि अभी नगर निगम को हस्तांतरित नहीं है । अतः उक्त क्षेत्र के विकास का दायित्व नगर निगम का नहीं है ।

प्रश्न नहीं उठता ।

उपरोक्तानुसार ।

88-श्री रमेश चन्द-

[1 ले बुधवार के अता0 प्रश्न सं0-182 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

89-श्री रमेश चन्द-

[1 ले बुधवार के अता0 प्रश्न सं0-183 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र लोनी मे पेयजल की समस्या का निराकरण

90-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के लोनी विधान सभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करने हेतु मार्च, 2007 से दिनांक 15-08-12 तक कुल कितने

हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन कराया गया, कितने रि-बोर कराये गये तथा कितने विधायक कोटे के अन्तर्गत लगाये गये हैं ? क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभावार तथा शहरी क्षेत्रों में वार्डवार/कालोनीवार विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद-गाजियाबाद के लोनी विधान सभा क्षेत्र में पेयजल समस्या के दृष्टिगत मार्च, 2007 से दिनांक 15-08-2012 तक कुल 1725 नग हैण्डपम्प, 742 नग रि-बोर हैण्डपम्प एवं विधायक कोटे के अन्तर्गत कुल 230 नग हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराया गया ।

विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ग्राम्य विकास विभाग के कार्यालय कक्ष में सूची अवलोकनार्थ उपलब्ध है ।

प्रश्न नहीं उठता ।

जनपद गाजियाबाद में प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत सड़कों का निर्माण का कार्य

91-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें स्वीकृत हैं तथा इन सड़कों पर कितना कार्य हुआ है और इस पर कितना धन व्यय हुआ है ? क्या स्वीकृत सड़कों का कार्य आज भी अधूरा है तथा पूर्ण सड़कों को मानक के अनुरूप न बनाये जाने से सड़कों की हालत काफी जर्जर है ? यदि हां, तो क्या सरकार अधूरी सड़कों का निर्माण तथा जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने के साथ-साथ उक्त स्वीकृत सड़कों की सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद-गाजियाबाद में वर्ष 2001-02 से वर्ष 2007-08 तक कुल 89 सड़कों का निर्माण/उच्चीकरण कराया गया है। वर्ष 2007-08 के पश्चात् जनपद में उक्त योजनान्तर्गत कोई सड़क स्वीकृत नहीं हुयी है। उपर्युक्त अवधि में निर्मित/उच्चीकृत की गई 89 सड़कों की फेजवार/वर्षवार सूची संलग्न है (संलग्नक-1)।

समस्त स्वीकृत सड़कों का निर्माण/उच्चीकरण सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

उपरोक्त उल्लिखित मार्गों के निर्माण/उच्चीकरण में रु0 5608.74 लाख व्यय किये गये हैं।

जी नहीं । सड़कों का निर्माण योजना के दिशा-निर्देशों व निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुसार किया गया है। मार्गों की गुणवत्ता का परीक्षण समय-समय पर निर्माण के दौरान व निर्माणोपरान्त नेशनल तथा स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स द्वारा किया जा चुका है। उक्त मार्गों में से 63 मार्गों को योजनान्तर्गत निर्धारित अनुरक्षण अवधि के 05 वर्ष पूर्ण हो जाने के पश्चात् अथवा अन्य कारणों से अनुरक्षण हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है। अवशेष 26 सड़कों को नियमित अनुरक्षण निर्धारित 05 वर्ष की अवधि के अन्तर्गत होने के कारण सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणोपरान्त मात्र 5 वर्ष तक ही अनुरक्षण का प्राविधान है। तदोपरान्त लोक निर्माण विभाग को सड़कें हस्तान्तरित कर दी जाती है, अतः 05 वर्ष की

निर्माण अवधि के उपरान्त हस्तान्तरित सड़कों पर अनुरक्षण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा विभागीय संसाधनों की उपलब्धता व उनकी प्राथमिकता/कार्य योजना के आधार पर किया जाता है। स्वीकृत समस्त 89 सड़कों की सूची संलग्नक-1 पर प्रस्तुत है।†

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माणोपरान्त 05 वर्ष की अवधि के अन्दर आने वाले मार्गों का नियमित अनुरक्षण कराया जा रहा है। जो मार्ग लो0नि0वि0 को उक्त अवधि समाप्त हो जाने के फलस्वरूप हस्तान्तरित हो चुके हैं, उनका अनुरक्षण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाना है।

प्रश्न नहीं उठता है।

92-श्री जाकिर अली-

[पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त]

जनपद गाजियाबाद में मनरेगा के अन्तर्गत मजदूरों की मजदूरी में अनियमितता की जांच की मांग

93-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद में वर्ष 2008 से अगस्त, 2012 तक मनरेगा के अन्तर्गत किन-किन विभागों द्वारा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान चेक द्वारा न करके मस्टर रोल भरकर अनियमित रूप से किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरवन्दि कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं। सभी भुगतान चेक द्वारा किये गये है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र लोनी में खराब पड़े हैण्डपम्पों को ठीक करवाये जाने की मांग

94-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के विधान सभा क्षेत्र लोनी में कुल कितने हैण्डपम्प खराब हैं ? क्या सरकार खराब हैण्डपम्पों को ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

विधान सभा क्षेत्र-लोनी में माह सितम्बर, 2012 तक 73 नग हैण्डपम्प अस्थाई रूप से एवं 76 नग हैण्डपम्प स्थाई रूप से खराब थे।

जी हां।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार अस्थाई रूप से खराब इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्पों के मरम्मत के कार्य सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के माध्यम से पंचायती राज विभाग द्वारा कराये जाते हैं। उपरोक्त 73 नग अस्थाई रूप से खराब हैण्डपम्प जो सामान्य मरम्मत योग्य थे, ग्राम पंचायतों द्वारा ठीक करा दिये गये हैं।

---

† देखिये नत्थी 'ख' आगे पृष्ठ 135-140 पर

स्थाई रूप से खराब हैण्डपम्पों की रि-बोरिंग ग्राम्य विकास विभाग द्वारा किये जाते हैं। 76 नग स्थाई रूप से खराब हैण्डपम्प जो रि-बोर योग्य हैं में से 31 नग हैण्डपम्प अभी तक रि-बोर कराये गये हैं। अवशेष 45 नग रि-बोर योग्य हैण्डपम्पों को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2012-13 में जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष रि-बोर कराया जाना प्रस्तावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र छावनी में डपका नाले का गन्दा पानी गंगा नदी में गिरने से रोकने की उपाय

95-श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर नगर के छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड-2 में आने वाला डपका नाला सहित गंदा पानी लेकर गंगा में गिरने वाले नाले बन्द करने अथवा इसका रास्ता बदलने हेतु कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड-2 के डबका नाले के ओवर फलों को गंगा नदी में गिरने से रोकने के लिये गंदे पानी का रास्ता बदलकर जाजमऊ एस0टी0पी0 तक ले जाने हेतु जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के यू0आई0जी0 कार्यांश के अन्तर्गत सीवर लाइन डालने का कार्य कराया जा रहा है। वार्ड-2 के शेष नाले यथा सत्ती चौरा नाला, धोबीघाट नाला, गोलाघाट नाला, नानराव घाट नाला आदि के गंदे पानी को गंगा नदी में गिरने से रोकने का प्रकरण छावनी परिषद् कानपुर के क्षेत्रान्तर्गत है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

96-श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया-

[1 ले गुरुवार के अता0 प्रश्न सं0-57 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

गोरखपुर महानगर के शास्त्रीनगर टैम्पों स्टैण्ड से साकेतनगर तक नाली निर्माण कराये जाने की मांग

97-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के शास्त्री नगर टैम्पो स्टैण्ड से हनुमत व्यायामशाला होते हुए साकेत नगर की बाउन्ड्री तक नाली निर्माण से सम्बन्धित संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 1,21,600/-तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती की तहसील रूधौली के गांव मझौवाकला में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की मांग

98-श्री संजय प्रताप जायसवाल-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के रुधौली तहसील के मझौवाकला गांव में जल प्रदूषित होने के कारण डायरिया से दो मौतें हो चुकी हैं तथा अन्य गांव भी प्रभावित हो रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार जल प्रदूषण को रोकने एवं ऐसे स्थानों को चिन्हित करके शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

जनपद-बस्ती के रूधौली तहसील के मझौवाकला में 14 इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प लगे हैं। डायरिया से प्रभावित मरीजों के आस-पास के इण्डिया मार्क- II हैण्डपम्पों के पानी की जांच में पानी की गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद फैजाबाद के धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास विषयक प्राप्त पत्र पर कार्यवाही की मांग

99-श्री रामचन्द्र यादव-

क्या संस्कृति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फैजाबाद स्थित कामाख्या देवी मन्दिर तथा अमौनी मठ जैसे अन्य दर्शनीय स्थलों के पर्यटन विकास के सम्बन्ध में मा0 मुख्य मंत्री को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 24-4-2012 प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रीमती अरूण कुमारी कोरी-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद महाराजगंज की तहसील फरेन्दा में शुद्ध पेयजल हेतु योजना की जानकारी

100-श्री बजरंग बहादुर सिंह-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महराजगंज की तहसील फरेन्दा जो बाढ़ प्रवाहित एवं जल जमाव का क्षेत्र है, में शुद्ध पेयजल हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

जनपद-महराजगंज की तहसील फरेन्दा में 05 पाइप पेयजल योजनाओं एवं 7539 नग अधिष्ठापित इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के ब्लाक ददरौल के ग्राम घरखेड़ा को जाने वाले सम्पर्क मार्ग को बनवाये जाने की मांग

101-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार जनपद शाहजहांपुर के ददरौल ब्लाक के ग्राम घरखेड़ा को जाने वाले सम्पर्क मार्ग को पी0एम0जी0एस0वाई0 योजना में चयनित करके बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद-शाहजहांपुर के विकास खण्ड ददरौल के ग्राम घरखेड़ा को जाने वाला सम्पर्क मार्ग खड़न्जा स्तर तक निर्मित है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जो कि 100 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना है और इस योजना के सम्बन्ध में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार खड़न्जा मार्ग से जुड़ी हुयी बसावट को एकल सम्पर्कता के अन्तर्गत जुड़ा हुआ माना जाता है। अतः उक्त मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत किया जाना सम्भव नहीं है।

जनपद लखनऊ के थाना आशियाना के पीछे पड़ी खाली जमीन पर अनधिकृत कूड़ा स्थल को खाली करवाये जाने की मांग

102-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में थाना आशियाना के पीछे गुरुद्वारा रोड पर पड़ी खाली जमीन पर नगर निगम द्वारा अवैध रूप से कूड़ा डालने के कारण फैलने वाली दुर्गन्ध से वहां के नागरिकों को आना जाना मुश्किल हो रहा है एवं बीमारियां फैलने का खतरा है ? यदि हां, तो क्या सरकार अनधिकृत कूड़ा स्थल हटवाकर भूमि खाली करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

प्रश्नगत खाली पड़ी भूमि पर नगर निगम द्वारा कूड़ा नहीं डाला जाता है। निजी रूप से कालोनी में लगे असमियों द्वारा घर से कूड़ा एकत्रित कर गन्दगी फैलाई जाती है जिसके सम्बन्ध में क्षेत्रीय खाद्य एवं सफाई निरीक्षक से आख्या प्राप्त कर नगर निगम के पत्र संख्या 315/यू0एन0ए0-5 दिनांक 14-8-2012 द्वारा थानाध्यक्ष थाना आशियाना को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

नगर निगम द्वारा स्थल पर फैली गन्दगी को हटवाकर सफाई कराई जा चुकी है। प्रश्नगत भूमि हर्बल गार्डेन के रूप में केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की भूमि है, जिन्हें उक्त भूमि की फैन्सिंग कराये जाने हेतु नगर निगम लखनऊ द्वारा पत्र दिनांक 25-10-2012 प्रेषित किया जा चुका है।

प्रश्न नहीं उठता।

103-श्री मनीष असीजा-

[1ले बुधवार के अता0 प्रश्न सं0-198 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

प्रदेश में वैवाहिक कार्यक्रम आदि में फायरिंग की घटनाओं को रोकने के हेतु प्रभावी कार्यवाही

104-श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में कानूनी रूप से समारोहों में फायरिंग पर रोक होने के बाद भी व्यवहारिक रूप से अभी भी प्रायः कई समारोहों में खुलेआम फायरिंग होने से लोगों को जनहानि उठानी पड़ती है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी रोकथाम हेतु कोई ठोस कानून बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

शादी विवाह, जन्मदिन, विजयी प्रदर्शनों, जुलूसों व लोक जमाव के स्थानों पर खुशी जाहिर करने के दौरान शस्त्रों के दुरुपयोग एवं फायरिंग की घटनाओं की प्रभावी रोकथाम हेतु शासन के पत्र सं0-1172आर/छः-पु-5-2012, दिनांक 3-7-12 तथा हर्ष फायरिंग कर शस्त्रों का दुरुपयोग करने वाले शस्त्र धारकों के शस्त्र लाइसेंस निलम्बित/निरस्तीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु समुचित निर्देश शासनादेश सं0-1171 आर/6-पु-5-12 दिनांक 3-7-12 द्वारा समस्त जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 को निर्गत किये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

लखनऊ के मायानगर मोहल्ले में जल निकासी की समस्या

105-श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर स्थित मायानगर मोहल्ले की मायानगर महल वाली रोड पर स्थित मंदिर के सामने एक छोटा नाला जल निकासी हेतु खोल दिये जाने से दूसरे मोहल्लों का गन्दा पानी आने से जल भराव हो जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नाले के पानी की निकासी को बन्द करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

जी नहीं।

उपरोक्तानुसार।

नाले को बन्द किये जाने पर जल निकासी अवरुद्ध हो जाने से जल भराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

लखनऊ के मायानगर मोहल्ले पोल में खराब स्ट्रीट लाइट लगवाने की व्यवस्था

106-श्री बंशी सिंह पहाड़िया-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर स्थित मायानगर मोहल्ले की मायानगर महल वाली रोड पर लगे स्ट्रीट लाइट के कितने खम्भों की स्ट्रीट लाइट ठीक है तथा कितने

खम्भों की स्ट्रीट लाइट खराब है ? क्या सरकार खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

मायानगर मोहल्ले में मायानगर महल वाली रोड पर 10 संख्या में प्रकाश विन्दु लगे हैं। सभी प्रकाश विन्दु प्रज्वलित हैं।

सभी प्रकाश विन्दु प्रज्वलित हैं।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता है।

जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली में शुद्ध पेयजल हेतु इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प स्थापित करने की मांग

107-श्री संजय प्रताप जायसवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती विधान सभा क्षेत्र रूधौली में रमजान के शुभ अवसरों पर शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु सरकार अतिरिक्त इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प 250 नग लगवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प का अधिष्ठापन भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार किया जाता है। जनपद-बस्ती की विधान सभा क्षेत्र रूधौली के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों-रूधौली, रामनगर, सल्टौआ, गोपालपुर (आंशिक) तथा साऊघाट (आंशिक) की कुल आबादी 598051 में कुल 7194 इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प अधिष्ठापित है। इस तरह प्रति हैण्डपम्प लगभग 83 जनसंख्या लाभान्वित हो रही है। इस प्रकार भारत सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अन्तर्गत उक्त विधान सभा क्षेत्र इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्पों से संतृप्त है।

जनपद गाजियाबाद की ग्रामीण जनता को पेयजल की किल्लत से मुक्ति दिलाने का प्रयास

108-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद की ग्रामीण जनता को पेयजल की किल्लत से मुक्ति दिलाये जाने हेतु सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो उसका प्रारूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

वर्तमान में जनपद-गाजियाबाद के 18 ग्रामों की पाइप पेयजल योजनायें ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की 03 पाइप पेयजल योजनायें, सुठारी पेयजल योजना, भोजपुर पेयजल योजना एवं चिरोड़ी पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

वित्तीय वर्ष 2012-13 में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 400 नग नये/रि-बोर हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के कतिपय इलाकों में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने की मांग

109-श्री उमेश पाण्डेय-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के मधुबन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दोहरी घाट मधुवन मार्ग पर सोनवर्षा प्रधान मंत्री सड़क से होते हुए सोनवर्षा अनुसूचित बस्ती से शिवकुमार के घर होते हुए चन्द्रवारी चौहान बस्ती तक की सड़क जिसकी लम्बाई लगभग 7.76 किलोमीटर है, पर गिट्टी डालकर निर्माण कार्य बन्द कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण बसावटों को मुख्य मार्ग से जोड़े जाने के सम्बन्ध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार कार्यवाही की जाती है। प्रश्नगत मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न ही उक्त मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कोई कार्य कराया गया है।

प्रश्नगत मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आच्छादित न होने के कारण इसका निर्माण इस योजना के अन्तर्गत कराया जाना सम्भव नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बेची गयी कालोनियों में अवस्थापना सेवायें ठीक करने की मांग

110-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बेची गयी कालोनी आशियाना, कानपुर रोड, योजना में सेक्टर एम में सड़क, सीवर, पार्क आदि अवस्थापना सेवायें नहीं हैं जबकि हाउस टैक्स एवं जलकर लगातार लिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कालोनी की अवस्थापना सेवायें ठीक करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

आशियाना कालोनी कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एम में पेयजलापूर्ति हेतु दो नलकूप लगे हुये हैं जिससे सेक्टर-एम के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है। कालोनी में सीवर लाइन पड़ी हुई है जिसकी सफाई नियमित रूप से कराई जाती है। सीवर के डिस्पोजल हेतु 3 सीवरेज पम्पिंग स्टेशन भी कार्य कर रहे हैं। जलकल विभाग द्वारा कालोनी के निवासियों से जलकर लिया जाता है नगर निगम द्वारा सड़क एवं पार्क का कार्य देखा जाता है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के शहरी क्षेत्र के गरीबों के परिवारों को आवास की व्यवस्था

111-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शहरी क्षेत्र के गरीबों को आवास देने की सरकार की योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? क्या अन्त्योदय व गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिये आवास की व्यवस्था करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां। प्रदेश के नगरीय निकायों की मलिन बस्तियों एवं अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में रहने वाले गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012-13 में नई ''आसरा'' आवासीय भवन योजना आरम्भ की गई है। इस योजनान्तर्गत पात्र शहरी गरीबों को आवासीय भवन निःशुल्क उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गयी है।

उक्त योजना चालू वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रारम्भ की गई है। योजना का क्रियान्वयन प्रक्रियाधीन है।

जनपद मऊ के ब्लाक फतहपुर मण्डाव के नन्दौर पट्टी से काठतरॉव तक क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराये जाने की मांग

112-श्री उमेश पाण्डेय-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के ब्लाक फतहपुर मण्डाव के अन्तर्गत नन्दौर चट्टी से काठतरॉव तक पी0एम0जी0एस0वाई0 की सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद-मऊ के विकास खण्ड-फतेहपुर मण्डॉव के अन्तर्गत नन्दौर चट्टी से काठतरॉव तक किसी सम्पर्क मार्ग का निर्माण नहीं किया गया है। अपितु जनपद-मऊ के विकास खण्ड-फतेहपुर मण्डॉव के अन्तर्गत नन्दौर चट्टी से मुस्तफाबाद तक नहर की पटरी पर 9.45 किलीमीटर मार्ग का निर्माण कराया गया है जो वर्ष 2008-09 में पूर्ण हुआ है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सम्बन्ध में भारत सरकार की गाइड लाइन्स के अनुसार योजनान्तर्गत निर्मित सड़कों के निर्माणोपरान्त 05 वर्ष तक उनके अनुरक्षण का दायित्व सम्बन्धित

ठेकेदार का है तथा इस प्रयोजन के लिये राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से धनराशि की व्यवस्था की जाती है। तत्क्रम में जनपद-मऊ के विकास खण्ड-फतेहपुर मण्डॉव के अन्तर्गत नन्दौर चट्टी से मुस्तफाबाद तक निर्मित मार्ग 05 वर्ष की सीमा के अन्तर्गत होने के दृष्टिगत उक्त मार्ग में वर्षा के कारण कुछ किलोमीटर में हुये पैचेज को भर दिया गया है।

योजना की गाइड लाइन्स के अनुसार पी0एम0जी0एस0वाई0 योजना में निर्मित मार्गों का पुनर्निर्माण कराया जाना अनुमन्य नहीं है।

113-श्री सुरेश राणा-

[2सरे बुधवार के अता0 प्रश्न संख्या-45 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

प्रदेश के प्रत्येक पुलिस थाना क्षेत्र में दुर्घटना होने व मृतक को पोस्टमार्टम हाउस ले जाने आदि के लिये व्यवस्था किये जाने का विवरण

114-श्री केशव प्रसाद (कुशवाहा) मौर्य-

क्या मुख्य मंत्री कृपया बतायेंगे कि प्रत्येक पुलिस थाना क्षेत्र में दुर्घटना आदि से होने वाली मौत के बाद मृतक को घटना स्थल से पोस्टमार्टम हाउस तक ले जाने और वापस लाने के लिए कोई व्यवस्था है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां। शवों को मर्यादित तरीके से पोस्टमार्टम एवं अन्तिम संस्कार हेतु ले जाने के लिये लावारिश शवों के निस्तारण हेतु रु0 2700/-प्रति लावारिश लाश हेतु व्यवस्था की गयी है, जिसमें मृतक को घटना स्थल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने व मरघट/कब्रिस्तान ले जाने हेतु प्रति शव रु0 400/-किराये हेतु व्यवस्था का प्राविधान किया गया है। जिन जनपदों में शासकीय वाहन उपलब्ध हैं वहां पर यथा सम्भव शवों को ढोने के लिये शव वाहन का ही प्रयोग किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद कौशाम्बी के विधान सभा क्षेत्र सिराथू में पानी की समस्या के निराकरण के उपाय

115-श्री केशव प्रसाद (कुशवाहा) मौर्य-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के सिराथू विधान सभा क्षेत्र में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण हैण्डपम्पों द्वारा पानी देना बन्द होने से उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए सभी ग्राम सभाओं में सरकार पानी की टंकी बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद-कौशाम्बी में सिराथू विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 31 गांवों में पाइप पेयजल योजना एवं 7205 इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्पों के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

यहां के भूजल स्तर को देखते हुये नये हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन एवं रिबोर योग्य हैण्डपम्पों की रि-बोरिंग अधिक गहराई पर की जा रही है। राष्ट्रीय ग्रमीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक प्रदेश के 90 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से जलापूर्ति किये जाने का लक्ष्य है। भारत सरकार के उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु चरणबद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

उपर्युक्तानुसार।

जनपद कानपुर नगर छावनी क्षेत्र के खम्भों में समुचित प्रकाश व्यवस्था कराये जाने की मांग

116-श्री रघुनन्दन सिंह भदौरिया-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा जनपद कानपुर नगर छावनी के क्षेत्रों में कई खम्भों पर प्रकाश की व्यवस्था न होने से आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं तथा इन क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति भी जर्जर है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन खम्भों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जनपद कानपुर नगर स्थित छावनी क्षेत्र नगर निगम के कार्य क्षेत्र में नहीं आता है। प्रश्नगत कार्य छावनी परिषद, कानपुर से सम्बन्धित है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

गोरखपुर महानगर के राजेन्द्र नगर में वृन्दावन कालोनी की सड़क पर गली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

117-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के राजेन्द्र नगर में वृन्दावन कालोनी के गेट से हरिराम के बाग तक सड़क एवं नाली निर्माण से सम्बन्धित संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 1,14,400/-तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के चित्रगुप्त नगर वृन्दावन कालोनी के पीछे सी0सी0 रोड एवं गली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

118-डा0 राधामोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के चित्रगुप्त नगर वृन्दावन कालोनी के पीछे सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण से सम्बन्धित संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कर आगणन धनांक रु0 27,21,000/-तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश की तहसीलों में न्यायालय की स्थापना

119-श्री अगयश रामसरन वर्मा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों पर सिविल जज जूनियर डिवीजन एवं मजिस्ट्रेट न्यायालय स्थापित हो चुका है ? क्या सरकार बतायेगी कि किन-किन तहसीलों में उक्त न्यायालय स्थापित होना शेष है तथा कब तक शेष तहसीलों में न्यायालय स्थापित हो जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

प्रदेश में तहसीलों के मुख्यालय स्तर पर मुंसिफ कोर्ट की स्थापना हेतु सम्बन्धित बार एसोसियेशन आदि के प्रस्ताव प्राप्त होने पर न्यायालय की स्थापना हेतु मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विचार किया जाता है। मा0 उच्च न्यायालय की संस्तुति प्राप्त होने पर न्यायालय की स्थापना हेतु शासन द्वारा अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है।

प्रदेश में व्यावसायिक शस्त्र लाइसेंसों के निरस्तीकरण से सम्बन्धित जिलाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में जानकारी

120-श्री अगयश रामसरन वर्मा-

विधान सभा के प्रथम सत्र, 2012 के प्रथम सोमवार के अता0प्र0सं0-31 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कथित व्यावसायिक शस्त्र लाइसेंसों के निरस्तीकरण से सम्बन्धित जिलाधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है ? यदि नहीं, तो विलम्ब का क्या कारण है तथा विलम्ब के लिए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शामली के कृष्णा नदी के निकट गांवों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने की योजना

121-श्री सुरेश राणा-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली (प्रबुद्धनगर) में थाना भवन विधान सभा क्षेत्र के मध्य से बह रही कृष्णा नदी से हो रहे भयंकर जल प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए क्या नदी के पास गांवों में सरकार स्वच्छ पेयजल हेतु टंकियों का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद-शामली के विधान सभा क्षेत्र-थाना भवन के मध्य से बह रही कृष्णा नदी के किनारे स्थित चंदेनामाल व कैंडी ग्रामों में पाइप पेयजल योजना निर्माणाधीन है।

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक समस्त ग्राम पंचायतों को पाइप पेयजल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई गयी है।

उपर्युक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हापुड़ के देहात थाना भवन का निर्माण

122-श्री गजराज सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि हापुड़ शहर में हापुड़ देहात थाना का भवन बन गया है ? यदि नहीं, तो थाने के भवन का निर्माण कब तक करा दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

थाना हापुड़ देहात के प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु रु0 44.82 लाख का व्ययभार अनुमानित है। थाना के प्रशासनिक भवन का निर्माण वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है। समय सीमा निर्धारित किया जाना सम्भव नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

लखनऊ के जी0पी0ओ0 के सामने चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था

123-श्री गजराज सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर स्थित जी0पी0ओ0 के सामने बने चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस न होने के कारण काफी जाम लगा रहता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था स्थाई रूप से करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

लखनऊ नगर स्थित जी0पी0ओ0 के सामने बने चौराहे पर दो शिफ्टों में 02 आरक्षियों की ड्यूटी तथा हजरतगंज से कैपिटल सिनेमाघर के बीच सड़क पर यातायात व्यवस्था हेतु 01 मुख्य आरक्षी लगातार ड्यूटी में तैनात रहते हैं, जिससे सामान्यतया यातायात जाम की समस्या नहीं रहती है।

उक्त स्थान पर प्रमुख मार्ग कुछ संकरा है। वहीं पास में रोडवेज व सिटी बसों का ठहराव (स्टापेज) भी है। इन कारणों से कभी-कभी व्यवस्त समय में यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर यातायात धीमी गति से संचालित होता है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद खीरी के विधान सभा क्षेत्र धौरहरा में ओवर हेड टैंक का निर्माण

124-श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद खीरी के विधान सभा क्षेत्र धौरहरा के अन्तर्गत कितने ओवरहेड टैंकों का निर्माण कराया गया है तथा कितने ओवरहेड टैंक बनने शेष हैं ? क्या सरकार शेष ओवरहेड टैंकों को बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

विधान सभा क्षेत्र धौरहरा के अन्तर्गत 10 ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में कुल 11 नग ओवर हेड टैंक का निर्माण कराया जा चुका है। वर्तमान में स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष कोई भी ओवर हेड टेंक बनाया जाना शेष नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद ललितपुर में आरक्षण के अनुरूप अनुसूचित जाति के पुलिस अधिकारियों की तैनाती

125-श्री फेरन लाल-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद ललितपुर में आरक्षण के मुताबिक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के एस0एच0ओ0 तथा एस0ओ0 कार्यरत हैं ? यदि नहीं, तो क्या सरकार आरक्षण के अनुरूप अनुसूचित जाति के अधिकारियों की तैनाती करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जनपद ललितपुर में वर्तमान में 16 थाने हैं। आरक्षण के अनुरूप अनुसूचित जाति के 21 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के 02 प्रतिशत के आरक्षण का प्राविधान है।

उपरोक्तानुसार जनपद में अनुसूचित जाति के कुल 03 एस0एच0ओ0/एस0ओ0 नियुक्त होने चाहिये। वर्तमान में अनुसूचित जाति के कुल 03 एस0एच0ओ0/एस0ओ0 जनपद ललितपुर में नियुक्त हैं।

अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत के आधार पर कार्मिक की संख्या 0.5 से भी कम आती है। तद्नुरूप अनुसूचित जनजाति के किसी भी कार्मिक की नियुक्ति एस0एच0ओ0/एस0ओ0 के पद पर होना नहीं पाया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा की जगदीशपुरा मलित बस्ती के गड्ढे को पाटने की मांग

126-श्री गुटियारी लाल दुवेश-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जगदीशपुरा मलिन बस्ती आगरा के मध्य में चार एकड़ क्षेत्रफल में बने 20 फुट गहरे गड्ढे में गन्दा पानी एवं सिल्ट पड़ी होने से आये दिन वहां दुर्घटनायें होती रहती हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गड्ढे को पाटकर गन्दगी से निजात दिलाने हेतु कोई उपाय करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां, गड्ढ़ा है जिसमें पानी भर जाता है लेकिन दुर्घटना की कोई सूचना नहीं है।

जी नहीं, यह निजी सम्पत्ति है।

इस गड्ढे में पास की बस्तियों का पानी जमा होता है। इस भूमि का स्वामित्व निजी होने के कारण इसको पाटा नहीं जा सकता है। नगर निगम द्वारा पम्पों के माध्यम से इस गड्ढे में जमा होने वाले पानी को समीपवर्ती नाले में डालकर निकाल दिया जाता है, जिससे दुर्घटना की सम्भावना नहीं रहती है।

127-श्री नीरज (कुशवाहा) मौर्य-

[1ले शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-67 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद मऊ के ब्लाक फतेहपुर मड़ाव की ग्राम सभा लउवा में कच्ची शराब के कारोबार को बन्द कराये जाने की मांग

128-श्री उमेश पाण्डेय-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के ब्लाक फतेहपुर मड़ाव के ग्राम सभा लउवा साथ में प्रेमशंकर पुत्र खखलू, साहब दयाल पुत्र पप्पन, बनवारी, बाबूराम पुत्रगण दशरथ, सूर्यभान पुत्र किशोर आदि द्वारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब का कारोबार किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अवैध शराब के कारोबार को बन्द कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जनपद मऊ के स्थानीय पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जाती है तथा समय-समय पर अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चला कर शराब बनाने वाले करोबारियों के यहां दबिश डाली जा रही है। दिनांक 17-10-2012 को दविश दी गई तो बाबूराम पुत्र दशरथ यादव, ग्राम-लौवासाथ, थाना मधुवन के यहां से 15 ड्रम तथा 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

जी हां।

बाबूराम पुत्र दशरथ यादव, ग्राम लौवासाथ, थाना-मधुवन के यहां से 15 ड्रम तथा 15 लीटर अवैध देशी शराब बरामद होने के प्रकरण में थाना-मधुवन में मु0अ0सं0-663/2012, धारा-60(2) आबकारी, अधिनियम पंजीकृत विधिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

129-श्री उमेश पाण्डेय-

[1ले शुक्रवार के अता0प्र0सं0-68 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

गोरखपुर महानगर के मोहल्ला बजरंगनगर में सड़क एवं नाली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

130-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के मोहल्ला बजरंग नगर, गोरखनाथ में सड़क एवं नाली निर्माण विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 आपको प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कर आगणन धनांक रु0 11.78 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के बरगदवा चौराहे पर धर्मराज चौहान के यहां चक्की के पास सड़क एवं नाली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

131-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के बरगदवा चौराहे से पश्चिम धर्मराज चौहान के आटा की चक्की के बगल के रास्ते पर सड़क एवं नाली निर्माण विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 आपको प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कर आगणन धनांक रु0 3,88,000/-तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

132-श्री जय प्रकाश निषाद-

[2सरे बुधवार के अता0 प्रश्न सं0-190 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

लखनऊ के ग्राम खरगापुर के गुरुकुल विद्यापीठ के रास्ते पर प्रकाश की व्यवस्था कराये जाने की मांग

133-श्री जय प्रकाश निषाद-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के ग्राम खरगापुर में कामाख्या धाम मन्दिर से गुरूकुल विद्यापीठ होते हुए रामजानकी मंदिर लेन (कौशलपुरी कालोनी) में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण आये दिन चोरियां व दुर्घटनायें होती रहती हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कालोनी में मार्ग प्रकाश की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

उक्त क्षेत्र नगर निगम सीमा में शामिल नहीं है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

उक्त क्षेत्र नगर निगम सीमा में शामिल न होने के कारण नगर निगम द्वारा प्रकाश व्यवस्था कराया जाना सम्भव नहीं है।

प्रदेश में पूर्व विधायकों की भांति उनकी विधवाओं को पेंशन दिये जाने का विचाराधीन प्रकरण

134-श्री उमेश पाण्डेय-

क्या संसदीय कार्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी पूर्व विधायकों की विधवाओं को पेंशन दी जा रही है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार सभी पूर्व विधायकों की विधवाओं को पेंशन देगी ? यदि हां, तो कब तक ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

जी नहीं।

सभी पूर्व विधायकों की विधवाओं को पेंशन दिये जाने का प्रकरण शासन के विचाराधीन है।

कोई तिथि या समय निश्चित किया जाना संभव नहीं है।

गोरखपुर महानगर के मोहद्दीपुर में कतिपय सुविधाओं को पूर्ण करने की मांग

135-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के मोहद्दीपुर में श्री चन्द्रभान के घर से श्री विन्ध्याचल के घर तक एवं राजेन्द्र नगर पूर्वी में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट के निर्माण विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0-111474, दिनांक 8-8-12 आपको प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

जी हां।

कार्यस्थल का निरीक्षण कराकर आगणन धनांक रु0 67,841/- तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के ग्राम्य विकास अभिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों को राज्य सरकार की भांति सेवानिवृत्त आयु बढ़ाये जाने की मांग

136-श्री अगयश राम सरन वर्मा-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ग्राम्य विकास अभिकरण में सीधी भर्ती से नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अधिवर्षता आयु, सेवा शर्तों के अनुसार राज्य सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समान किये जाने की विधिक व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या यह सही है कि जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 58 वर्ष में ही सेवानिवृत्त किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या इनकी भी अधिवर्षता आयु 60 वर्ष की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

जी हां।

जी नहीं।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण रजिस्ट्रेशन ऑफ सोसायटी ऐक्ट-1860 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था है। इनके कार्मिक राज्य कर्मचारियों की श्रेणी में नहीं आते हैं।

प्रदेश के छोटे नगरों/शहरों के क्षतिग्रस्त मार्गों को ठीक कराये जाने की नीति सम्बन्धी जानकारी

137-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में छोटे नगरों/शहरों के क्षतिग्रस्त मार्गों को ठीक कराने की क्या नीति है ? क्या सरकार शाहजहांपुर नगर के सुभाषनगर मोहल्ले की क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

प्रदेश की स्थानीय निकाय स्वायत्तशासी संस्थायें हैं। छोटे नगरों/शहरों के क्षतिग्रस्त मार्गों को ठीक कराने के सम्बन्ध में निकायों द्वारा स्थानीय स्तर पर ऐसे मार्गों को चिन्हित करते हुए तदुपरान्त बोर्ड प्रस्ताव पारित कर धन की उपलब्धता के आधार पर वरीयता के क्रम में मरम्मत करायी जाती है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर में अपराधों की रोकथाम के उपाय

138-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शाहजहांपुर में बढ़ते हुये अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जनपद में दिनांक 16-03-12 से दिनांक 31-10-12 तक घटित अपराधों के परिप्रेक्ष्य में कृत समीक्षा के आधार पर तुलनात्मक रूप से इस वर्ष अपराधों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है। समस्त थानों पर सुसंगत धारा में अपराध पंजीकृत कराये जाते हैं। वांछित अभियुक्तों एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु नियमित दविशें दी जा रहीं हैं। गुण्डा एक्ट व गैंगेस्टर एक्ट में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। समय-समय पर पुलिस महानिरीक्षक बरेली जोन बरेली, पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली, व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपराध एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। अपराध स्थिति नियंत्रण में है।

139-श्री सुरेश राणा-

[1ले मंगलवार के अता0प्रश्न सं0-102 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

140-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

[1ले बुधवार के अता0 प्रश्न सं0-188 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

141-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

[1ले मंगलवार के अता0 प्रश्न सं0-119 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद कौशाम्बी में प्रेस क्लब कार्यालय हेतु भूमि दिये जाने की मांग

142-श्री केशव प्रसाद (कुशवाहा) मौर्य-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी में प्रेस क्लब कार्यालय के लिये भूमि दिये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होने पर यथासमय नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्न ही नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के ब्लाक प्रमुख निगोही की श्रीमती सरोज कुमारी गौतम आदि के समर्थकों पर पुलिस लाठीचार्ज पर कार्यवाही की मांग

143-श्री रोशन लाल वर्मा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिनांक 24-08-12 को श्रीमती सरोज कुमारी गौतम, ब्लाक प्रमुख निगोही, शाहजहांपुर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव चर्चा में ब्लाक प्रमुख निगोही एवं उनके पति महेश गौतम व बी0डी0सी0 सदस्य श्री श्याम नारायण मिश्र व अन्य समर्थकों पर पुलिस द्वारा की गई लाठी चार्ज के सम्बन्ध में श्रीमती सरोज कुमारी गौतम द्वारा थाना निगोही में दिनांक 24-08-12 को तहरीर दी गई थी ? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त प्रकरण पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

दिनांक 24-08-12 को श्रीमती सरोज कुमारी गौतम द्वारा थाना हाजा पर कोई तहरीर अथवा प्रार्थना-पत्र नहीं दिया गया था, बल्कि थाना हाजा पर दिनांक 24-08-12 को सरकारी कार्य निर्वहन में बाधा डालने, चोट पहुंचाने तथा लोक व्यवस्था छिन्न-भिन्न करने के बावत श्रीमती सरोज कुमारी गौतम आदि 07 नामित तथा 60-70 अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध मु0अ0सं0-349/12 धारा-147/148/186/188/152/332/353/504 भा0दं0वि0 व क्रि0लॉ0 अधिनियम को अभियोग पंजीकृत कराया गया है, जो सम्प्रति विवेचनाधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

अलीगढ़ शहर में सुरेन्द्र नगर पानी की टंकी की क्षतिग्रस्त रोड की मरम्मत कराये जाने की मांग

144-श्री दलवीर सिंह-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अलीगढ़ शहर में सुरेन्द्र नगर तिराहे से सुरेन्द्र नगर पानी की टंकी तक रोड क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

जी हाँ।

नगर निगम अलीगढ़ के कार्यकारिणी/सदन की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त व धन उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जा सकेगा।

उपरोक्तानुसार।

145-श्री पूरन प्रकाश-

[पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त]

जनपद मथुरा के मानसी गंगा के जल को शुद्ध बनाये रखने की योजना सम्बन्धी जानकारी

146-श्री पूरन प्रकाश-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मथुरा में गोवर्धन गिरिराज महाराज की तलहटी में मानसी गंगा के जल को शुद्ध बनाये रखने की सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि हां, तो, क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

जी हाँ।

मानसी गंगा के जल को शुद्ध बनाये रखने हेतु ''मानसी गंगा प्रदूषण नियंत्रण एवं पुनरोद्धार योजना'' राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है। इस योजना के अन्तर्गत मानसी गंगा लेक के जल को निकाल कर तलहटी से सिल्ट की सफाई तथा गोवर्धन नगर का प्रदूषित जल पम्पिंग स्टेशन के माध्यम से शोधन हेतु एस0टी0पी0 पर भेजने की व्यवस्था है। पानी की स्वच्छता का स्तर बनाये रखने हेतु 03 नग नये ट्यूबवेल मीठे जल के श्रोत से प्रतिदिन मानसी गंगा लेक में ताजा पानी प्रवाहित करने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त नगर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य, घाटों की मरम्मत, शौचालयों का निर्माण कार्य, रफनिंग फिल्टर के भी कार्य कराये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के ग्रामों के पात्र एवं अर्ह निराश्रित महिलाओं को पेंशन दिये जाने विषयक पत्र पर कार्यवाही

147-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या महिला कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के पात्र व अर्ह विधवाओं को पेंशन प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-वि0प0/ज0हि0/012-13/क-5 नं0 138665/1042, दिनांक 19-08-12 क्षेत्र पंचायत अधिकारी पयागपुर, बहराइच को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो इस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रीमती अरुण कुमारी कोरी-

जी हां।

प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 19-08-12 के क्रम में विकास खण्ड कार्यालय पयागपुर द्वारा अपने पत्र संख्या-621 दिनांक 23-08-12 के द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम्य विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारियों को अपने क्षेत्र के पात्र एवं अर्ह निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का प्रस्ताव

ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस क्रम में चार आवेदन प्राप्त हुए है, जिन्हें जिला प्रोबेशन अधिकारी बहराइच को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर नगर के सुलभ शौचालय व पेशाबघर की सफाई की व्यवस्था

148-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शाहजहांपुर नगर में कुल कितने सुलभ शौचालय व पेशाबघर हैं ? क्या सरकार किसी संस्था की देख-रेख में सफाई इत्यादि के लिये कोई विशेष व्यवस्था करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

शाहजहांपुर नगर में 02 सुलभ शौचालय व 10 पेशाबघर हैं।

सुलभ शौचालयों की सफाई सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा तथा पेशाबघरों की सफाई नगर पालिका परिषद् शाहजहांपुर द्वारा निरंतर कराई जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में शस्त्र लाइसेन्स दिये जाने हेतु दिशा निर्देश

149-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शस्त्र लाइसेंस हेतु चरित्र प्रमाणित करने के सम्बन्ध में विधायकों के शपथ-पत्र के साथ आवेदकों को प्रार्थना-पत्र जमा करने का निर्देश/आदेश दिया गया है ? यदि हां, तो विधायकों से शपथ-पत्र लिये जाने का क्या औचित्य है ? क्या सरकार आवेदकों के प्रार्थना-पत्र के साथ मा0 सदस्यों से शपथ-पत्र न लेने हेतु प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता है।

शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किये जाने के संबंध में गृह मंत्रालय भारत सरकार के विस्तृत दिशा निर्देश दिनांक 31-03-2010 को शासन द्वारा समस्त जिला मजिस्ट्रेटों के अनुपालन हेतु दिनांक 27-04-2010 को प्रेषित किया गया है। शस्त्र लाइसेंसों के निस्तारण के संबंध में निर्गत उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व समस्त शासनादेशों को अवक्रमित करते हुए गृह मंत्रालय, भारत सरकार के उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु पुनः शासन के पत्र संख्या-1189 आर/छ-पु-5-2012, दिनांक 12-07-2012 द्वारा समस्त जिला मजिस्ट्रेटों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर में राजटोला से घोसीपुरवा तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

150-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के राजभर टोला से घोसीपुरवा रेलवे क्रासिंग तक सी0सी0 रोड तथा नाली निर्माण से सम्बन्धित संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रश्नगत क्षेत्र प्राईवेट कालोनी है। नगर निगम स्तर से कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

गोरखपुर महानगर के महावीरपुरम् मोहल्ले की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराये जाने सम्बन्धी पत्र पर कार्यवाही

151-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के वार्ड नं0-19 में महावीरपुरम् मोहल्ले की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं जल जमाव दूर करने विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खाँ-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कर आगणन धनांक रु0 28.34 लाख तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

152-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

[1ले मंगलवार के अता0प्रश्न सं0-120 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद सीतापुर के विकास खण्ड खैराबाद की अनेकों ग्राम पंचायतों में इन्दिरा आवास व शौचालय निर्माण में पुरानी ईंटों के प्रयोग का कथित प्रकरण

153-श्री सन्त प्रसाद-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत सिकटिहा, जैतीखेड़ा, सराय यूसुफ, उनसिया, सिपाह, खपूरा, रामपुर एवं जवाहरपुर में वर्ष 2010 से 2012 तक बने इन्दिरा आवासों तथा शौचालयों के निर्माण में खड़न्जे की पुरानी ईंटों का प्रयोग किया गया है तथा कुछ आवास बनाये ही नहीं गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां। ग्राम पंचायत सिकटिहा, जैती खेड़ा, सराय यूसुफ, उनसिया, सिपाह, खपूरा, रामपुर एवं जवाहरपुर में वर्ष 2010 से 2012 तक बने इन्दिरा आवासों तथा शौचालयों के निर्माण में खड़न्जे की पुरानी ईटों का प्रयोग नहीं किया गया। आवासों के सत्यापन के आधार पर 172 आवासों के सापेक्ष 157 आवास पूर्ण तथा 15 आवास निर्माणाधीन पाये गये। इन्दिरा आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण हेतु लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी है। निर्माणाधीन आवासों से संबंधित 15 लाभार्थियों को आवास पूर्ण किये जाने हेतु नोटिस तामिल करा दी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

154-श्री रमेश चन्द्र-

[1ले शुक्रवार के अता0प्रश्न सं0-69 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

155-श्री रमेश चन्द्र-

[1ले शुक्रवार के अता0प्रश्न सं0-70 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

गोरखपुर महानगर के वार्ड नं0 19 में सी0सी0 रोड बनवाने सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

156-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के वार्ड नं0-19 में मस्जिद के सामने अतीक अहमद के मकान से चुन्नू खां के मकान तक नाली बनवाने एवं नथमदपुर में बंटी शामियाना हाउस से लेकर बजरंगनगर पार्क तक सी0सी0 रोड बनवाने विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्र पत्रांक-क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

वार्ड नं0 19 में मस्जिद के सामने अतीक अहमद के मकान से चुन्नू खां के मकान तक नाली बनवाने एवं नथमदपुर में बंटी शामियाना हाउस से लेकर बजरंगनगर पार्क तक सी0सी0 रोड बनवाने हेतु क्रमशः आगणन धनांक रु0 1,50,000/- एवं 11,78,000/- तैयार कर लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

157-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

[1ले गुरुवार के अता0प्रश्न सं0-123 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद लखीमपुर खीरी के विधान सभा क्षेत्र धौरहरा के ग्राम महमदपुर कफारा में मिट्टी का कार्य कराये जाने की मांग

158-श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखीमपुर खीरी के विधान सभा क्षेत्र धौरहरा के ग्राम महमदपुर कफारा में पुलिया के पास मिट्टी का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

दिनांक 31 मार्च, 2013 तक।

प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश सचिवालय में प्रवर वर्ग सहायक के पद पर नियमावली के अनुसार स्थाई पदों पर भरे जाने का प्रावधान

159-श्री रामचन्द्र यादव-

क्या मुख्य मंत्री को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश सचिवालय में अवर वर्ग सहायक के पद पर लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 1974 में चयनित लगभग 150 अवर वर्ग सहायकों की नियुक्ति की गई थी ? यदि हां, तो क्या उन सहायकों को अवर वर्ग सहायक पद पर स्थाई किया गया ? क्या यह सही है कि वर्ष 1974 में चयनित सहायकों को बिना अवर वर्ग सहायक के पद पर स्थाई किये नियमों को शिथिल करके प्रवर वर्ग सहायक पद पर स्थाई कर दिया गया है ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

जी नहीं।

उ0प्र0 सचिवालय लिपिक वर्गीय कर्मचारी वर्ग नियमावली, 1942 के नियम-21 में प्रवर वर्ग सहायक के 33 प्रतिशत पद पोषक संवर्ग के कतिपय अन्य पदों के साथ स्थायी अवर वर्ग सहायकों से भरे जाने का प्राविधान था। उ0प्र0 सचिवालय प्रवर वर्ग सहायक एवं अवर वर्ग सहायक (स्थानापन्न पदोन्नतियों का विनियमितीकरण) नियमावली, 1990 के नियम-4(1) में स्थानापन्न पदोन्नतियों के विनियमितीकरण के संबंध में यह प्राविधान किया गया कि आयोग द्वारा अवर वर्ग सहायक के पद पर नियमित नियुक्ति के लिए अनुमोदित कर दिये जाने के पश्चात् ऐसे पद पर नियुक्त किया गया हो और तत्पश्चात् दि0 1-04-1989 के पूर्व प्रवर वर्ग सहायक के पद पर स्थानापन्न हैसियत में पदोन्नत किया गया हो और इस रूप में निरन्तर कार्यरत हो। इस प्रकार उक्त नियमावली, 1990 में किये गये प्राविधान से प्रवर वर्ग सहायक पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत कार्मिकों को उक्त पद पर विनियमित किये जाने हेतु अवर वर्ग सहायक के पद पर स्थायी होने की अनिवार्यता नहीं रह गई थी। वर्ष 1974 में लोक सेवा आयोग से अवर वर्ग सहायक के पद पर चयनित कार्मिकों को उक्त नियमावली, 1990 के नियम-4(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रवर वर्ग सहायक के पद पर दिनांक 23-7-90 को विनियमित किया गया।

लखनऊ के शिवानी विहार कालोनी कल्याणपुर की समस्त सड़कों की मरम्मत कराये जाने की मांग

160-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शिवानी विहार कालोनी, कल्याणपुर, लखनऊ की समस्त सड़कें सीवर लाइन डालने हेतु खोदी गई थीं तथा मरम्मत कराने के बाद आंशिक/पूर्णतः धंस गई हैं ? यदि हां, तो इनकी मरम्मत/निर्माण कब तक करा दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

सड़क में मेनहोल बाद में बनाये जाने के कारण मेनहोल के पास कहीं-कहीं पर सड़क धंस गई है, जिस पर कच्चा पैच कराकर आवागमन सुचारू कर दिया गया है।

उपरोक्तानुसार।

161-श्री सुनील कुमार सिंह यादव-

[2सरे बुधवार के अता0 प्रश्न सं0-191 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद बहराइच के विकास खण्ड जरवल में पात्र एवं अर्ह निराश्रित महिलाओं को पेंशन दिये जाने सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

162-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या महिला कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विकास खण्ड जरवल में पात्र एवं अर्ह निराश्रित महिलाओं को पेंशन दिये जाने सम्बन्धी प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-वि0प0/ज0हि0/012-13/क-एस0/नं0 138669/1048, दिनांक 19-08-12 खण्ड विकास अधिकारी, जरवल को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रीमती अरुण कुमारी कोरी-

जी हां।

प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 19-08-12 के क्रम में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जरवल द्वारा ग्राम पंचायत देवीदासपुर के 5 लाभार्थियों के आवेदन पत्र जिला प्रोबेशन अधिकारी बहराइच को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये गये।

प्रश्न नहीं उठता।

उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति का प्रतिशत

163-श्री मनीष असीजा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उ0प्र0 पुलिस विभाग में पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति का प्रतिशत क्या है ? क्या सरकार पुरुष तथा महिला पुलिस कर्मियों के बीच के अन्तर को कम करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

उ0प्र0 राज्याधीन सेवाओं में शासनादेश संख्या 18/1/99/का-2-99 दिनांक 26-02-1999 द्वारा सीधी भर्ती के पदों पर भर्ती में रिक्त के 20 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य है। पुलिस विभाग के कार्यकारी बल में उप निरीक्षक ना0पु0 एवं आरक्षी के पदों पर सीधी भर्ती होती है। उप निरीक्षक ना0 पु0 एवं आरक्षी के पद पर भर्ती में उपरोक्त शासनादेश के अनुसार 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की सुविधा अनुमन्य करायी जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

फिरोजाबाद नगर में पेयजल समस्या के निदान के उपाय

164-श्री मनीष असीजा-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर फिरोजाबाद में 400 फीट से नीचे खारा पानी होने तथा 400 फीट से ऊपर न्यूनतम जल स्तर होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार फिरोजाबाद नगर की पेयजल समस्या के निदान हेतु डीप बोर लगभग 2000 फीट की बोरिंग करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

फिरोजाबाद नगर में उ0प्र0 जल निगम द्वारा नलकूप के लिए किये गये 220 मी0 (720 फिट) के ट्रायल बोर में खारा पानी पाया गया।

फिरोजाबाद नगर में 600 मी0 (2000 फिट) गहरी बोरिंग कराने के लिए केन्द्रीय भू-गर्भ सर्वेक्षण बोर्ड, लखनऊ को प्रकरण दिनांक 17-11-2012 को सन्दर्भित किया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्यवाही संभव हो सकेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हमीरपुर के सुमेरपुर नगर की बस्तियों एवं मजरे के लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिये जाने की मांग

165-साध्वी निरंजन ज्योति-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर में सुमेरपुर नगर से सटी बस्तियों एवं मजरे के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं ? यदि हां, तो क्या इन बस्तियों व मजरों को नगर सीमा विस्तार में जोड़ा जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

प्रकरण का परीक्षण कराया जा रहा है। परीक्षणोपरान्त नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड हजूरपुर के ग्रामों में पात्र निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन प्रदान करने सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

166-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या महिला कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विकास खण्ड हजूरपुर के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के पात्र निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन प्रदान करने सम्बन्धी प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-वि0प0/ज0हि0/012-13/ क-एस0/नं0 138667/1044, दिनांक 19-08-12 खण्ड विकास अधिकारी, हजूरपुर को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रीमती अरुण कुमारी कोरी-

जी हां।

प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 19-08-12 के क्रम में विकास खण्ड कार्यालय हजूरपुर द्वारा अपने पत्र सं0-673, दिनांक 26-08-12 के द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारियों को अपने क्षेत्र के पात्र निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का प्रस्ताव ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में अभी तक कोई प्रस्ताव/आवेदन-पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के ग्रीनसिटी से रामपुर नये गांव में खड़ंजे लगाने सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

167-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के ग्रीनसिटी से रामपुर नये गांव के मार्ग के दाहिनी तरफ के खड़ंजे को बनाये जाने विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कराया गया। उक्त मार्ग पर वर्तमान में इण्टरलॉकिंग ब्लाक से फ्लोरिंग का कार्य हुआ है जो वर्तमान में ठीक हालत में है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर महानगर के वार्ड नं0 19 में सड़क तथा नाली बनाये जाने विषयक प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

168-डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर महानगर के वार्ड नं0 19 नकहा नं0 1 में नई बस्ती गांधी नगर की सड़क और नाली बनाये जाने विषयक संलग्नक सहित प्रश्नकर्ता का पत्रांक-क-5 नं0 111474, दिनांक 08-08-12 नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी हां।

कार्य स्थल का निरीक्षण कराया गया। प्रश्नगत क्षेत्र निजी कालोनी का है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शामली के थाना भवन विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सिक्का में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने की मांग

169-श्री सुरेश राणा-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के थाना भवन विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सिक्का, ब्लाक-शामली का जल पूरी तरह दूषित हो चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार

उक्त गांव में शुद्ध पेयजल हेतु पानी की टंकी का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

जनपद शामली के विकास खण्ड शामली के ग्राम सिक्का में द्वितीय स्ट्रेटा का पानी पूर्णतया शुद्ध है।

प्रश्न नहीं उठता।

170-श्री रामहेत भारती-

[1ले मंगलवार के अता0प्रश्न सं0-121 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

171-श्री रामहेत भारती-

[1ले मंगलवार के अता0प्रश्न सं0-122 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकी बनाकर सप्लाई पाइप की स्वजल धारा स्कीम अन्तर्गत जनपद शाहजहांपुर के अनेकों ग्रामों में स्कीम लागू करने की मांग

172-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि भारत सरकार के सहयोग से चल रही प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकी बनाकर पाइप सप्लाई की स्वजल धारा स्कीम शाहजहांपुर के ददरौल ब्लाक व भावलखेड़ा में रुकी हुई है ? यदि हां, तो क्या सरकार चयनित ग्रामों टिकरी, नियामनपुर, घुसगवां का प्रस्ताव जिलों से मंगवाकर ददरौल तथा भावलखेड़ा ब्लाक में उक्त स्कीम चालू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड-ददरौल एवं भावलखेड़ा के क्रमशः 02 एवं 05 ग्राम पंचायतों में भारत सरकार के सहयोग से स्वजलधारा स्कीम के अन्तर्गत सामुदायिक मांग व सहभागिता आधारित प्रस्तावित ग्रामीण पेयजल योजनाएं पूर्ण की जा चुकी है।

विकास खण्ड ददरौल की ग्राम पंचायत टिकरी एवं घुसगवां एवं विकास खण्ड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत नियामनपुर में स्वजलधारा स्कीम के अन्तर्गत प्रस्तावित पेयजल योजना में से ग्राम पंचायत टिकरी की पेयजल योजना पूर्ण की जा चुकी है। अवशेष ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित ग्रामीण पेयजल योजना के अन्तर्गत निर्धारित नगद अंशदान समुदाय द्वारा जमा न किये जाने के कारण उक्त स्कीम पर कार्य शुरू नहीं कराये जा सके।

उक्त स्वजलधारा कार्यक्रम एक समय विशेष तक प्रचलित था। वर्तमान में स्वजलधारा कार्यक्रम के स्थान पर राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम प्रचलित है।

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2022 तक प्रदेश के 90 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने की कार्य योजना बनाई गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के धर्मस्थलों को जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराये जाने की मांग

173-श्री सुरेश राणा-

क्या नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व रखने वाले धर्मस्थलों तक जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद शामली के थानाभवन नगर में कस्बे से लेकर कचौरीनाथ मन्दिर तक डूडा द्वारा जर्जर सड़क का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

विभाग की संचालित योजनाओं से आच्छादित न होने के कारण।

जनपद हमीरपुर के नगर क्षेत्र के जेल तालाब के पास स्थित नाले का निर्माण एवं मरम्मत कराये जाने की मांग

174-साध्वी निरंजन ज्योति-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर जनपद के नगर क्षेत्र के अन्दर जेल तालाब के पास स्थित बड़ा नाला के गन्दे पानी से निकटवर्ती मोहल्लों में गन्दगी एवं मकानों में दरारें पड़ गई हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण/मरम्मत कराकर पानी निकालने की व्यवस्था करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जनपद हमीरपुर के नगर क्षेत्रान्तर्गत जेल तालाब के पास बड़े नाला नगर की बस्ती से होते हुये बड़े देव बाबा के नाले तक ह्यूम पाइप डालकर 32-33 वर्षों पूर्व में अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, उ0प्र0 मौदहा बांध हमीरपुर द्वारा जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि ह्यूम पाइप की लाइफ समाप्त हो चुकी हैं, जिसके कारण बस्ती में दो बार जल भराव हुआ, जिसका निस्तारण अधिशासी अभियन्ता, मौदहा बांध द्वारा कराया गया।

समस्या के तात्कालिक निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने तथा समस्या के स्थायी समाधान हेतु समुचित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु शासन के पत्र संख्या-4536/नौ-5-12-74 एक्यू/2012, दिनांक 22-11-2012 द्वारा जिलाधिकारी, हमीरपुर को निर्देशित किया जा चुका है। प्रस्ताव प्राप्त होने तथा धन की उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जा सकेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

175-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

[1ले बुधवार के अता0प्रश्न सं0-187 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

जनपद गाजियाबाद में विधायक कोटे से स्वीकृत हैण्ड पम्पों को अधिष्ठापित कराये जाने की मांग

176-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद में वर्ष 2007 से दिनांक 05-09-2012 तक विधायक कोटे से स्वीकृत/अधिष्ठापित इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों का विवरण क्या है तथा कितने अधिष्ठापित किये जाने शेष हैं ? शेष हैण्डपम्पों को कब तक अधिष्ठापित कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद गाजियाबाद में वर्ष 2007 से दिनांक 05-09-2012 तक विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत 230 नग हैण्डपम्प स्वीकृत किये गये हैं तथा स्वीकृत उक्त समस्त हैण्डपम्प अधिष्ठापित किये जा चुके हैं। अधिष्ठापित किये गये उक्त हैण्डपम्पों से सम्बन्धित विवरण विस्तृत होने के कारण मेरे कार्यालय कक्ष में अवलोकित किये जा सकते हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गाजियाबाद के विकास खण्ड लोनी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतवार आवंटित धनराशि एवं जाब कार्ड धारकों का विवरण

177-श्री जाकिर अली-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के विकास खण्ड लोनी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2007 से दिनांक 5-9-12 तक ग्राम पंचायतवार कुल कितना-कितना धन आवंटित किया गया है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि कितने जॉब कार्ड धारकों (पुरुष/महिला) को रोजगार दिया गया है ? क्या सरकार उसका विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जनपद गाजियाबाद में मनरेगा योजना दिनांक 01-04-2008 से लागू होने के फलस्वरूप वर्ष 2007-08 में ग्राम पंचायतों को कोई धनराशि आवंटित नहीं की गयी है। वर्ष 2008-09 से दिनांक 05-09-2012 तक ग्राम पंचायतवार आवंटित धनराशि का विवरण निम्नवत् है :-

ग्राम पंचायत का नाम	वर्ष 2007-08 से दिनांक 05-09-12 तक कुल आवंटित धनराशि (रु0 में)
1	2
1. अगरौला	558700.00
2. अफजलपुर	279500.00
3. असालतपुर फरूखनगर	503000.00
4. औरंगाबाद रिस्तल	61800.00
5. कोतवालपुर	137000.00
6. खानपुर जप्ती	708400.00
7. खोडा	25000.00
8. चिरौडी	332500.00
9. जाफराबाद गनौली	109400.00
10. शरफुद्दीनपुर जावली	95800.00

11. टीला शहबाजपुर	25000.00
12. नसरताबाद खडखडी	25000.00
13. नानू	1126400.00
14. निठौरा	0
15. निस्तौली	1013000.00
16. पचायरा	125000.00
17. भनेडा खुर्द	396100.00
18. बदरपुर	308000.00
19. बन्थला	67000.00
20. बादशाहपुर सिरौली	521800.00
21. भूपखेडी	263900.00
22. मण्डौला	335000.00
23. मेवला भट्टी	431700.00
24. महमूदपुर	50000.00
25. मीरपुर हिन्दू	375000.00
26. शकलपुरा	62700.00
27. शरीफाबाद राजपुर	35000.00
28. सिखरानी	25000.00
29. सिरौरा सलेमपुर	105000.00

वर्ष 2007-08 से दिनांक 05-09-2012 तक 445 जाब कार्ड धारकों (345 पुरुष एवं 100 महिला) को रोजगार दिया गया है।

विवरण निम्नवत् है :-

क्र0सं0	वर्ष	कुल परिवार	पुरुष	महिला
1	2007-08	0	0	0
2	2008-09	95	77	18
3	2009-10	68	58	10
4	2010-11	110	85	25
5	2011-12	164	119	45
6	2012-13 (5-9-12 तक)	8	6	2
	कुल योग-	445	345	100

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड निगोही की ग्राम पंचायत निगोही में पटरी दुकानदारों से अवैध वसूली की जांच

178-श्री रोशन लाल वर्मा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड निगोही की ग्राम पंचायत निगोही में पटरी दुकानदारों से पुलिस द्वारा अवैध वसूली की जा रही है एवं वसूली न देने पर अतिक्रमण के नाम पर धारा-288 के अन्तर्गत उनका चालान किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी नहीं, जनपद शाहजहांपुर के कस्बा निगोही क्षेत्र में किसी भी पटरी दुकानदारों का चालान 288 भा0द0वि0 के अन्तर्गत नहीं किया गया, बल्कि रास्तों पर मूंगफली, केला, पकौड़ी के ठेले लगा कर मार्ग अवरूद्ध करने वाले तथा आम रास्ते व सड़क पर टैम्पों, घोड़ा, तांगा खड़ा करने वालों को कहने पर भी न हटाने वाले व्यक्तियों का चालान धारा-290 भा0द0वि0 के अन्तर्गत किया गया है और किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद शाहजहांपुर के पांच बड़े नालों की सफाई कराये जाने की मांग

179-श्री सुरेश कुमार खन्ना-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बी क्लास शहरों में नालों की सफाई की नीति क्या है ? क्या सरकार जनपद शाहजहांपुर के पांच बड़े नाले यथा भारतद्वाजी वाला नाला, अंटा चौराहा वाला नाला, शहीद उद्यान के पश्चिम वाला नाला, रोडवेज बस स्टेशन मो0 वाडजेई वाला नाला एवं भोलागंज के पूर्व वाला नाला की तलीझाड़ सफाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

प्रदेश की स्थानीय निकाय स्वायत्तशासी संस्थायें हैं। निकायों द्वारा 'पब्लिक हेल्थ मैनुअल' एवं शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा निर्देशों के अनुसार सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाती है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के ग्रामों में पाइप पेयजल योजनान्तर्गत वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग

180-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

विधान सभा के प्रथम सत्र, 2012 के तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न सं0-14 के उत्तर के संदर्भ में क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम पयागपुर, शिवदहा व सोहरियावां तथा विकास खण्ड जरवल के ग्राम बिराहिमपुर,

बिल्हौरा में पाइप वाटर पेयजल योजना को पूरा करने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के 02 ग्राम पंचायतों नामतः पयागपुर एवं सोहरियावां में पाइप पेयजल योजना के प्राक्कलन विरचन के कार्य पूर्ण कर दिये गये हैं। विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम शिवदहन एवं विकास खण्ड जरवल के बिराहिमपुर बिल्हौरा में पाइप पेयजल योजना हेतु आवश्यक भूमि अब तक उपलब्ध नहीं हो सकी है।

जनपद मऊ के थाना मधुबन के ग्रामों में अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

181-श्री जय प्रकाश अंचल-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के थाना मधुबन अन्तर्गत ग्राम सभा लउवासाथ व इसके आस-पास के गांवों में अवैध रूप से शराब बनाने का कार्य किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या इसके लिए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध भट्टियां हटवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जनपद मऊ के थाना मधुबन अंतर्गत ग्राम सभा लौवासाथ व इसके आस-पास के गांव में चोरी से अवैध रूप से शराब बनाने की शिकायतें प्राप्त हो रहीं थी।

जनपद मऊ के थाना मधुबन अंतर्गत ग्राम सभा लौवासाथ व इसके आस-पास के गांव में चोरी से अवैध रूप से शराब बनाने वाले 41 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध शराब बरामद की गई है तथा उनके कब्जे से प्राप्त गैलन/ड्रम को नष्ट करते हुए उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही अंतर्गत धारा-60(2) एक्स ऐक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अवैध रूप से शराब न बनने पाये इस ओर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

प्रश्न नहीं उठता।

लखनऊ में कानपुर रोड के सेक्टर जी में कूड़े से बन्द नाली को खुलवाये जाने की मांग

182-श्री जय प्रकाश अंचल-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ में कानपुर रोड के सेक्टर जी में बड़े पैमाने पर ग्रीन बेल्ट के किनारे निर्मित आवासों के आस-पास गन्दगी रहती है एवं ग्रीन बेल्ट के निकट (एक्टीवीटी सेन्टर के सामने मेनगेट पर) निकली कालोनी की चौड़ी नाली पर कूड़ा डालकर नाली को बन्द कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस नाली को खुलवाने व साफ कराने का निर्देश देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

जी नहीं।

वार्ड में उपलब्ध कर्मचारियों से सप्ताह में दो दिन सफाई कार्य कराया जाता है। नाली बन्द नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड कैसरगंज के ग्रामों में पात्र अर्ह निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन देने सम्बन्धी प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

183-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

क्या महिला कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विकास खण्ड कैसरगंज के ग्रामों में पात्र एवं अर्ह निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन देने सम्बन्धी प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-वि0प0/ज0हि0/012-13/क-एस0 नं0-138668/1045, दिनांक 19-8-12 खण्ड विकास अधिकारी, कैसरगंज को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रीमती अरुण कुमारी कोरी-

जी हां।

प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 19-08-12 के क्रम में विकास खण्ड कार्यालय कैसरगंज द्वारा अपने पत्र सं0-459, दिनांक 24-08-12 के द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारियों को अपने क्षेत्र के पात्र निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का प्रस्ताव ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में 50 लाभार्थियों के प्रस्ताव/आवेदन-पत्र प्राप्त हुये। जिन्हें जिला प्रोबेशन अधिकारी बहराइच को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड विशेश्वरगंज के निर्मल ग्राम योजना में चयनित ग्राम पंचायत में पाइप वाटर योजना को पूरा करने की मांग

184-श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप-

विधान सभा के प्रथम सत्र, 2012 के तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न सं0-23 के उत्तर के संदर्भ में क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विकास खण्ड विशेश्वरगंज के अन्तर्गत निर्मल ग्राम योजना में चयनित ग्राम पंचायत सेमरौना की पाइप वाटर पेयजल योजना को पूरा करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बहराइच के विकास खण्ड विशेश्वरगंज के अन्तर्गत निर्मल ग्राम योजना में चयनित ग्राम पंचायत सेमरौना में पाइप पेयजल योजना के प्राक्कलन विरचन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अधीन भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक 90 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को पाइप पेयजल योजना के माध्यम से आच्छादित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। भारत सरकार के उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु चरणबद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

विधान सभा क्षेत्र हमीरपुर के ग्रामों में निर्मित पानी की टंकियों द्वारा पानी सप्लाई कराये जाने की मांग

185-साध्वी निरंजन ज्योति-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र हमीरपुर के ग्रामों में निर्मित पानी की टंकियों द्वारा आज तक पानी सप्लाई न होने से ग्रामीणों को अत्यन्त कठिनाई हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उन्हें चालू करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

विधान सभा क्षेत्र हमीरपुर के 82 ग्रामों को पेयजल आपूर्ति हेतु निर्मित 37 पाइप पेयजल योजनाएं 43 टंकियों के माध्यम से संचालित की जा रही है। एक योजना का नलकूप बन्द होने तथा पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण संप्रति 11 ग्रामों में जलापूर्ति उक्त योजना के माध्यम से नहीं हो पा रही है और उक्त ग्रामों में इण्डिया मार्क-II हैण्ड पम्पों से पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करा दी गई है। इस प्रकार जलापूर्ति के दृष्टिगत उक्त विधान सभा क्षेत्र में विशेष कठिनाई नहीं है।

क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को बदलने तथा नलकूप को चालू करने हेतु मोटर लगाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण होने के पश्चात् पुनः 11 ग्रामों में जलापूर्ति टंकियों के माध्यम से प्रारम्भ हो सकेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद लखीमपुर खीरी के विधान सभा क्षेत्र निघासन में जल आर्सेनिक की मात्रा की जांच कराये जाने की मांग

186-श्री अजय मिश्र 'टेनी'-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र निघासन, जनपद लखीमपुर खीरी में पीने के पानी में आर्सेनिक की मात्रा अधिक होने से दूषित जल पीने के कारण क्षेत्र में दिमागी बुखार से कई मौतें हुयी हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार जल में आर्सेनिक की मात्रा की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद लखीमपुर के विधान सभा क्षेत्र निघासन के समस्त आर्सेनिक प्रभावित मजरों में पाइप पेयजल योजना एवं अत्यधिक गहरे इण्डिया मार्क-II हैण्डपम्प के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

जनपद आगरा के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र की अनेकों बड़ी ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाये जाने की मांग

187-श्री काली चरन सुमन-

क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ी ग्राम पंचायत धनौली, अजीजपुर, नैनाना जाट, रोहता को नगर पंचायत बनाने की सरकार की कोई कार्य योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री मोहम्मद आजम खां-

वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मानकों के अनुसार उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश के आदिवासी इलाकों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की मांग

188-श्री श्यामदेव राय चौधरी-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आदिवासी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव नक्सलवाद को बढ़ावा दे रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार नक्सल प्रभावित गांवों को चिन्हित कर क्षेत्र में पेयजल, सड़कें, बिजली तथा शिक्षा आदि मूलभूत सुविधाओं का विकास करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

सूचना एकत्र की जा रही है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

189-श्री श्यामदेव राय चौधरी-

[1ले मंगलवार के अता0 प्रश्न सं0-189 के अन्तर्गत स्थानान्तरित]

कानपुर महानगर की ध्वस्त यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की कार्य योजना

190-श्री सलिल विश्नोई-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर महानगर की ध्वस्त यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कोई विशेष कार्य योजना तैयार की गयी है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

कानपुर महानगर के यातायात व्यवस्था को सुगम और अच्छा बनाने हेतु शासन द्वारा विशेष कार्य योजना के अन्तर्गत गम्भीर प्रयास किये गये हैं जिनमें से कतिपय महत्वपूर्ण कार्यों का संक्षिप्त उल्लेख निम्नवत् है :-

क-कानपुर महानगर के समग्र विकास हेतु सुनियोजित ढंग से योजना बनाकर कार्यवाही किया जाना।

ख-प्रमुख चौराहों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाया जाना।

ग-विभिन्न स्थलों पर सेतु निर्माण।

घ-कई सड़कों को चौड़ा किया जाना।

च-उपयुक्त स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था।

छ-यातायात नियमों के पालन हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्य।

ज-पुलिस, परिवहन, नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के परस्पर तालमेल से यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की कार्यवाही किया जाना।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

191-श्री सुरेश राणा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अवैध रूप से कालोनी बनाकर राजस्व की हानि करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो जनपद शामली के थानाभवन विधान सभा स्थित दिल्ली, सहारनपुर रोड पर स्थित अवैध रूप से कालोनी की भूमि काट रहे भू-माफियाओं के खिलाफ सरकार कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

प्रदेश में भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के स्तर से समय-समय पर जनपदों को निर्देश जारी किये गये हैं तथा विशिष्ट इकाई भी यथावश्यकता सहयोग प्रदान करती है। भूमि आवंटन अथवा प्रबन्धन से सम्बन्धित विभागों द्वारा इस प्रकार के मामले पुलिस के संज्ञान में लाने पर उनमें तथ्यानुरूप विधिक कार्यवाही भी की जाती है।

इस सम्बन्ध में जनपदीय पुलिस के समक्ष कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में भू-माफियाओं के सम्बन्ध में कार्यवाही विषयक प्राप्त पत्र पर कार्यवाही

192-श्री अगयश राम सरन वर्मा-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि भू-माफियाओं के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु प्रश्नकर्ता का पत्रांक 148/पा0सा0 17-राजस्व/2012, दिनांक सितम्बर, 2012 जिलाधिकारी, पीलीभीत को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र के सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

जी हां।

प्राप्त पत्र के सम्बन्ध में नियमानुसार वांछित जांच सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से करायी जा रही है। इस सम्बन्ध में ''सर्वे'' कराकर सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण पाये जाने पर नियमानुसार अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

अलीगढ़ महानगर में यातायात की व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु अनेकों स्थान पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाने की मांग

193-श्री दलवीर सिंह-

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार अलीगढ़ महानगर में यातायात की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु महानगर के क्वार्सी, गांधी पार्क, एटा चुंगी रसलगंज, सारसौल सेन्टर, प्वाइन्ट सासनी गेट, अचल तालाब, मदार गेट, दुबे का पड़ाव व देहली गेट आदि सहित सभी चौराहों पर सिगनल लाइट एवं सी0सी0टी0वी कैमरा लगवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव-

अलीगढ़ जनपद के सारसौल, नादा पुल, मसूदाबाद, रसलगंज, दुबे का पड़ाव, एटा चुंगी, सासनीगेट, क्वार्सी, दोदपुर, चौराहों तथा कवरकुत्ता, किशनपुर, गांधी आई तिराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाये जाने की कार्यवाही अलीगढ़ विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही है। स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा सेन्टर प्वाइन्ट चौराहे एवं बस स्टैण्ड चौराहे पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगा दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन में जनगणना का कार्य

194-श्री उमेश पाण्डेय-

क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन में आर्थिक आधार पर जनगणना की जा रही है ? क्या सरकार को यह भी ज्ञात है कि कर्मचारीगण क्षेत्र में न जाकर केवल एक ही स्थान पर बैठकर मनमाने तरीके से जनगणना कर रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर क्षेत्र में स्वच्छ एवं निष्पक्ष जनगणना करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अरविन्द कुमार सिंह 'गोप'-

जी हां।

जनगणना कार्य प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

(12 बजकर 20 मिनट पर सदन की कार्यवाही श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)

(बहुजन समाज पार्टी के कई सदस्यों के एक साथ पुनः सदन के फ्लोर पर वेल में आ जाने और सरकार विरोधी नारे)

(इसी मध्य राष्ट्रीय लोक दल के श्री वीरपाल राठी सहित कतिपय अन्य सदस्य भी बनैर लेकर फ्लोर पर आ गये जिससे घोर व्यवधान उत्पन्न हो गया)

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्य अब आप अपने-अपने स्थानों पर बैठ जाइए।

(घोर व्यवधान के मध्य)

(12.22 बजे) नियम-301 के अन्तर्गत सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 26-11-2012 को नियम-301 के अन्तर्गत कुल 16 सूचनायें प्राप्त हुईं, निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनायें स्वीकार की गई हैं, इसमें पहली सूचना श्री संजय कपूर की जनपद रामपुर की तहसील बिलासपुर में रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने के सम्बन्ध में है, दूसरी सूचना श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले) की मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा सरधना रोड पर आवासीय कालोनी डिफेंस इनक्लेव को विकसित किये जाने के सम्बन्ध में है, तीसरी सूचना श्री सुरेश कुमार खन्ना जी की शाहजहांपुर में सरकार द्वारा घोषित नीति के अनुरूप विद्युत आपूर्ति न किये जाने के सम्बन्ध में, चौथी सूचना श्री प्रदीप माथुर की जनपद मथुरा में यमुना नदी पर मथुरा-वृन्दावन-मांट के बीच बने जर्जर पुल की मरम्मत किये जाने के सम्बन्ध में है, पांचवीं सूचना श्री दलजीत सिंह की बुन्देलखण्ड क्षेत्र के चित्रकूटधाम के सभी मण्डलों में लो वोल्टेज के कारण जनता को हो रही परेशानी के सम्बन्ध में है, छठी सूचना डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी (सदस्य का नाम पुकारे जाने पर सदन में उपस्थित नहीं थे), सातवीं सूचना श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा) की वाराणसी नगर में मानक के अनुसार पूरे संसाधन के साथ ट्रामा सेन्टर चालू कराये जाने के सम्बन्ध में है, आठवीं सूचना श्री कमाल युसुफ मलिक की जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज की ग्राम पंचायत अगया में ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत गबन किये जाने के उपरान्त विधिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में है, नवीं सूचना श्री काली चरन सुमन जी की (सदस्य का नाम पुकारे जाने पर सदन में उपस्थित नहीं थे), दसवीं सूचना श्री मदन चौहान जी की जनपद हापुड़ में गढ़मुक्तेश्वर में प्राकृतिक व पौराणिक दो (कैथला झील व कल्याणपुर झील) झीलों में भू-माफियाओं का अवैध कब्जा हटवाकर मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में, ग्यारहवीं सूचना श्री सुरेश कुमार बंसल की मेरठ रोड सिहानी चुंगी गाजियाबाद में औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य मार्ग की सड़क निर्मित कराये जाने के सम्बन्ध में, बारहवीं सूचना श्री सुभाष पासी की जनपद गाजीपुर के क्षेत्र सैदपुर में अमवरा रजबहा तथा शारदा सहायक खण्ड-23 को संचालित न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, तेरहवीं सूचना श्री अवस्थी बाला प्रसाद जी की जनपद लखीमपुर खीरी के विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदी में जल निगम द्वारा इंडिया मार्का हैण्डपम्प लगाये जाने में हो रही अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है, चौदहवीं सूचना श्री विजय कुमार दुबे जी की प्रदेश के सहकारी बैंक के बन्द होने के कारण निवेशकर्ताओं एवं कर्मचारियों के सामने उत्पन्न आर्थिक संकट के सम्बन्ध में है, पन्द्रहवीं सूचना श्री अगयश राम सरन वर्मा की पीलीभीत की नगर पालिका परिषद् बीसलपुर में केबिल की तारों को सही तरीके से न लगाये जाने से हो रही दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में।

श्री रामचन्द्र यादव, डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी तथा श्री काली चरन सुमन की सूचनाएं अस्वीकार की जाती हैं।

(उपस्थित मा0 सदस्यों की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं।)

जनपद रामपुर की तहसील बिलासपुर में रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री संजय कपूर-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जनपद रामपुर की तहसील बिलासपुर में रोडवेज के बस अड्डे की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। बिलासपुर तहसील राष्ट्रीय राजमार्ग 87 पर स्थित है तथा उत्तरांचल राज्य का बार्डर है और नैनीताल व उत्तरांचल को जाने वाला प्रमुख मार्ग है। यहां पर रोडवेज का बस अड्डा न होने के कारण कई-कई घण्टे जाम लगा रहता है जिससे पर्यटकों व आम जनता को बहुत ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यहां पर रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने की मांग काफी लम्बे समय से चली आ रही है। यहां पर रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है तथा जिसकी पत्रावली सभी औपचारिकताएं पूर्ण होकर शासन में काफी लम्बे समय से लम्बित हैं। यहां पर रोडवेज का बस अड्डा बनाये जाने के लिए जनता द्वारा अक्सर धरने-प्रदर्शन व ज्ञापन दिये जाते रहे हैं। जनहित में तहसील बिलासपुर में रोडवेज का बस अड्डा अविलम्ब बनना नितान्त आवश्यक है। यहां पर रोडवेज बस अड्डा न बनने से जनता में काफी रोष व्याप्त है।

अतः इस अविलम्बनीय एवं लोक महत्व के प्रश्न पर सरकार से कार्यवाही की मांग करता हूं।]

मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा सरधना रोड पर आवासीय कालोनी डिफेंस इन्क्लेव को विकसित किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले)-

[महोदय, मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा सरधना रोड पर कंकरखेड़ा के पास एक आवासीय कालोनी डिफेंस इन्क्लेव विकसित की गयी थी। इस कालोनी के आवंटियों को नक्शे पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डाकखाना पार्क आदि दिखाकर भू-खण्ड बेच दिये गये लेकिन आज तक लगभग 10 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त भी मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा नागरिकों को उपरोक्त सुविधायें उपलब्ध नहीं करायी गयी है बल्कि कालोनी में एक लगभग 5000 मी0 जमीन में 15 फुट से ज्यादा गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। इसकी मिट्टी कहां ले जायी गयी है। इसका कोई अनुमान नहीं है। यह कालोनी एक गेट की कालोनी थी इसमें भी दूसरी कालोनी के लोगों ने रास्ता खोल लिया है। जिसे मेरठ विकास प्राधिकरण बन्द नहीं करा रहा है। पार्कों का विकास नहीं हुआ है। मेरठ विकास प्राधिकरण आवंटियों को लगातार गुमराह कर रहा है।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग करता हूं।]

शाहजहांपुर में सरकार द्वारा घोषित नीति के अनुरूप विद्युत आपूर्ति न किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

[महोदय, शाहजहांपुर जनपद में विद्युत आपूर्ति सरकार द्वारा घोषित नीति से बहुत कम हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 4-6 घण्टे तथा शाहजहांपुर नगर में 8-10 घण्टे तक ही सप्लाई हो रही

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

है। विद्युत आपूर्ति कम होने से पेयजल सप्लाई भी बाधित होती है तथा कृषि, उद्योग पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। ब्लाक भावलखेड़ा तथा ब्लाक ददरौल में कई-कई महीनों तक फुकें हुए ट्रान्सफार्मर नहीं बदले जाते हैं और न ही टूटे हुए तारों को बदलने के लिए कोई चिन्ता होती है।

दिनांक 27-4-2010 को भारत सरकार ने केन्द्रीय पावर प्लान्टों के लिए एक शासनादेश जारी किया जिसके अनुसार केन्द्रीय पावर प्लान्टों को 5 कि0मी0 रेडियश क्षेत्र में चारों तरफ 6 से 8 घण्टे अतिरिक्त विद्युत सप्लाई दी जायेगी परन्तु निजी क्षेत्र के पावर प्लान्टों पर यह व्यवस्था लागू नहीं है। शाहजहांपुर में रौजा पावर प्लान्ट निजी क्षेत्र का है जिससे तपन, जलन, राख और प्रदूषण सभी मिलता है परन्तु अतिरिक्त विद्युत सप्लाई नहीं मिलती जबकि मिट्टी, पानी, हवा सभी शाहजहांपुर का इस्तेमाल होता है। उत्तर प्रदेश सरकार को भी केन्द्रीय शासनादेश की तरह एक शासनादेश ऐसा जारी करना चाहिए जिससे पावर यूनिट के 5 कि0मी0 रेडियश के अन्तर्गत मीटरिंग क्षेत्र में अतिरिक्त पावर सप्लाई की जा सके, इससे सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा और क्षेत्रवासियों को राहत भी मिलेगी।

मेरी सरकार से यह मांग है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन को इस बात के लिए निर्देशित करें कि प्रदेश के निजी थर्मल पावर प्लान्टों के 5 किमी0 रेडियश क्षेत्र में अतिरिक्त विद्युत सप्लाई की जाय। विशेष रूप से शाहजहांपुर के रौजा पावर प्लान्ट से शाहजहांपुर नगर की सभी सब-स्टेशनों पर जहां विद्युत मीटर लगे हैं वहां 6 से 8 घण्टे अतिरिक्त विद्युत सप्लाई दी जाये क्योंकि रौजा पावर प्लान्ट को विद्युत डिस्ट्रीब्यूशन का अधिकार नहीं है इसलिए यह कार्य उ0 प्र0 सरकार को ही करना होगा।

अतः लोकमहत्व के अविलम्बनीय विषय पर सरकार से शाहजहांपुर नगर को अतिरिक्त विद्युत सप्लाई हेतु केन्द्र की भांति एक शासनादेश जारी करने हेतु कार्यवाही की मांग करता हूं।]

जनपद मथुरा में यमुना नदी पर मथुरा-वृन्दावन-मांट के बीच बने जर्जर पुल की मरम्मत किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री प्रदीप माथुर-

[मान्यवर, जनपद मथुरा में यमुना नदी पर वृन्दावन-मांट के बीच बना पुल जो कि यातायात हेतु वृन्दावन-मांट, नौहझील, अलीगढ़, हाथरस तथा सैकड़ों गांव हेतु साधन है। वर्तमान में त्रासदी के दौर से गुजर रहा है। गत वर्ष बरसात के समय यमनुा नदी में बाढ़ के कारण इस पुल का सम्पर्क मार्ग, वृन्दावन की ओर का लगभग 80 प्रतिशत कट चुका है। इस कारण इस पुल पर गत एक वर्ष से आवागमन अवरुद्ध है। अब यह रास्ता अस्थायी रूप से वृन्दावन के कैलाश नगर, आवासीय कालोनी से होकर जाता है। आवागमन अवरुद्ध होने के कारण खेती, व्यवसाय, शिक्षा एवं मेडिकल सुविधाओं के साथ ही साथ धार्मिक कार्य से आने-जाने वाले हजारों लोगों को असुविधा हो रही है। प्रति वर्ष बरसात के कारण यहां कटान होता रहता है। कटान होते-होते पूरा सम्पर्क मार्ग कट जायेगा। इससे भगवान श्रीकृष्ण जी की क्रीड़ास्थली वृन्दावन बाढ़ से प्रभावित हो जायेगी। इस सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु पहले भी विभाग को लिखा गया था। वृन्दावन-मॉट पुल के सम्पर्क मार्ग को कटान से रोके जाने हेतु यमुना नदी व सड़क के किनारे स्थायी समाधान के लिए गाइड बंधा बनाया जाना जनहित में आवश्यक है। इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा एक विस्तृत कार्य योजना बनाकर उपर्युक्त कार्य कराये जाने की आवश्यकता है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग करता हूं।]

बुन्देलखण्ड क्षेत्र के चित्रकूट धाम के सभी मण्डलों में लो-वोल्टेज के कारण जनता को हो रही परेशानी के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री दलजीत सिंह-

[महोदय, बुन्देलखण्ड क्षेत्र के चित्रकूट धाम के सभी मण्डलों में लो-वोल्टेज की वजह से कोई भी सरकारी व प्राइवेट नलकूप व लिफ्ट कैनालें समुचित रूप से नहीं चल पा रही हैं। लो-वोल्टेज की वजह से आये दिन ट्रांसफार्मर व मोटरें जल जाती हैं। इस समय सिंचाई (पलेवा) का समय है बुन्देलखण्ड सूखाग्रस्त क्षेत्र है। इस समय मात्र 08-10 घण्टे ही विद्युत आपूर्ति हो रही है और उसमें भी लो-वोल्टेज की वजह से कोई सिंचाई नहीं हो पा रही है जबकि बुन्देलखण्ड क्षेत्र बिजली कटौती से मुक्त है। इस समय ट्रांसफार्मर व बिजली के उपकरणों की भारी कमी होने से पलेवा दिन-प्रतिदिन पिछड़ता जा रहा है। किसान बहुत ही दुःखी व चिन्तित हैं। जिला प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद तथा मा0 मुख्य मंत्री जी को पत्र द्वारा सूचित करने और धरना-प्रदर्शन के बावजूद भी अभी तक किसानों की समस्या का कोई हल नहीं निकला। वैसे भी पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में बेरोजगारी, सूखा व कर्ज तथा भुखमरी से परेशान होकर आये दिन कोई न कोई किसान आत्महत्या करता रहता है। मैंने पूर्व के बजट सत्र में यह बात उठायी थी। उपर्युक्त समस्याओं के सम्पूर्ण समाधान अतिशीघ्र कराया जाना जनहित में अत्यन्त आवश्यक है।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग करता हूं।]

वाराणसी नगर में मानक के अनुसार पूरे संसाधन के साथ ट्रामा सेन्टर चालू कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)-

[महोदय, अत्यन्त खेद का विषय है कि एक तरफ सड़क दुर्घटनायें बढ़ रही हैं दूसरी तरफ ट्रामा सेन्टर न होने से पीड़ित दुर्घटनाग्रस्त मरीज और उनके परिजनों को आकस्मिक चिकित्सा उपलब्ध न हो पाने के कारण असहनीय कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले भी मेरे द्वारा विधान सभा में इसकी मांग की गयी थी और पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में ट्रामा सेन्टर खोलने हेतु योजना बनायी गयी और कुछ उपकरण उपलब्ध भी कराया गया लेकिन मानक के अनुसार चिकित्सक सहित अन्य उपकरण अपर्याप्त होने के कारण उक्त ट्रामा सेन्टर दुर्घटना ग्रस्त लोगों को पर्याप्त सेवा उपलब्ध कराने में अक्षम हैं और जो भी उपकरण उपलब्ध कराये गये थे वह भी स्टोर में पड़े-पड़े खराब हो गये हैं। चिकित्सा हेतु दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के आवक एवं अपर्याप्त संसाधन को देखते हुए जनता तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की काफी समय से आवाज उठती रही है और समाचार-पत्रों के माध्यम से भी शासन तक मांग पहुंचती रही है परन्तु उक्त व्यापक जनहित के मुद्दे पर शासन स्तर पर संवेदनशीलता का परिचय न दिया जाना अत्यन्त खेद का विषय है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से वाराणसी स्थित पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में व्यापक जनहित ट्रामा सेन्टर चालू करने के सम्बन्ध में मा0 स्वास्थ्य मंत्री जी से समुचित व्यवस्था किये जाने हेतु कार्यवाही की मांग करता हूं।]

जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज की ग्राम पंचायत अगया में ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत गबन किये जाने के उपरान्त विधिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री कमाल यूसुफ मलिक-

[मान्यवर, उक्त के माध्यम से अवगत कराना चाहता हूं कि विधान सभा क्षेत्र व ब्लाक डुमरियागंज के ग्राम-अगया में वर्ष 2012-13 में मनरेगा योजना के तहत कई परियोजनाओं पर बिना कार्य किये ही धनराशि निकाल कर गबन किये जाने के उपरान्त मण्डलीय प्राविधिक परीक्षक बस्ती मण्डल बस्ती एवं ब्लाक स्तर से भी एक टीम गठित कर अन्य कार्यों की जांच किये जाने पर भी बिना कार्य कराये ही धनराशि की निकासी कर लिया गया है। जांच आख्या में स्पष्ट हो गया है कि ग्राम प्रधान द्वारा वित्तीय अनियमितता एवं शासकीय धनराशि लाखों रुपये की गबन की गयी है। यह भी उल्लेखनीय है कि दो-दो जांच आख्या प्राप्त होने के उपरान्त भी ग्राम प्रधान के विरुद्ध अभी तक कोई विधिक कार्यवाही नहीं की गयी है।

अतः आपके माध्यम से इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रकरण पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि व्यापक जनहित में जांच आख्या प्राप्त होने के उपरान्त तात्कालिक प्रभाव से ग्राम प्रधान के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने हेतु सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें।]

जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में प्राकृतिक व पौराणिक दो (कैथला झील व कल्याण झील) झीलों में भू-माफियाओं का अवैध कब्जा हटवाकर मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री मदन चौहान-

[महोदय, मेरी विधान सभा में दो झीलें प्राकृतिक व पौराणिक जो हजारों एकड़ की गंगा किनारे स्थित है। लेकिन कुछ वर्ष पूर्व भू-माफियाओं ने तहसील प्रशासन से मिलकर सुप्रीमकोर्ट की रूलिंग के विरुद्ध अवैध पट्टे अपने सगे सम्बन्धियों को काटकर बेच दिये तथा साथ-साथ तहसील से तमाम पत्रावली, रिकार्ड आदि गायब कर दिया तथा पट्टे धारकों ने उन्हें संक्रमणि कराकर (अवैध ढंग) से दुबारा बेच दिया जिससे इन दोनों कैथला झील (ग्राम शाहपुर चौ0) (2) कल्याणपुर झील (कल्याण ग्राम) में आज भी अवैध कब्जा बना हुआ है। पूर्व कुछ प्रयास उच्च प्रशासन द्वारा कब्जा हटाने के किये गये थे लेकिन प्रशासनिक मिलीभगत से अभी भी इन उपर्युक्त झीलों पर कब्जा बना हुआ है। गंगा किनारे इन झीलों से कब्जा हटवाकर इनके सौन्दर्यीकरण हेतु मैं हरिद्वार की तर्ज पर विकास करने हेतु मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं तथा कब्जाधारकों के विरुद्ध व कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु भी मैं शासन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

मेरठ रोड सिहानी चुंगी गाजियाबाद में औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य मार्ग की सड़क निर्मित कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सुरेश कुमार बंसल-

[महोदय, मैं सदन के माध्यम से इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रश्न पर ध्यान दिलाना चाहूंगा कि मेरे विधान सभा क्षेत्र गाजियाबाद में पंजाब आयल एक्सपैलर कम्पाउण्ड की सड़क जहां लगभग 108 फैक्ट्रियां लगी हुई हैं और उनसे नगर निगम की अच्छी आय हो रही है। यहां पर फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों को एवं वाहनों को आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है। उक्त सड़क मेरठ रोड नियर सिहानी चुंगी गाजियाबाद के मुख्य मार्ग से सटी हुई है उक्त सड़क का टेण्डर भी निकाला जा चुका है।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रश्न पर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग करता हूं।]

जनपद गाजीपुर के क्षेत्र सैदपुर में अमुवारा राजबहा तथा शारदा सहायक खण्ड-23 को संचालित न किये जाने से उत्पन्न स्थित के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सुभाष पासी-

[महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। मान्यवर, मेरे विधान सभा क्षेत्र सैदपुर, जनपद गाजीपुर अन्तर्गत शारदा सहायक खण्ड-23 व अमुवारा राजवाहा लगभग 13 वर्ष से बन्द पड़ी है। जिसमें पानी नहीं आने के कारण स्थानीय लोगों में काफी रोष व्याप्त है। उक्त नहर से लगभग 60 से 80 गांवों के किसान खेती करते हैं। नहर में पानी नहीं आने से नहर के किनारे बसे लोगों के जानवर (पशु) को भी परेशानी होती है। यह जनहित का लोक महत्व का गम्भीर विषय है। मैं चाहता हूं कि वर्तमान सरकार से उक्त नहर में तत्काल पानी छोड़ने का आदेश दिया जाय।

अतः इस लोक महत्व के गम्भीर विषय को सरकार के संज्ञान में लाते हुए तत्काल उक्त नहर शुरू कराके किसानों को सुविधा दिलाये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने हेतु एवं वक्तव्य दिये जाने हेतु सरकार से मांग करता हूं।]

जनपद लखीमपुर खीरी के विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदी में जल निगम द्वारा इण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगाये जाने में हो रही अनियमितताओं की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अवस्थी बाला प्रसाद-

[मान्यवर, संज्ञान में लाना चाहूंगा कि जनपद लखीमपुर खीरी के मेरे विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदी में जल निगम खीरी द्वारा इण्डिया मार्का हैण्डपम्प लगाये जा रहे हैं, जिनमें बोरिंग एवं पाइप मानकों के अनुरूप प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लगाये जा रहे इण्डिया मार्का हैण्डपम्प पानी नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रीय जनता को पानी हेतु अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनता द्वारा जल निगम खीरी द्वारा लगाये जा रहे इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प की उच्च स्तरीय जांच हेतु कई बार उच्च अधिकारियों एवं प्रशासन से अनुरोध किया गया है परन्तु अभी तक उक्त

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

प्रकरण की जांच हेतु शासन स्तर पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे क्षेत्रीय जनता में अत्यधिक रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

अतः इस लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में उपरोक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की भी मांग करता हूं।]

प्रदेश के सहकारी बैंक के बन्द होने के कारण निवेशकर्ताओं एवं कर्मचारियों के सामने उत्पन्न आर्थिक संकट के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री विजय कुमार दुबे-

[महोदय, बैंकिंग शाख का व्यवसाय है, विगत वर्षों में सरकारी उदासीनता के चलते प्रदेश के सहकारी बैंकों का शाख एवं व्यवसाय पूर्णतः प्रभावित है और ऐसी स्थिति में यदि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों (देवरिया, सिद्धार्थनगर) में स्थित ये बैंक बन्द होते हैं तो प्रदेश में अन्य क्रियाशील सहकारी बैंक भी प्रभावित होंगे, क्योंकि इन बैंकों को राज्य के अन्य राष्ट्रीयकृत एवं प्राइवेट बैंकों के साथ प्रतिस्पर्धात्मक व्यवसाय करना है। सहकारी बैंकों के पास नवीनतम सुविधा जैसे ए0टी0एम0, नेट बैंकिंग आदि सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में अन्य जिला सहकारी बैंक भी आने वाले कुछ वर्षों में बन्द होने की स्थिति में होंगे। 31 मार्च, 2013 तक आर0बी0आई0 के अनुसार जिला सहकारी बैंक यदि लाइसेन्स के लिए अर्ह नहीं होते हैं तो इनके बन्द होने की दशा में बैंक के निवेशकर्ताओं, कर्मचारियों व उनके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

हमारे क्षेत्र का जिला सहकारी बैंक लि0 देवरिया प्रदेश का सबसे पुराना बैंक है जिसका निबन्धन संख्या-1 है, जिसमें क्षेत्र के निरीह, गरीब लोगों का 180 करोड़ रुपये जमा है, क्या सहकारिता के इस ऐतिहासिक धरोहर के लिए सरकार के पास कोई कार्य योजना विशेष है ?

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय प्रश्न पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्यवाही की मांग करता हूं।]

पीलीभीत की नगर पालिका परिषद् बीसलपुर में केविल के तारों को सही तरीके से न लगाये जाने से हो रही दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अगयश राम सरन वर्मा

[महोदय, जनपद पीलीभीत की नगरपालिका परिषद् बीसलपुर तथा नगर पंचायत बिलसण्डा के अन्तर्गत विद्युत व्यवस्था के समानान्तर पचासों जनरेटर अधिष्ठापित करके व्यवसाय के रूप में विद्युत आपूर्ति किये जाने का कार्य हो रहा है जिसमें विद्युत निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच सांठ-गांठ है, परिणामतः विद्युत निगम की विद्युत आपूर्ति अस्त-व्यस्त रहती है। मात्र बड़े-बड़े उद्योगों को विद्युत निगम के अधिकारी, कर्मचारी विद्युत आपूर्ति करते हैं। इस प्रकार विद्युत निगम के कर्मचारी/अधिकारी भारी कमाई करने में लिप्त हैं। सम्पूर्ण नगर के मार्गों एवं गलियों में जनरेटर व्यवसाइयों ने केविल व तारों के गुच्छे विद्युत निगम व नगर क्षेत्रों के खम्भों पर लगा रखे हैं जिससे कि अनेकों बार दुर्घटनायें हो चुकी हैं तथा आवागमन भी बाधित रहता है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोकमहत्व के विषय को सदन में प्रस्तुत करने की अनुज्ञा हेतु सम्मत प्रदान करने की कृपा की जाये।]

(12.24 बजे) औचित्य के प्रश्न की सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

मा0 सदस्य श्री रामचन्द्र यादव की सूचना अस्वीकार की गई।

आज दिनांक 29 मई, 2012 को नियम-300 के अन्तर्गत कुल 05 सूचनायें प्राप्त हुईं, जिसमें पहली सूचना डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी जी की उत्तर प्रदेश विधान सभा में लम्बित आश्वासनों का निस्तारण अभियान चलाकर एवं नये आश्वासनों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में। दूसरी सूचना श्री सुरेश कुमार खन्ना की मा0 मुख्य मंत्री जी की घोषणानुसार स्थानीय विधायकों की संस्तुति के आधार पर समग्र विकास के लिये लोहिया ग्राम/जनेश्वर मिश्र ग्राम का चयन न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। तीसरी सूचना श्री प्रमोद तिवारी की विधान सभा क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा मा0 सदस्यों के प्रस्तावित कार्यों को कराने में टाल-मटोल किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। चौथी सूचना श्री प्रदीप माथुर जी की प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शिष्टाचार एवं प्रोटोकाल सम्बन्धी शासनादेशों का उल्लंघन किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। पांचवीं सूचना श्री अगयश राम सरन वर्मा जी की जनपद पीलीभीत के जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान बीसलपुर आदर्श (नार्मल स्कूल) तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के सामूहिक प्रांगण में आरक्षित क्रीड़ा स्थल पर आवास निर्माण कराये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में। इसमें तीन सूचनाएं सुनी जायेंगी। पहली सूचना डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी की (मा0 सदस्य का नाम पुकारे जाने पर सदन में उपस्थित नहीं थे), दूसरी सूचना मा0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी की है, क्या आप बोलेंगे खन्ना जी ? (बहुजन समाज पार्टी के कई सदस्यों के सरकार विरोधी नारेबाजी के कारण व्यवधान की स्थिति)।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मान्यवर, पहले इन्हें शांत तो करिए।

श्री अध्यक्ष-

ये ऐसा ही कर रहे हैं, बताइये क्या करें। तीसरी सूचना श्री प्रमोद तिवारी जी की है, मा0 तिवारी जी क्या आप बोलना चाहते हैं ?

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, मैं बोलना चाह रहा हूं, पहले इनको तो चुप कराइये।

(बहुजन समाज पार्टी के कई सदस्यों के द्वारा लगातार सरकार विरोधी नारेबाजी के कारण व्यवधान की स्थिति बनी रही।)

श्री अध्यक्ष-

अब आप लोगों का विरोध प्रदर्शन बहुत हो गया। आप लोगों ने जितना विरोध करना था, उतना विरोध कर लिया है, अब आप लोगों से निवेदन है कि शांत हो जाएं। मा0 उपाध्यक्ष जी, आपसे आग्रह है कि इन्हें वापस बुला लीजिए। मा0 मौर्या जी आप इन्हें वापस बुला लीजिए। मा0 सदस्य आप लोग अपने स्थानों पर चले जाएं। अब आपका विरोध-प्रदर्शन बहुत हो गया है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

अब आप लोग 300 पर बोलेंगे, नहीं बोलना है। अगर शान्ति से बोलना है तो बोलिए। अब आप लोग चलिए, मा0 सदस्यगण। हो गया है आपका। मा0 मौर्या जी, बहुत देर हो गयी है, 12.20 हो गया, इतना हो गया, अब तो इसे बन्द कराइये। मा0 सदस्यगण, अब वापस चलें, ये नहीं बोल पा रहे हैं।

(घोर व्यवधान के मध्य)

बसपा द्वारा सदन में किये जा रहे विरोध पर संसदीय कार्य मंत्री की टिप्पणी

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मा0 अध्यक्ष जी, पिछले 5 बरसों में, बसपा सरकार में लुटेरों, डकैतों, हत्यारों की जो हिम्मत बढ़ी हुई थी, उसे टूटने में थोड़ा समय लगेगा, उन लुटेरों को पकड़ने में, उन डकैतों को पकड़ने में, उन हत्यारों को, उन बलात्कारियों को पकड़ने में थोड़ा समय लग रहा है। 5 सालों में इन लुटेरों की, डकैतों की जो हिम्मतें बढ़ गई हैं, वो 5 दिन में खत्म नहीं हो पायेंगी। हमें मेहनत करनी पड़ रही है। ये सारी टीम जिसकी शिकायत बसपा कर रही है, ये सारे इन्हीं के [x x x] मान्यवर, इन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश को लूटकर खा लिया है। मासूम लड़कियों की लाशें थानों के दरवाजों पर टांग दी थीं इन्होंने, जेलों में मार दिया इन्होंने। मान्यवर, इनसे बड़ा डकैत, इनसे बड़ा लुटेरा कोई नहीं था। वो डकैत, वो लुटेरे अभी सुधरे नहीं हैं, सारे पकड़े नहीं गये हैं, भागे हुए हैं, अपराध कर रहे हैं। उन्हें हम तलाश कर रहे हैं और जल्द ही उन्हें पकड़ कर जेलों में भेजेंगे तब ये विरोध नहीं करेंगे।

(12.28 बजे) उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-3 सन् 2012)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-3 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

(12. 28½ बजे) छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (अध्यादेश संख्या-4 सन् 2012)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से छत्रपति शाहू जी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (अध्यादेश संख्या-4 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

(सदन में लगातार घोर व्यवधान बना रहा)

नोट :-[x x x] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।
† छापा नहीं गया।

(12.29 बजे) उत्तर प्रदेश नागर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-5 सन् 2012)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-5 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

(12. 29½ बजे) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-6 सन् 2012)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-6 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (निरसन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-7 सन् 2012)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (निरसन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-7 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-8 सन् 2012) †

लोक निर्माण, सिंचाई मंत्री (श्री शिवपाल सिंह यादव)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-8 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

(सदन के फ्लोर पर खड़े सदस्य लगातार नारे लगाते रहे जिससे सदन में व्यवधान बना रहा)

(12.30 बजे) उत्तर प्रदेश जल प्रबन्धन और नियामक आयोग (निरसन) अध्यादेश सन् 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-9 सन् 2012)†

लोक निर्माण, सिंचाई मंत्री (श्री शिवपाल सिंह यादव)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश जल प्रबन्धन और नियामक आयोग (निरसन) अध्यादेश सन् 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-9 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-10 सन् 2012)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2012 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-10 सन् 2012) को सदन के पटल पर रखता हूं।

भारत के नियत्रंक-महालेखापरीक्षक के वित्त लेखे खण्ड-1 एवं खण्ड-2, वर्ष 2011-2012 तथा विनियोग लेखे वर्ष 2011-2012 उत्तर प्रदेश सरकार††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से भारत के नियत्रंक-महालेखापरीक्षक के वित्त लेखे खण्ड-1 एवं खण्ड-2, वर्ष 2011-2012 उत्तर प्रदेश सरकार को संविधान के अनुच्छेद-151(2) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(वेल में खड़े बहुजन समाज पार्टी के सदस्यों द्वारा लगातार की जा रही नारेबाजी के कारण घोर व्यवधान के मध्य)

(12.31 बजे) लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश के वर्ष 2010 के वार्षिक प्रतिवेदन (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश के वर्ष 2010 के वार्षिक प्रतिवेदन (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) को उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा-12 की उपधारा (7) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश के वर्ष 2011 के वार्षिक प्रतिवेदन (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित)†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश के वर्ष 2011 के वार्षिक प्रतिवेदन (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) को उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा-12 की उपधारा (7) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश के विशेष प्रतिवेदन संख्या-01-2011 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित)†

बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा मंत्री (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश के विशेष प्रतिवेदन संख्या-01-2011 (स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित) को उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 की धारा-12 की उपधारा (7) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (कार्य-संचालन) नियमावली, 2004 प्रथम संशोधन-1, 2012††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनायी गयी ''उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (कार्य-संचालन) नियमावली, 2004 प्रथम संशोधन-1, 2012'' को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-182 के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

---

†† छापे नहीं गये।

† छापा नहीं गया।

(12.32 बजे) उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (वितरण टैरिफ के अवधारण के लिए निबन्धन और शर्तें) विनियमावली, संशोधन-3, 2012††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनायी गयी ''उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (वितरण टैरिफ के अवधारण के लिए निबन्धन और शर्तें) विनियमावली, संशोधन-3, 2012'' को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-182 के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-564/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश-(78)-2012,दिनांक 30 जून, 2012††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त कर निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-564/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश(78)-2012, दिनांक 30 जून, 2012 को उ0 प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा-4 की उपधारा (5) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-855/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-30-2007-आदेश-(80)-2012, दिनांक 30 अगस्त, 2012††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-855/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-30-2007-आदेश-(80)-2012, दिनांक 30 अगस्त, 2012 को उ0 प्र0 स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2007 की धारा-4 की उपधारा (10) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-869/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश-(81)-2012, दिनांक 30 अगस्त, 2012††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-869/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश-(81)-2012, दिनांक 30 अगस्त, 2012 को उ0 प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा-4 की उपधारा (5) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-899/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश- (83)-2012, दिनांक 7 सितम्बर, 2012††

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-899/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश-(83)-2012, दिनांक

7 सितम्बर, 2012 को उ0 प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा-4 की उपधारा (5) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1070/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश- (84)-2012, दिनांक 10 अक्टूबर, 2012†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1070/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-5-2008-आदेश- (84)-2012, दिनांक 10 अक्टूबर, 2012 को उ0 प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा-4 की उपधारा (5) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1071/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-30-2007-आदेश- (85)-2012, दिनांक 10 अक्टूबर, 2012†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-क0नि0-2-1071/ग्यारह-9(1)/08-उ0प्र0अधि0-30-2007-आदेश-(85)-2012, दिनांक 10 अक्टूबर, 2012 को उ0 प्र0 माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 2007 की धारा-4 की उपधारा (10) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

उ0 प्र0 राज्य जैव विविधता बोर्ड लखनऊ की वार्षिक रिपोर्ट 2011-12†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड लखनऊ की वार्षिक रिपोर्ट 2011-12 को उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता नियमावली, 2010 के नियम-19(3) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

(12.35 बजे) श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2011

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2011 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 10 अगस्त, 2011 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 अगस्त, 2011 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 06 मार्च, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2012 का उत्तर प्रदेश का पहला अधिनियम बन गया।

'द ग्लोकल यूनिवर्सिटी' उत्तर प्रदेश विधेयक, 2011

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि 'द ग्लोकल यूनिवर्सिटी' उत्तर प्रदेश विधेयक, 2011 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 09 अगस्त, 2011 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 10 अगस्त, 2011 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 06 मार्च, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2012 का उत्तर प्रदेश का दूसरा अधिनियम बन गया।

शोभित विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2011

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि शोभित विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश विधेयक, 2011 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 10 अगस्त, 2011 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 11 अगस्त, 2011 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 06 मार्च, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2012 का उत्तर प्रदेश का तीसरा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक, 2012

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक, 2012 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 18 जून, 2012 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से सिफारिश सहित दिनांक 27 जून, 2012 को वापस प्राप्त हुआ था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा की गयी सिफारिश को उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 जून, 2012 के उपवेशन में स्वीकार नहीं किया तथा जैसा उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित हुआ, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 06 जुलाई, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2012 का उत्तर प्रदेश का चौथा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2012

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2012 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 03 जुलाई, 2012 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 03 जुलाई, 2012 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 06 जुलाई, 2012 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2012 का उत्तर प्रदेश का पांचवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद सं0-26 एवं 27 में कुछ नहीं है।

फ्लोर पर खड़े मा0 सदस्य कृपया स्थान ग्रहण कर लें।

(घोर व्यवधान)

(12.38 बजे) कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण विषयक प्रस्ताव की सिफारिशें

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 21 नवम्बर, 2012 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 23 नवम्बर, 2012 से दिनांक 30 नवम्बर, 2012 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :-

1-दिनांक 23 नवम्बर, 2012 को निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचना ली जायें एवं प्रश्नकाल न हो तथा शून्य प्रहर अर्थात् नियम-51, 56, 300, 301 एवं 311 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायें।

2-दिनांक 26 नवम्बर, 2012 को अनुपूरक अनुदानों के प्रस्तुतीकरण के तुरन्त बाद प्रश्नकाल लिया जाए।

3-दिनांक 26 नवम्बर, 2012 को पूर्व निर्धारित असरकारी दिवस अब दिनांक 29 नवम्बर, 2012 को विधायी कार्य के बाद लिया जाय (आधा दिन दिनांक 30 नवम्बर, 2012 के स्थान पर)।

4-दिनांक 27 नवम्बर, 2012 को भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा तथा उसके बाद विशिष्ट महानुभाव के निधन के निर्देश लिये जायं।

5-दिनांक 23 नवम्बर, 2012 से दिनांक 30 नवम्बर, 2012 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :-

<u>नवम्बर, 2012</u>

23 शुक्रवार	निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनायें।
24 शनिवार 25 रविवार	बैठक नहीं होगी।
26 सोमवार	1-11.00 बजे पूर्वाह्न वित्तीय वर्ष 2012-2013 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण। 2-11.05 बजे पूर्वाह्न प्रश्नकाल। 3-औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हों। 4-अन्य कार्य, यदि कोई हो।

<u>नवम्बर, 2012</u>

27 मंगलवार	1-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनाएं।
	2-वित्तीय वर्ष 2012-2013 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा, विचार एवं मतदान तथा तत्संबंधी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।
28 बुधवार	गुरुनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा का अवकाश--बैठक नहीं होगी।
29 गुरुवार	1-विधायी कार्य।
	2-असरकारी दिवस आधा दिन दिनांक 30 नवम्बर, 2012 के स्थान पर।
30 शुक्रवार	विधायी कार्य।

(घोर व्यवधान के मध्य)

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से यह प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिशों जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव जो माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(वेल में आये हुए मा0 सदस्यों में से राष्ट्रीय लोक दल के एक माननीय सदस्य श्री वीरपाल राठी द्वारा रिपोर्टर टेबिल पर चढ़कर बैनर दिखाने लगे)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री मोहम्मद आजम खां-

माननीय सदस्य मेज पर खड़े हैं, गन्ने की कीमत बढ़ाना चाहते हैं, विकास की बात है, अच्छी बात है।

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्य, आपसे मेरा आग्रह है कि मेज से उतर जाएं, अब मेज पर न चढ़ें। बहुत हो गया, अब आप लोग नारा लगा चुके हैं, अब आप लोग अपनी सीट पर जाकर अपनी बात कहें। मद संख्या-29 में कुछ नहीं है।

(12.42 बजे) उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (निरसन) विधेयक, 2012†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (निरसन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (निरसन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाए ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (निरसन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करता हूं।

(12.43 बजे) छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, (संशोधन) विधेयक, 2012†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाए ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करता हूं।

(12.44 बजे) उत्तर प्रदेश नागर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 2012†

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश नागर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाए ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री मोहम्मद आजम खां-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्थानीय स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करता हूं।

---

† दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ठ में छपा है।

(12.45 बजे) डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद तथा छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सभा में कार्य करने के लिये विधान सभा के पांच-पांच सदस्यों के नर्वाचन का प्रस्ताव

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से यह प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन, जिस प्रकार तथा जिस तिथि को मा0 अध्यक्ष महोदय आदेश दे, डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद तथा छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सभा में कार्य करने के लिये उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 जैसा कि वह उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा पुनः अधिनियमित और संशोधित हुआ है, की धारा-22 की उपधारा (1) के वर्ग 7 की मद (XV) के अनुसार प्रत्येक के वास्ते विधान सभा के पांच-पांच सदस्यों का निर्वाचन करें।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन, जिस प्रकार तथा जिस तिथि को मा0 अध्यक्ष महोदय आदेश दे, डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद तथा छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सभा में कार्य करने के लिये उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 जैसा कि वह उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा पुनः अधिनियमित और संशोधित हुआ है, की धारा-22 की उपधारा (1) के वर्ग 7 की मद (XV) के अनुसार प्रत्येक के वास्ते विधान सभा के पांच-पांच सदस्यों का निर्वाचन करें ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(घोर व्यवधान)

(घोर व्यवधान के मध्य)

(12.46 बजे) डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सभा में कार्य करने के लिए विधान सभा के पांच-पांच सदस्यों के निवार्चन कराने के स्थान पर मा0 अध्यक्ष, विधान सभा के नाम निर्देशन करने के लिए प्राधिकृत किये जाने का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी इस सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे ?

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं विधान सभा में 26 नवम्बर, 2012 को निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं। ''यह सदन डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानुपर की सभा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 जैसा कि वह उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा पुनः अधिनियमित और संशोधित हुआ है, की धारा-22 की उपधारा (1) के वर्ग 7 की मद (xv) के अनुसार प्रत्येक के लिए, विधान सभा के पांच-पांच सदस्यों का निर्वाचन कराये जाने का प्रस्ताव, जो इस माननीय सदन में दिनांक 26 नवम्बर, 2012 को स्वीकृत

हुआ है, के सम्बन्ध में यह सदन सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुए, जहां तक वे निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं, उक्त विश्वविद्यालयों की सभा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए, पांच-पांच सदस्यों का निर्वाचन कराने के स्थान पर माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को विधान सभा के सदस्यों का नाम निर्देशन करने के लिए तथा उसके बाद उपर्युक्त विश्वविद्यालयों की सभा में आकस्मिक रिक्तियों की, यदि कोई हों, पूर्ति के लिए यथासम्यक सदस्यों को नाम निर्देशित करने के लिए भी प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त विश्वविद्यालयों की सभा में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत निर्वाचित समझे जाएंगे।''

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि ''यह सदन डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सभा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 जैसा कि वह उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 द्वारा पुनः अधिनियमित और संशोधित हुआ है, की धारा-22 की उपधारा (1) के वर्ग 7 की मद (xv) के अनुसार प्रत्येक के लिए, विधान सभा के पांच-पांच सदस्यों का निर्वाचन कराये जाने का प्रस्ताव, जो इस माननीय सदन में दिनांक 26 नवम्बर, 2012 को स्वीकृत हुआ है, के सम्बन्ध में यह सदन सम्बन्धित नियमों के उपबन्धों को उस सीमा तक निलम्बित करते हुए, जहां तक वे निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित हैं, उक्त विश्वविद्यालयों की सभा में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए, पांच-पांच सदस्यों का निर्वाचन कराने के स्थान पर माननीय अध्यक्ष, विधान सभा को विधान सभा के सदस्यों का नाम निर्देशन करने के लिए तथा उसके बाद उपर्युक्त विश्वविद्यालयों की सभा में आकस्मिक रिक्तियों की, यदि कोई हों, पूर्ति के लिए यथासमय सदस्यों को नाम निर्देशित करने के लिए भी प्राधिकृत करता है और यह निश्चय करता है कि इस प्रकार नाम-निर्देशित सदस्य उक्त विश्वविद्यालयों की सभा में सम्बन्धित नियमों की अपेक्षानुसार विधिवत निर्वाचित समझे जाएंगे।''

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री अध्यक्ष-

माननीय मौर्य जी अब आप अपनी कानून व्यवस्था के बारे में कोई बात करेंगे।

(12.48 बजे) वेल में उपस्थित सदस्य अपने-अपने आसन पर जायं। आपका विषय आ गया है। अब आप अपने नेता को बोलने भी नहीं देंगे।

बसपा द्वारा सदन में किये जा रहे विरोध पर संसदीय कार्य मंत्री की टिप्पणी (क्रमागत)

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

माननीय अध्यक्ष जी यह बसपा के सदस्य इसीलिए परेशान हैं कि इनके चोर डकैत पकड़े जा रहे हैं। यह उन्हें बचाने के लिए कोशिश में लगे हैं। एक नहीं छोड़ा जाएगा यह जितने हत्यारे, बलात्कारी, डकैत हैं सब पकड़े जाएंगे। पांच साल में इनकी बहुत हिम्मतें बढ़ गई हैं यह सूखे हुए थे इनके बड़े बड़े पेट निकल आए हैं।

श्री अध्यक्ष-

कुल पांच (घोर व्यवधान)

(सदन की वेल में आये हुए सदस्य नारे लगाते रहे)

माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से निवेदन है कि बसपा सरकार के जो मंत्री भगोड़े घोषित कर दिये गये हैं और भागे हुए हैं वह या तो सरेण्डर करें या जवाब दें यहां सदन में। बसपा सरकार के जो भगोड़े मंत्री हैं जिन पर मुकदमें कायम हैं ये उनको बचाना चाहते हैं। उन भगोड़े मंत्रियों के बारे में भी कुछ बतायें, बसपा दीदी बताये कि जो मंत्री भगोड़े हैं और पुलिस उनके घरों पर नोटिस चस्पा कर चुकी है उन्हें कहां से ढूंढ कर लायें। अब उन्हें ढूंढते हैं तो ये यहां यह करते हैं।

(घोर व्यवधान)

(12.50 बजे) नियम-56 के अन्तर्गत नियम-311 की परिवर्तित एवं चयनित कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 26 नवम्बर, 2012 को नियम-311 के अन्तर्गत 05 सूचनायें प्राप्त हुईं जिन्हें अग्राह्य कर दिया गया है। इस प्रकार नियम-56 में कुल 17 सूचनाएं प्राप्त हुई, जिनमें शलाका के आधार पर निम्नलिखित सूचनाएं चयनित की गयी है। प्रथम 2 सूचनाओं को ग्राह्यता हेतु सुना जायेगा। शेष सूचनाओं पर शासन का ध्यान आकृष्ट किया जायेगा। पहली सूचना नम्बर एक- श्री प्रदीप माथुर, श्री प्रमोद तिवारी, श्री अजय कपूर, श्री अजय कुमार 'लल्लू', श्रीमती रूबी प्रसाद, श्री संजय कपूर, श्रीमती उमाकान्ती सिंह, श्री दलजीत सिंह, श्री विजय कुमार दूबे, श्रीमती माधुरी वर्मा, श्री प्रदीप चौधरी, श्री संजय प्रताप जायसवाल, श्री राधेश्याम, कुंवर कौशल सिंह, श्री गजराज सिंह, श्री पंकज कुमार मलिक, श्री दिलनवाज खान, श्री ललितेशपति त्रिपाठी, श्री गयादीन अनुरागी, श्री मुकेश श्रीवास्तव, श्री मो0 मुस्लिम, प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, श्री विवेक कुमार सिंह, श्री अखिलेश प्रताप सिंह, श्री वंशी सिंह पहाड़िया, नम्बर 2-श्री बब्बन चौहान, श्री राजनारायण बुधौलिया, श्री वेदराम भाटी, श्री चन्द्र भान सिंह पटेल, श्री लोकेश दीक्षित, सुरेश बंसल, श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भइया, लल्लू सिंह, श्री चन्द्र भान सिंह, शमशेर बहादुर नम्बर-3, डा0 लक्ष्मी कान्त बाजपेयी, नम्बर-4 श्री हुकुम सिंह, श्री सतीश महाना, डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल, श्री मुकुट बिहारी वर्मा, श्री कलराज मिश्रा, श्री लोकेन्द्र सिंह, डा0 संगीत सिंह सोम, श्री रामचन्द्र यादव, श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल, श्री उपेन्द्र तिवारी, श्री सलिल विश्नोई, श्री सत्यदेव पचौरी, श्री सुरेश कुमार खन्ना, श्री बावन सिंह की प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में।

(घोर व्यवधान)

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर इसमें मुझे कुछ कहना है जो बसपा सरकार के जो मंत्री हैं, भगोड़े घोषित किये गये हैं, उनके घरों पर नोटिस चस्पा कर दिये गये हैं। सम्भावना इस बात की है कि उत्तर प्रदेश में जो कानून व्यवस्था खराब करने की कोशिश की जा रही है जैसे मथुरा है, अलीगढ़ है, गाजियाबाद का मसूरी है, फैजाबाद है यहां इनके अपराधी तत्व सक्रिय हो गये हैं तो जब तक ये भगोड़े नहीं पकड़े जायेंगे उस वक्त तक इन चीजों पर अंकुश लगाने में समय लग रहा है तो यह आश्वस्त करना चाहते हैं हम सदन को कि इस तरह के तमाम अपराधी जो बसपा सरकार में बहुत ताकत पर गये थे और

जो भगोड़े हैं हाथ नहीं आये हैं, उन्हें जल्द ही पुलिस अपनी गिरफ्त में लेकर जेल के सीखचों के पीछे भेजेगी।

श्री अध्यक्ष-

दूसरी सूचना, श्री हुकुम सिंह, श्री सतीश महाना, डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल, श्री मुकुट बिहारी वर्मा, श्री कलराज मिश्रा, श्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री लोकेन्द्र सिंह, डा0 संगीत सिंह सोम, श्री राम चन्द्र यादव, श्री अगयश राम सरन वर्मा और श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल की चीनी मिलों द्वारा गन्ना पेराई का सत्र समय से आरम्भ न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में, तीसरी सूचना ठा0 दलवीर सिंह एवं श्री भगवती प्रसाद की प्रदेश में माननीय उच्च न्यायालय के अवैध खनन के सम्बन्ध में दिये गये आदेश से प्रदेश में ईट भट्ठों पर पड़ रहे प्रभाव से उत्पन्न स्थिति के संबंध में है।

निम्न लिखित माननीय सदस्यों की सूचनायें चयनित नहीं हुई, अतः अस्वीकृत हुई। पहली श्री सुरेश बंसल,, दूसरी श्री सुरेश कुमार खन्ना, तीसरी श्री धर्मपाल सिंह, चौथी डा0 धर्मपाल सिंह, पांचवी श्री पूरन प्रकाश, छठी श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप, सातवीं श्री अगयश राम सरन वर्मा की नियम-311 में प्राप्त आठवीं श्री प्रमोद तिवारी, नवी श्री इन्द्रजीत सरोज, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री रामहेत भारती, श्री रमेशचन्द बिन्द, श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भइया, श्री जासमीर अंसारी, दसवीं ठा0 दलवीर सिंह, श्री भगवती प्रसाद, श्री पूरन प्रकाश, श्री त्रिलोकी राम, श्री वीरपाल राठी, श्री तेजपाल सिंह, श्री सुदेश शर्मा, ग्यारहवीं सूचना श्री अगयश राम सरन वर्मा की।

प्रथम सूचना कानून व्यवस्था पर है, माननीय मौर्या जी आप बोलियेगा।

(बेल में आये हुए सदस्यों द्वारा लगातार नारे लगाते रहने पर घोर व्यवधान)

(घोर व्यवधान)

अब हो गया आप लोगों का, अब चलिये, मौर्या जी को बोलने नहीं देंगे।

अभी आपसे ज्यादा वह बोलेंगे, आप कितना बोल पाते हैं उनके मुकाबले।

(सदन में घोर व्यवधान के मध्य)

(सदन के फ्लोर पर खड़े बहुजन समाज पार्टी के सदस्य नारे लगाते रहे और नारे लिखे बैनर दिखाते रहे)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग अपने आसन पर वापस जायें।

(श्री अध्यक्ष के अनुरोध पर नेता विरोधी दल भी स्वामी प्रसाद मौर्य के प्रयास से बहुजन समाज पार्टी के वेल में आये सदस्य अपने-अपने आसनों पर वापस चले गये)

चौ0 दलवीर सिंह-

मान्यवर, गन्ना मिलें नहीं चल रही हैं। माननीय मुख्य मंत्री जी हाउस में बैठे हुए हैं उनका जवाब आ जाये मान्यवर। मैं प्रार्थना करूंगा कि सदन की सारी कार्यवाही स्थगित करते हुए गन्ने के विषय पर विचार विमर्श हो जाये। गन्ने का रेट बढ़ा दिया जाये।

नेता विरोधी दल (श्री स्वामी प्रसाद मौर्य)-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने कानून-व्यवस्था के विषय पर हमारे द्वारा दी गयी सूचना को, नियम-56 और नियम-311 की सूचना को एक साथ करते हुए, बोलने का अवसर प्रदान किया।

(12.58 बजे) कानून-व्यवस्था विषयक कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना पर पहले बोलने हेतु व्यवस्था का प्रश्न

श्री हुकुम सिंह-

मान्यवर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

(श्री प्रदीप माथुर व अन्य सदस्य भी बोलने के लिए खड़े हो गये)

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

आपका क्या व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, आपने मेरा नाम बुलाया है और मुझे बोलने का मौका दिया है। मैं बोल भी रहा हूं तो इस तरह से बीच में कहां से व्यवस्था का प्रश्न और औचित्य का प्रश्न उपस्थित हो रहा है।

श्री अध्यक्ष-

अब व्यवस्था का प्रश्न आ गया है, तो उन्हें सुन लेने दें।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, [xxx] जब आपने मुझे एक बार बोलने का मौका दे दिया है तो इस तरह से बीच में अड़ंगा क्यों लगाया जा रहा है। मैं आपके हर आदेश का पालन करता हूं और आपकी अनुमति मिलने पर ही बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं तो फिर यह व्यवस्था का प्रश्न कहां से पैदा हो रहा है।

(इस बीच श्री हुकुम सिंह और उनके दल के सदस्य सदन के फ्लोर पर आ गये और नारे लिखे पोस्टर दिखाने लगे)

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, आज इस सरकार में पूरे उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ रही हैं। हत्याओं और अपराधों की घटनायें बढ़ रही हैं। पूरे प्रदेश की जनता आज कानून व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति से त्रस्त हो गये है।

(श्री सतीश महाना सदन के फ्लोर पर खड़े होकर कहने लगे कि श्रीमन् जब हमारी बात नहीं सुनी जायेगी तो फिर इनकी भी नहीं सुनी जायेगी। ऐसे नहीं चलेगा।)

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, आज कानून व्यवस्था की रोज धज्जियां उड़ रही हैं।

नोटः-[xxx] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

श्री अध्यक्ष-

मा0 मोर्या जी कृपया मुझे सुन लें। इसमें नियम-56 में जो सूचना आयी हैं, उसमें कांग्रेस दल की पहले नम्बर पर सूचना है। फिर दूसरे नम्बर पर श्री बब्बन चौहान, श्री राज नारायण बुधौलिया व अन्य की हैं। तीसरे नम्बर पर डा0 लक्ष्मी कांत बाजपेयी जी की हैं। चौथे नम्बर पर श्री हुकुम सिंह जी की है। अगली सूचना श्री ठा0 दलबीर सिंह जी व अन्य की है। अब वहां से व्यवस्था का प्रश्न उपस्थित हो रहा हैं तो उस पर सुनना तो होगा।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य-

मान्यवर, मैं पहले से बोल रहा हूं मुझे अपनी बात पूरी कर लेने दें मान्यवर, [x x x]।

श्री अध्यक्ष-

इसमें उनका व्यवस्था का प्रश्न है। कांग्रेस की पहले नम्बर पर है। अब आप लोग राय कर लें कि पहले कौन बोलेगा इस पर।

(भारतीय जनता पार्टी के वेल में आये हुए मा0 सदस्य ''बढ़ा हुआ गन्ना मूल्य'' सरकार द्वारा घोषित किये जाने की मांग करने लगे)

(घोर व्यवधान)

अरे मौर्या जी, आप कानून व्यवस्था पर कुछ कहना नहीं चाहते हैं। न विपक्ष कुछ कहना चाहता है। आप लोग अपनी बात न कह करके केवल शोर मचा रहे हैं। आपके पास कुछ है ही नहीं कहने को।

(इसी मध्य भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के माननीय सदस्यगण सदन के फलोर पर खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाते रहे)

श्री अध्यक्ष-

आप लोग अगर नहीं चलने देना चाहते हैं तो बतायें । काहे क्यों हम समय बर्बाद करें । हम अपना काम खत्म करके चलते हैं।

(लोक दल के सदस्य श्री वीरपाल राठी धरने पर बैठ गए)

(घोर व्यवधान के मध्य ही साध्वी निरंजन ज्योति, सुश्री सावित्री वाई फूले तथा श्रीमती कृष्णा पासवान द्वारा अध्यक्ष पीठ की ओर बढ़ने पर महिला सुरक्षा रक्षकों द्वारा बलपूर्वक रोका गया)

माननीय सदस्यगण आप लोग अपने स्थान पर जायं। अरे सोम जी, अपनी टेबुल पर जायं। महाना जी आप इतने बड़े नेता रहे है, आप बैठिये, इनका तो चलने दीजिये। अरे बाजपेई जी, आप लोग सुन रहे हैं। मैं सदन को 10 मिनट के लिये स्थगित करता हूं ।

(घोर व्यवधान के कारण श्री अध्यक्ष ने 01 बजकर 02 मिनट पर सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी। 01 बजकर 12 मिनट पर सदन की कार्यवाही श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुयी।)

(श्री अध्यक्ष के पीठासीन होते ही सदन के फलोर पर बैठे बसपा तथा राष्ट्रीय लोकदल के सदस्य खड़े होकर नारे लगाने लगे जिससे घोर व्यवधान उत्पन्न हो गया)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री अध्यक्ष-

